विकासवान ज्ञान के प्रतिरूप वेद-उपनिषद् को समस्त ज्ञान का अन्त कहना सबसे बड़ा अज्ञान होगा। ऐसी चेष्टा अवश्य निरादर का कारण बनेगी। परन्तु इसी कारण जो कुछ उपलब्ध है वह अविचारणीय नहीं बनता। आज के कोष का लाभ इसी में है कि उससे और अधिक लाभ अर्जित किया जाये। यह तभी सम्भव है जब कोष का ज्ञान हो। जो इस भारतीय कोष से अवगत हैं, चाहे वे जिस देश के हों, वे इसका आदर करते हैं, क्योंकि भारतीय साहित्य प्रारम्भ से सारे संसार के लिए, सारे संसार के कल्याण के लिए, लिखा गया है। इसीलिए वह विश्वस्तरीय है, विश्ववन्दय है।

भारतीय साहित्य की यह प्रतिष्ठा स्वतः उसके भावी स्वरूप की प्रेरणा होनी चाहिये, भावी रचनाओं के लिए पथप्रदर्शक जो सात स्थापनाएँ वेदोक्तियों के आधार पर ऊपर प्रतिपादित की गयी हैं वे शास्वत हैं, सदा उनके सामने रहने योग्य हैं जो लिखते हैं, और प्रकाशन कार्य करते हैं। इनमें यहाँ उल्लेखनीय है यह दायित्व कि जो भारत में रचा जाये उसे सारे संसार में फैलाना भी एक प्राथमिक दायित्व है। प्रारम्भ से भारत में इसके महत्व को माना गया है, और यह दायित्व निरन्तर रहने वाला है।

इसमें यह निहित है कि वही संसार में फैल सकेगा जो सारे संसार का ध्यान और आदर आकृष्ट करने में समर्थ होगा। अतएव साहित्य इस स्तर का रचा जाना चाहिए। प्रश्न यह उठता है कि क्या ऐसा साहित्य केवल अतीतकाल में लिखा गया? भारत विद्या का अर्थ ही भारत का अतीत कालीन साहित्य हो गया है। इस प्रश्न का उत्तर अपने में जहाँ चुनौती है, वहाँ साथ-साथ इस बात की व्यवस्था भी अपेक्षित करता है कि जो कुछ भारत के किसी भी भाग में, लिखा जाता है उसे निरन्तर सामने लाने की व्यवस्था होनी चाहिये। सबमें से श्रेष्ठ तभी निकलेगा जब सब कुछ सामने आयेगा। और श्रेष्ठ चयन की यह प्रक्रिया स्वयंमेव श्रेष्ठतर रचना को प्रेरणा प्रदान करेगी।

साहित्य का ह्रास इस कारण भी होता है कि उसके लक्ष्य ओछे हो जाते हैं। उपयोग और विस्तार सीमित होने पर कुण्ठा आ घेर लेती है, छोटे और ओछे स्वार्थ सिर उठाने लगते हैं। इनका निराकरण और भी नीचे जाकर किसी भी प्रकार काम चलाना नहीं हो सकता, क्योंकि नीचे जाने की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक सीमा होती है, जिसके बाद मिटने के सिवा कोई विकल्प नहीं रहता। उठने और आगे बढ़ने की कोई सीमा नहीं होती, इसी से जीवन और विस्तार प्राप्त होता है, जो कुछ किया जाता है उसका आनन्द अनुभव होता है, सारे संसार को प्रसन्नता मिलती है और प्रतिउत्तर में वह प्रतिष्ठा प्रदान करता है। इस क्रम का हमारे प्रारम्भिक साहित्य रचनाकारों को अवश्य आभास होगा, तभी उन्होंने प्राथमिक उद्देश्य रखा विश्व भर के लिए, प्राथमिक दायित्व निर्धारित किया—"अपनी रचना को विश्व भर में फैलाओ।"

नहीं कहा जा सकता कि कहाँ तक इन दूरगामी फलितार्थों को सामने रखकर भारत में विश्व पुस्तक मेलों के आयोजन का आरम्भ हुआ, न यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि अब भी आयोजकों के मन में ये व्यापक उद्देश्य स्पष्ट हैं। पुस्तकें व्यापार का साधन बन गयी हैं, और आदान-प्रदान आर्थिक लाभ से बांध दिया गया है। इस पर आशंका प्रकट करने पर कहा यही जायेगा कि अर्थ लाभ ही इस प्रकार के आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य हुआ करता है, सारे संसार में ऐसे कार्यक्रम इसी उद्देश्य से आयोजित होते हैं, और बातें सर्वथा गोण हैं।

इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस मान्यता के कारण ही भारत में होने वाले पुस्तक मेले मुख्यत: विदेशी पुस्तकों के बाजार बन गये हैं, यह प्रश्न उठने लगा है कि हम अपना इतना श्रम और व्यय अधिकांश में विदेशी हितों के लिए कर रहे हैं। इनसे देश-हित की साधना नहीं हुई तो इनके उद्देश्य और स्वरूप पर फिर से विचार करना होगा।

यहाँ देशहित में उस सीमा तक विश्वहित समाहित है जितना हमारी परम्परा में प्रतिपादित है। परन्तु हित चाहे देश का हो चाहे विश्व का, होना उसे होगा भारतीय साहित्य के माध्यम से। भारत विदेशी साहित्य का विरोधी नहीं है, साहित्य की कोई भौगोलिक सीमाएं हुआ भी नहीं करतीं। और जब हम अपने साहित्य के सारे ससार में पहुँचने की अपेक्षा करते हैं तो किसी देश के साहित्य के लिए अपने देश के द्वार बन्द नहीं कर सकते। लेकिन पनपने के तत्व हमें विशेषत: भारतीय साहित्य को उपलब्ध कराने होंगे और आधुनिक भारतीय साहित्य को उसकी परम्परा से जोड़े रखना होगा। आज का साहित्य वेदों के समय से चली आ रही परम्परा की परिणति है—इस नाते को जोड़कर ही हम अपना. अपने साहित्य का अपने देश का और सारे संसार का हित कर सकते हैं।

व्यापकता और सफलता के लिए स्वायत्तता

इस विशेषांक के लिए विदेशों में होने वाले पुस्तक मेलों, पुस्तक प्रदर्शनियों और पुस्तक समारोहों के जो आधुनिकतम विवरण प्राप्त हुए हैं उनसे यह बात स्पष्ट होती है कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन सारे संसार में पुस्तक उद्योग स्वयं करता है : तब कहीं सरकार तरह तरह की सहायता देती है, विकसित से विकसित देशों में, जैमे कनाडा सरकार लन्दन पुस्तक मेले में जाने वालों को यात्रा-व्यय देती है, परन्तु सरकार स्वयं या सरकारी प्रतिष्ठान ऐसे आयोजन नहीं करते।

यहां प्रश्न उठेगा कि भारत का नेशनल बुक ट्रस्ट इस परिभाषा में कहां आता है। जो जानते हैं वे मानते हैं कि अपने वर्तमान रूप में यह सरकारी प्रतिष्ठान के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अतएव इससे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सन्तोष नहीं किया जा सकता कि भारत में विश्व पुस्तक मेले और राष्ट्रीय पुस्तक मेले नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित हो रहे हैं।

अवश्य पूछा जा सकता है कि यदि ट्रस्ट यह काम नहीं करे तो कौन इनका आयोजन करेगा, यदि ट्रस्ट यह दायित्व नहीं लेता तो क्या इनका आयोजन भारत में सम्भव होता ? प्रारम्भिक परिस्थितियों को बहुत बखाने बिना, उस समय ट्रस्ट सम्बन्धी परिकल्पनाओं और मान्यताओं का विश्लेषण किये बिना, यह मानना होगा कि अब तक इस दिशा में, जैसा भी किया, ट्रस्ट ने आरम्भिक उपादेय और सराहनीय कार्य किया है।

आगे यदि यह कार्य ट्रस्ट के हाथ में रहना है तो ट्रस्ट का रूप बदलना होगा। ट्रस्ट का अर्थ ही यह है कि वह उनके हाथ में रहे जिनको उसे लाभ देना है। यह नहीं कि वह सरकार की कठपुतली बना रहे। ट्रस्ट अपने उद्देश्यों की पूर्ति में मुख्यत; अपने वर्तमान रूप के कारण सफल नहीं हो पा रहा। ट्रस्ट का भावी रूप उनके सोचने की बात है जिन्होंने उसे बनाया, और जो उसे चला रहे हैं। जो उनमें नहीं हैं वे भी आलिप्त हैं, क्योंकि ट्रस्ट भारतीय है, भारत के हित के लिए उसे कार्य करना चाहिये। परन्तु वर्तमान सन्दर्भ में यह बात गौण पड़ जाती है।

पुस्तकों सम्बन्धी समस्त आयोजन उनके द्वारा आयोजित होने चाहिये जो पुस्तकें प्रस्तुत करते हैं। संसार के दूसरे भागों में हो रहे ऐसे आयोजनों में दो अन्तर लाने की यहां प्रस्तावना है : (१) लेखकों को और सक्रिय रूप से इनमें योगदान करना चाहिये। आखिर तो ये पुस्तकों के समारोह हैं, उनके रचनाकारों का हित और दायित्व स्पष्ट है, उनके सहयोग से ही इनका सांस्कृतिक स्वरूप निभा सकता है। (२) पुस्तकों से सम्बद्ध और जो व्यापार तथा उद्योग हैं उनको भी ऐसे आयोजनों में समाविष्ट किया जाना चाहिये, जैसे कागज और छपाई की मशीनें बनाने वाले, स्याही और जिल्द आदि का सामान बनाने वाले, आदि। इस वर्ग के लोगों का आर्थिक लाभ मुख्यतः पुस्तकों पर निर्भर है, तब पुस्तकों के प्रोत्साहन पर होने वाले आर्थिक भार को उन्हें आगे होकर उठाना चाहिये। अपनी सामग्री सामने लाने से उन्हें जो लाभ होगा, यह तो है ही। उनका जो सम्बन्ध प्रकाशन व्यवसाय से है वह भी इस तरह प्रकट और स्पष्ट होगा। बैंक, बीमा कम्पनियाँ, भारवाहक संस्थान आदि और भी बहुत तत्व सहयोग कर सकते हैं।

अगला प्रश्न यह उठेगा कि कौन इन आयोजनों को हाथ में प्रकाशकों के दो फेडरेशन हैं, एक हिन्दी प्रकाशक संघ, अनेक विशिष्ट विषयों के एवं सीमित क्षेत्रों के संगठन तथा बहुसंख्यक राजकीय प्रतिष्ठान जो नितान्त रूप से प्रकाशन-कार्य करते हैं। कदाचित इनका एक अलग संगठन बनाना होगा जो मुख्यतः पुस्तकों के प्रोत्साहन में लगा रहे—इसमें आयेंगे विश्व स्तरीय मेलों से लेकर, जो चाहे भारत में हों चाहे भारत के बाहर, गावों तक में होने वाले पुस्तक मेले। इस श्रृंखला में ऐसे अनेक आयोजन हैं जो अभी नहीं होते, लेकिन इनमें अपार सम्भावनाएँ हैं। दूसरे भी अनेक उपाय उपादेय हो सकते हैं।

सरकार को, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को, मुक्त हस्त से इस प्रकार के संगठन की सहायता करनी होगी। उन्हें समझना होगा कि अतीत, वर्तमान और आगत का स्वरूप पुस्तकों में ही प्रतिबिम्बित होता है, पुस्तकों का प्रोत्साहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कार्यक्रम है। सरकार ने इस दिशा में जो कुछ किया है वह पर्याप्त नहीं है, लेकिन इससे उसकी सदाशयता अवश्य प्रकट होती है। इसे व्यापक बनाने की बात है, और इसे सरकारी तन्त्र के बन्धनों और कुंठाओं से मुक्त करने की बात है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह तभी होगा जब पुस्तक निर्माण और व्यापार में लगे लोग स्वयं आत्म-निर्भर संगठन बनायेंगे। एक बार ऐसा संगठन बन जाये तो सभी की सहायता स्वयं आने लगेगी। काम खुद इतना बढ़ जायेगा कि वह स्वतः सगठन को गति और गन्तव्य और आर्थिक आधार देने लगेगा। व्यापारी ऐसे व्यापार चलाने की भी सामर्थ्य रखते हैं। इसका प्रभाव उन्हें देना होगा।

पुस्तक उद्योग ऐसे आयोजन अपने हाथ में लेगा तभी इन्हें भरपूर सफलता और व्यापकता प्राप्त होगी।

वैचारिकी

कई मेले एक साथ हों

इस बार लन्दन और फ्रेंकफर्ट के पुस्तक मेलों की तिथियां बहुत ही पास-पास थीं। प्रश्न यह उठाया गया कि तिथियों का निकटस्थ निर्धारण उचित था या अनुचित—दोनों पक्ष सामने आये।

ब्रिटेन के कुछ प्रमुख प्रकाशक अपने देश का मेला छोड़कर फ्रेंकफर्ट चले गये, उनसे न मिल पाने की निराशा और नाराजी उनके मन में थी जो दूर-दूर से लन्दन पहुँचे थे। ऐसे अनेक प्रकाशक हैं जो लन्दन पहुँचते हैं, फ्रेंकफर्ट नहीं जाते।

जो दोनों पुस्तक मेलों में शामिल होते हैं उनका कहना था कि दोनों मेलों की तिथियां दूर दूर कर दी गयीं तो लन्दन पहुँचना मुश्किल हो जायेगा।

सब मिलाकर दोनों मेलों की तिथियाँ पास-पास ही बनाये रखने के पक्ष में वातावरण अधिक अनुकूल मालूम दिया। अगले वर्ष के लिए इसी तरह तिथियां रखने का निश्चय किया।

हमारा देश बहुत बड़ा है, भाषा जनित विविधता से परिपूर्ण है। यहां केवल मात्र दिल्ली में आयोजन होने से उसका लाभ समस्त देश को नही मिल सकता।

विश्व पुस्तक मेले बार-बार दिल्ली में हुए हैं, और होने भी चाहिये। दिल्ली केन्द्र में ही नहीं है, देश की राजधानी भी है। वहां पहुँचना अधिक स्वाभाविक लगता है, पहुँचने वाले के कई और काम भी निभा जाते हैं। और दिल्ली स्वयं में प्रमुख प्रकाशन केन्द्र हो गया है। विश्व पुस्तक मेला मुख्यतः दिल्ली में ही होना चाहिये।

लेकिन साथ साथ पांच-पांच दिन के पुस्तक मेले कलकत्ता, मद्रास और बम्बई में भी होने चाहिये, इस प्रकार के भाग लेने वाला एक के बाद एक करके सभी में पहुँच सके। दो-दो दिन का अन्तर इन मेलों में हो सकता है। लगभग महीन भर का कार्यक्रम यह बन जायगा।

दो वर्ष में एक बार एक महीने का समय निकालकर बहुत से विदेशी प्रकाशक आना चाहेंगे। भारत के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी भागों में पुस्तकों के प्रति चाव उत्तरी भारत से अधिक है। उन्हें धीरे-धीरे यह परिश्रम लाभकारी लगने लगेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

यह बोझ नेशनल बुक ट्रस्ट के लिए बहुत हो जायेगा, कदाचित् अनेक भारतीय प्रकाशक भी एक महीने के लिए अपने यहां स बाहर रहना मुश्किल मानें। कोई प्रकाशक लगातार दस दिन दिल्ली में भी नहीं रहा करता........आवश्यकता होगी तो प्रबन्ध होगा ही और नेशनल बुक ट्रस्ट भी एक बार कार्यक्रम बनने पर उसे पूरा करने की क्षमता अवश्य विकसित करेगा।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुख्य बात यह है कि विश्व स्तरीय आयोजन स्वतन्त्र तिथियों पर देश के चारों केन्द्रों में एक बार भी नहीं हो सकते। दो साल में एक बार चारों का एक साथ कार्यक्रम बने तो कदाचित् यह राष्ट्रीय पुस्तक समारोह का स्वरूप ले सकता है।

सरकार को पहल करनी होगी। एक मेले से दूसरे में पहुँचने में यातायात की रियायती दरें ही नहीं, पूरी की पूरी विशेष रेलगाड़ियां चलानी होंगी। सब जगह आयोजकों को आर्थिक सहायता देनी होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि हर स्थान पर अच्छी बिक्री हो, इसमें सक्रिय सहायता करनी होगी। यह सहायता कई तरह से की जा सकती है।

प्रश्न हर पहलू से विचारणीय है।

पुस्तकों को नगरों से निकालो

पुस्तक मेले, सभी देशों में, प्रमुख नगरों में होते हैं,—मुख्यतः राजधानियों में अतएव दिल्ली में पुस्तक मेलों का बहुत होना अस्वाभाविक नहीं है।

परन्तु दिल्ली के पुस्तक मेलों का अब तक रूप यह रहा है कि उनमें प्रमुखता अंग्रेजी के प्रकाशनों को ही मिल पाती है, इनमें भी विदेशों में प्रकाशित पुस्तकों को। कई बार लगने लगता है कि इतना राष्ट्रीय परिश्रम, संगठन, साधन और व्यय किसके लिए हो रहा है। यह क्या राष्ट्रीय हित में हैं? अंग्रेजी के और विदेशों के प्रकाशनों को प्रोत्साहन प्राप्त होने से राष्ट्रीय चरित्र पर, अंतत, प्रतिकूल प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा। और साहित्य के इस प्रकार नगरीय पाठकों के प्रति लक्ष्याभिमुख होने से उनका अपना रूप भी बंधा बंधा रहेगा।

परन्तु पुस्तक व्यवसाय के कार्यकलाप प्रधानतः लाभार्जन की धुरी पर घूमा करते हैं—ऐसा समस्त "स्वतन्त्र" विश्व में हो रहा है। लेकिन, विश्व के उन देशों में न विदेशी भाषा की पुस्तकों को, न विदेशों के प्रकाशनों को, इस तरह की प्रमुखता मिली हुई है। विदेशी भाषा के और विदेशी प्रकाशन हम में हीनता विकसित कर रहे हैं।

इस स्थिति का उत्तर यही है कि भारतीय भाषाओं के प्रकाशन अपने में समान रूप से लाभकारी हों। हो सकते हैं, क्योंकि भारतीय भाषाओं के पाठक अंग्रेजों के पाठकों से कहीं अधिक हैं। परन्तु यह संख्या सीधा प्रभाव नही डाल पाती, कई पेचीदगियां बीच में आ जाती हैं, और सब कुछ भारत में भारतीय भाषाओं के पक्ष में होते हुए भी विशेषता और प्रतिष्ठा अंग्रेजी को ही प्राप्त है।

जिन उपायों से इस स्थिति में अन्तर लाया जा सकता है उनमें प्रमुख है भारतीय भाषाओं की पुस्तकों का सीधे पाठकों के पास पहुँचाया जाना।

इसके साधन के रूप में बने हैं फुटकर विक्रेता, विज्ञापन और डाक से डिलीवरी। ये साधन स्वल्प हैं, मंहगे हैं। जब शहरों में पुस्तकों के प्रोत्साहन के लिए बड़े बड़े पुस्तक समारोहों की आवश्यकता पड़ती है तो कस्बों और गांवों के लिए यह और भी आवश्यक है।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० मदन गोपाल शर्मा के नए प्रकाशन

लेखक ने तथ्यानुसन्धान एवं नव-व्याख्या के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योग-दान दिया है।

—डा. सत्येन्द्र

प्रवुद्ध चिन्तक
एवं
रस-सिद्ध
कवि
डॉ. मदनगोपाल शर्मा
की
अभिनव सशक्त
कृतियाँ

अभिव्यक्ति एवं विवेचना-शक्ति
का
ऐसा स्वर्ण-गंध संयोग
विरल है।

डॉ. सरनामसिंह 'अरुण'

एक शोध-ग्रंथ
एवं
तीन
काव्य-संकलन

1980 ई० 40·00

1979 ई० 25·00



1979 ई० 30·00



1980 ई० 35·00

चम्पालाल रांका एण्ड कम्पनी

किताब महल, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रन्थागार, जयपुर का

ऐतिहासिक संदर्भों का विशद् परिचय-ग्रंथ

राजस्थान में स्वतन्त्रता-संग्राम के सेनानी

लेखक व सम्पादक

सुमनेश जोशी

मूल्य : ७५·००

ग्रंथ पाँच खण्डों में विभक्त

राजस्थान के अग्रगण्य ६१७ स्वातंत्र्य सेनानियों का वर्गीकरण

- ☐ स्वतन्त्रता संग्राम के जनक
- ☐ स्वतन्त्रता संग्राम के अमर शहीद
- ☐ लोक जागरण के अग्रदूत
- ☐ स्वतन्त्रता संग्राम के सूत्रधार
- ☐ स्वतन्त्रता के सन्देशवाहक
- ☐ सत्याग्रही और स्वातंत्र्य सैनिक

प्रत्येक पुस्तकालय के लिये संग्रहणीय

चेतना प्रकाशन, जयपुर का

राजस्थानी में समाजवादी साहित्य

सुना ! छप रहा है ! राजस्थानी में !

मैक्सियम गोर्की का उपन्यास— माँ 25·00

राजस्थान में अन्य अनुदित रचनाएँ

जूलियस फूचिक/लक्ष्मीकुमारी चूड़ावत सूली रा सूया माथे	5·00
लक्ष्मीकुमारी चूड़ावत—लेनिन री जीवणी	6·00
स्तेपानोवा—कार्ल मार्क्स री जीवणी	10·00
—फ़ैडरिक एग्गेल्स री जीवणी	6·00
द्रोविझोव—लेनिन राज रा परधान	10·00
लेनिन—छांटवां रचनावां	25 00
मार्क्स : एग्गेल्स—कम्युनिस्ट पार्टी रो ऐलान नामो	3·00
लेनिन—गाँवां के गरीवां सूं	3·00
,, जनतांत्रिक क्रांति माँ सामाजिक जनवाद री दोय कार्यनीतियां	5·00
,, बामपंथी कम्युनिज्म : एक टाबरपणा रो मर्ज	5·00
,, राज अर क्रांति	5·00
,, सर्वहारा क्रांति अर दगाखोर काउत्सकी	5.00
,, मजूरां रो नियंत्रण अर उद्योगां रो राष्ट्रीयकरण	6.00
,, पैरिस कम्यून	6·00
,, राष्ट्रीय नीति अर सर्वहारा अन्तर्राष्ट्रीयतावाद रा सवाल	12·00
फ़ैडरिक एग्गेल्स काल्पनिक अर वैज्ञानिक समाजवाद	6·00
ई० बेश्चेरेव्निख मिनख होवणा रो रहस्य	8·00
लेनिन—लेनिन अर रूसी क्रांति	12·00

इन पुस्तकों व सभी प्रकार की राजस्थानी पुस्तकों के लिए आदेश दीजिए :
सम्पर्क कीजिए : सेवा लीजिए :

चम्पालाल रांका एण्ड कम्पनी

किताब महल, चौड़ा रास्ता, जयपुर-३ फोन : ७५२४१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० स्वर्णलता की तीन नई पुस्तकें

"यह लेखिका हवा में उड़ने वाली अनुभवहीन महिला नहीं हैं, बल्कि सुपत्नी, सुमाता के साथ ही सुसंस्कृता और सुअध्यापिका भी रही हैं।"

हरिभाऊ उपाध्याय



नव दम्पतियों के लिए भेंट योग्य अनूठी पुस्तक। 12·00



संगीत, नृशास्त्र, समाजशास्त्र आदि की दृष्टि ये महत्त्वपूर्ण लोक-साहित्य पर गवेषणापूर्ण निबन्धों का संकलन।

20·00 भूमिका —डॉ० सत्येन्द्र



"हिन्दी में धर्म जैसे विषय पर ऐसी सरल और सुबोध पुस्तक लिखकर लेखिका ने समाज की महती सेवा की है।"

15·00 —शंकरसहाय सक्सेना

चम्पालाल रांका एण्ड कम्पनी

किताब महल, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003

फोन : 75241

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भोजपुरी अंचल के विवाह गीत

[गीत भोजपुरी में : पुस्तक अंग्रेजी में, भावानुवाद हिन्दी में]

Marriage Songs

From Bhojpuri Region

by

Dr. Chandramani Singh

An excellent collection of Bhojpuri songs, well translated well-analysed and equally well-printed. Hope, the book will serve as inspiration and more such anthologis from other parts of the country will be produced before such folk songs are lost in the oblivion of the fast changing Indian society.'

—V. P. Duwevidi

(Journal of Indian Museums Vol. xxxiv)

"Artlessely beautiful" they are in the real sense."

—Acharya Hazari Prasad Dewevidi

"....the traditions, customs and beliefs of Indian's hoary past are enshrined in these songs."

—Dr. D. H. Koppar

"These charming songs have never before been rendered in the English language."

—Dr. Krishnadeva Upadhyaya

18 × 23/4
- Text Profusely Illustrated
- Full Cloth Bound
- Rs. 150.00

Champa Lal Ranka & Co.

Dhamani Market, Chaura Rasta

Jaipur-302003 : Phone 75241

मनोहर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित

डा० मनोहरसिंह राणावत द्वारा सम्पादित

मुंशी देवीप्रसाद रचित

ऐतिहासिक चरित्रमाला

अथवा

सोलहवीं सदी में राजस्थान

प्रसिद्ध इतिहास ग्रंथ जिसमें मेवाड़, आम्बेर, बीकानेर और मारवाड़ के कई धीरवीर राजाओं की जीवनियाँ विद्वतापूर्ण टिप्पणियों के साथ लिखी गई हैं।

पेच १६४ : मूल्य 25.00

पठनीय ! संग्रहणीय !!

आधुनिक राजस्थानी साहित्य का परिचायक और पर्यालोचक अभिनव समीक्षा-ग्रंथ :

आधुनिक राजस्थानी साहित्य प्रेरणा-स्रोत और प्रवृत्तियाँ

ले० डा० किरण नाहटा

- सम्यक् सर्वेक्षण
- सन्तुलित मूल्यांकन
- विशद् विवेचन
- विगत सात दशकों (1900-1972 ई०) में सृजित राजस्थानी साहित्य के विकास-क्रम का स्थायी आलेख
- राजस्थानी साहित्य की समस्त विधाओं एवं प्रवृत्तियों का स्तरीय अध्ययन

चम्पालाल रांका एण्ड कम्पनी

किताब महल, चौड़ा रास्ता, जयपुर-3

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्व पुस्तक मेला

—दीनानाथ मल्होत्रा

साधारण व्यक्ति में शिक्षा की वृद्धि के साथ-साथ आज पुस्तकों के प्रचार-प्रसार में भी तीव्रता आई है। एक समय था जब किसी पुस्तक की कुछ सौ प्रतियाँ भी शीघ्र नहीं बिक पाती थीं जबकि आज हजारों की संख्या में पुस्तकें छपती-बिकती हैं और इसी से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पुस्तकों के प्रति लोगों का मोह किस तेजी से बढ़ा है।

पुस्तकों के प्रचार-प्रसार के अनेक साधन हैं पर आज जो सर्वाधिक विकसित साधन माना जा सकता है, वह है पुस्तकों की प्रदर्शनी या पुस्तक मेला। आज विश्व में विभिन्न स्थलों पर पुस्तक मेलों का आयोजन सिर्फ इसी दृष्टिकोण से किया जाता है। कुछ वर्षों से भारत में भी इस तरह के मेलों का आयोजन होने लगा है और निश्चित रूप से पुस्तक व्यवसाय के साथ ही पाठक समूह भी इससे लाभान्वित हुआ है।

हमें इस बात को गंभीरना से सोचना होगा कि किसी भी पुस्तक-मेला की उपयोगिता अधिक से अधिक क्या हो सकती है? पाठकों के हित में इन मेलों को किस तरह आयोजित किया जा सकता है या दूर-दराज के देशों के बीच राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्रचार-प्रसार किस तरह हो सकता है? हिन्दी पुस्तकों और हिन्दी के लेखकों की जानकारी गैर-हिन्दी भाषी किस तरह प्राप्त कर सकते हैं?

जहाँ तक हिन्दी भाषा के साहित्य के प्रचार-प्रसार का प्रश्न है, ये मेले ज्यादा उपयोगी तभी सिद्ध हो सकते हैं अगर हम दो-चार बातों पर विशेष रूप से ध्यान दें। जैसे—किसी भी मेले में, जो भारत में कहीं भी आयोजित होता है, 'हिन्दी मण्डप' विशेष रूप से स्थापित किया जाय और इनमें हिन्दी के उत्कृष्ट साहित्य को प्रदर्शित किया जाय। हिन्दी का क्षेत्र चूँकि काफी बड़ा है और इस कारण प्रकाशन क्षेत्र भी काफी फैला हुआ है। उस स्थिति में 'हिन्दी मण्डप' के माध्यम से पूरे देश में प्रकाशित श्रेष्ठ साहित्य को एक जगह एकत्र कर, पाठक को उनसे परिचित कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दूसरे देशों या प्रदेशों से हिन्दी के जिज्ञासु व्यक्ति अगर मेले में आते हैं तो उनके लिए इस तरह का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयोजन विशेष रूप से लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इस बार मेले में भारतीय भाषा मण्डप तैयार हो रहा है जिसमें सभी भारतीय भाषाओं की पुस्तकें प्रदर्शित होंगी।

हिन्दी पुस्तकों के प्रचार-प्रसार के लिए जो दूसरा महत्वपूर्ण काम हम कर सकते हैं, वह है हिन्दी की श्रेष्ठ कृतियों तथा लेखकों की सूची हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में तैयार करके उन्हें वितरित किया जाय ताकि गैर हिन्दी भाषी व्यक्तियों को उचित ढंग से पुस्तकों की जानकारी प्राप्त हो सके। यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है और साथ ही उपयोगी भी। विदेशी में जो पुस्तक मेले आयोजित किए जाते हैं, उनमें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि मेले में आए व्यक्तियों को उनकी भाषा में ही पुस्तकों और लेखकों की जानकारी दी जाय। जैसे विश्व का सबसे प्रसिद्ध पुस्तक मेला 'फ्रैंकफर्ट बुक फेयर' है। वहाँ यूरोप तथा विश्व की अन्य भाषाओं की चुनी हुई पुस्तकें प्रदर्शित की जाती हैं। सभी प्रकाशक अपने देश की भाषाओं की विशिष्ट पुस्तकों के नमूने लाते हैं और साथ ही उन पुस्तकों का थोड़ा सा परिचय अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन आदि भाषाओं में उनके साथ लगा देते हैं। इससे यह लाभ होता है कि अन्य देशों के प्रकाशक इन परिचय-पत्रों को पढ़ कर उन पुस्तकों की उपयोगिता जान लेते हैं और उन पुस्तकों के अधिकार लेने के लिए सोच सकते हैं। इस प्रकार फ्रैंकफर्ट देश-विदेश की भाषाओं के प्रकाशनाधिकार लेने-देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मण्डी बन गई है। यहाँ पुस्तकें नहीं बेची जातीं, केवल पुस्तकों के प्रकाशनाधिकार बेचे जाते हैं।

फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले के शुरू होने से कई महीने पहले सभी देशों के प्रकाशक वहाँ प्रदर्शित करने के लिए पुस्तकों के नमूने तैयार करते हैं ताकि अपनी भाषा की पुस्तकों के अधिकार दूसरे देशों में बेचने का प्रयास कर सकें।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (नेशनल बुक ट्रस्ट) पर यह उत्तरदायित्व डाला गया है कि वह भारतीय भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनियाँ व पुस्तक मेले लगाए। इस कार्य को ट्रस्ट प्रति वर्ष अधिकाधिक बढ़ावा दे रहा है। इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भी भारतीय भाषाओं की पुस्तकों को प्रदर्शित करने की जिम्मेदारी ट्रस्ट की है जिसे वह आंशिक रूप से निभा रहा है। यदि हिन्दी के प्रकाशक इसमें अधिक रुचि दिखाएँ तो वे हिन्दी के उत्कृष्ट साहित्य को बाहर के देशों में पहुँचवा सकते हैं। हिन्दी की पुस्तकों की प्रामाणिक जानकारी विदेशों में न पहुँचने के कारण जो भी पुस्तकें प्रकाशकों को मिलती है, उन्हीं को वे अनुपम कृति समझ लेते हैं। मुझे याद है कई वर्ष पहले जर्मन के एक प्रकाशक ने कहा कि उन्हें हिन्दी के एक सर्वोच्च लेखक की पुस्तक मिली है जिसे उन्होंने अपनी भाषा में प्रकाशित किया है। जब मैंने उस लेखक का नाम पूछा तो मुझे बड़ा अचम्भा हुआ क्योंकि तब तक मैंने उस लेखक का नाम नहीं सुना था। ऐसी घटनाओं से यह सिद्ध होता है कि जब तक हिन्दी के प्रकाशक इस ओर कदम नहीं बढ़ाएँगे तब तक गलत चीजें और गलतफहमी वाली बातें होती रहेंगी। हिन्दी के प्रकाशकों को चाहिए कि अधिक से अधिक मात्रा में विश्व पुस्तक मेले में पूरी तैयारी के साथ भाग लें। केवल पुस्तक छाप लेने से हिन्दी भाषा या हिन्दी प्रकाशन का विकास नहीं हो सकता बल्कि उनका ठीक ढंग से प्रचार-प्रसार करना प्रकाशकों का उद्देश्य होना चाहिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक मेलों की आवश्यकता और उपादेयता

—यशपाल जैन

पुस्तक मेलों का उपक्रम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पुस्तकों में किसी भी देश की आशाएँ-आकांक्षाएं, वर्तमान स्थिति, प्रगति, भावी योजनायें आदि-आदि प्रतिबिम्बित होती हैं। पुस्तक मेलों में उनकी झांकी मिल जाती है। इतना ही नहीं, विचार-क्षेत्र में उस देश की गति-विधियाँ क्या हैं, उसका भी अनुमान हो जाता है। एक ही स्थान पर पुस्तकों के प्रदर्शन से पुस्तक-व्यवसाय की धारायें भी सामने आ जाती हैं। इमसे बड़ा लाभ यह होता है कि पुस्तकों को देखकर सामान्य पाठकों की पुस्तकें खरीदने और पढ़ने की रुचि में वृद्धि होती है।

अब तक के विश्व पुस्तक मेलों की भूमिका बहुत ही मूल्यवान रही है। विभिन्न देशों और भारतीय भाषाओं के साहित्य के एक ही स्थान पर सुलभ हो जाने से जहाँ प्रकाशकों को अपने व्यवसाय को समुन्नत करने की प्रेरणा मिली है, वहां पारस्परिक सहयोग की भावना भी बढ़ी है।

किसी भी देश को बड़ा अथवा छोटा बताने में विचारों का बहुत बड़ा हाथ होता है और विचारों की वाहक पुस्तकें होती हैं। विकसित, अर्द्ध विकसित तथा विकासोन्मुख देशों के साहित्य का मिलन एक प्रकार से विभिन्न देशों का मिलन होता है, इस बात को पुस्तक मेलों ने स्पष्ट कर दिया है।

भारत—जैसे देश के लिए, जहाँ पुस्तक खरीद कर पढ़ने की रुचि अभी व्यापक नहीं बन पाई है, पुस्तक मेलों के प्रयोजन और आवश्यकता के विषय में दो मत नहीं हो सकते। जितना सत्साहित्य का प्रणयन प्रसार होगा, उतना ही देश की आत्मा मुखरित होगी और देश को प्रगति करने के लिए नये-नये मार्ग प्रशस्त होंगे।

आवश्यकता इस बात की है कि इन मेलों के आकर्षण को बढ़ाया जाय और उनके माध्यम से जन-जीवन में पुस्तकों की उपादेयता को अधिकाधिक प्रभावशाली ढंग से हृदयंगम कराया जाय।

यह भी आवश्यक है कि पुस्तक-मेलों में विभिन्न क्षेत्रों के पाठकों को आमन्त्रित किया जाय और लेखकों, पाठकों, प्रकाशकों तथा पुस्तक-विक्रेताओं की संगठित संगोष्ठियाँ आयोजित की जायें।

लोकहित की दृष्टि से लोकप्रिय दैनिक तथा साप्ताहिक पत्रों के विशेषांक भी निकलने चाहिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक मेले

—एस० के० भाटिया

चतुर्थ विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली के हाल में आयोजित मेलों की पंक्ति में पाँचवाँ मेला भी है। पहला इण्डिया गेट पर आयोजित किया गया था, दूसरा प्रगति मैदान में, तीसरा और चौथा फिरोजशाह कोटला मैदान में आयोजित किये गये थे। इन मेलों में भारी भीड़ रहती थी जिससे प्रतीत होता है कि पुस्तक प्रेमी जनता इस प्रकार के मेलों का प्रायः आयोजित किया जाना पसन्द करती है। इन्हें आयोजित करने का एक और कारण है वह यह कि आज कोई भी पुस्तक विक्रेता भारतीय तथा आयातित दोनों प्रकार की समस्त पुस्तकों का स्टाक रखने की क्षमता नहीं रखता। इस प्रकार पुस्तक खरीदने वाला एक स्थान से दूसरे स्थान पर एक दुकान से दूसरी दुकान पर जाकर अपनी मन पसन्द पुस्तक लेने के लिए घूम सकता है। पुस्तक विक्रेताओं की भी बहुत सी समस्यायें हैं जैसे सभी पुस्तकों का स्टाक न रख पाने की और ऐसी कोई दुकान न होने की जहाँ सभी प्रकार की पुस्तकें पाठकों के लिए सुलभ हों।

पुस्तक मेले पाठकों को प्रथम तो यह जानने में सहायक होते हैं कि आजकल किस प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित की जा रही हैं। दूसरे, कोई विशिष्ट प्रकाशक किस प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित करता है।

प्रकाशक भी मेलों में नये परिप्रेक्ष्य वाले नाना-प्रकार के खरीदारों के संपर्क में आता है। इन मेलों का प्रभाव अन्य नियमित खुदरा पुस्तक विक्रेताओं पर नहीं पड़ता यद्यपि कभी कभार इस प्रकार की शिकायतें की जाती हैं कि मेलों से बिक्री प्रभावित होती है। पिछले चार मेलों में दस लाख रुपये की पुस्तकें बिकीं जो इसके बिना नहीं बिक सकती थीं। निस्सन्देह, इसमें पुस्तकालयों के लिए बिक्री सम्मिलित नहीं है।

पुस्तक मेले पुस्तकालयाध्यक्षों को अपने पुस्तकालयों में सम्मिलित करने के लिए नवीनतम पुस्तकों की जानकारी का अवसर देते हैं। सहयोगी प्रकाशक जो एक दूसरे से मिलने का समय कदाचित्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
ही निकाल पाते हैं, इसे मिलने और परस्पर विचार विनिमय के लिए अत्यधिक लाभदायक पाते हैं। पुस्तक मेले और अधिक संख्या में आयोजित होने चाहिये, किन्तु अलग नगरों में जिससे जनता में पुस्तकों के लिए रुचि उत्पन्न हो। गतवर्ष का मेला प्रकाशकों के लिए भारी भीड़ से भरा था, जिनके लिए एक साथ चार स्थानों पर व्यवस्था करना बहुत कठिन था। थोड़े समय का अन्तर देकर किये जाने पर ये मेले अधिकाधिक लोगों को आकर्षित करेंगे और पुस्तक विक्रेताओं तथा जनता को घनिष्ठ सम्पर्क में आने का अवसर देंगे।

फैडरेशन आफ इण्डियन पब्लिशर्स दिल्ली के प्रकाशक संघ के साथ मिलकर नवम्बर 1980 में अगला पुस्तक मेला आयोजित करेगा।

'तीसरे विश्व' में भारत अंग्रेजी पुस्तकों का सबसे बड़ा निर्यातकर्ता है—प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख डालर की पुस्तकें भारत से बाहर भेजी जाती हैं।

साथ-साथ भारत विदेशी पुस्तकों का बहुत ही बड़ा आयातकर्त्ता भी है।

पुस्तकों के निर्यात में प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार कई तरह की सहायताएँ देती है।

इस बात की संभावनाएँ निरन्तर बढ़ रही हैं कि इस लाभकारी व्यापार में विदेशी प्रकाशक और विक्रेता और अधिक संख्या में विदेशों से आकार भारत में नेतृत्व और निर्देशन अपने हाथ में करने का प्रयत्न करें।

पुस्तक व्यापार से सम्बन्धी विदेशी संस्थान भारत को अपनी उग्रतम प्रतिद्वन्द्विता की युद्ध भूमि बनाना चाहते हैं।

विश्व पुस्तक मेलों में विदेशी प्रकाशकों की बढ़ती हुई रुचि इसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन है।

भारत में विदेशी पुस्तकों का बड़ी संख्या में मुद्रण इस ओर सहज ही इंगित करता है।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में पुस्तक मेलों का आरम्भ

—श्री के० एस० दुग्गल

पुस्तक मेला सम्भवतः भारत में प्रकाशक समुदाय के लिए सर्वाधिक महत्व की वार्षिक घटना है। इस विचार की कल्पना का श्रेय निश्चित रूप से डा० बी० वी० केसकर को जो वर्षों तक नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे, दिया जाना चाहिये। डा० केसकर दृष्टि सम्पन्न, बुद्धिमान और सुदृढ़ आदर्शवादी व्यक्ति थे। आकाशवाणी प्रसारण में भारत में उनका योगदान अनुपम रहा है। (यद्यपि खेद के साथ कहना पड़ता है कि उसकी उचित सराहना नहीं की गयी) और उनके द्वारा बुक ट्रस्ट की जो सुव्यवस्थित रूप प्रदान किया गया वह उनके पुस्तक प्रेम तथा देश में पुस्तकाभि रुचि उत्पन्न करने की उनकी तीव्र आकांक्षा का जीता जागता प्रमाण है।

डा० बी० वी० केसकर का विश्वास था कि नेशनल बुक ट्रस्ट को अपने साधन स्रोतों का उपयोग अधिकांश में पुस्तक प्रकाशन में करने की अपेक्षा देश की जनता में अधिक से अधिक पुस्तकाभि-रुचि उत्पन्न करने में करना चाहिये। श्री जवाहरलाल नेहरू भी, जिन्होंने नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना की थी, यही चाहते थे। वह जनता के मस्तिष्क को पुस्तकोन्मुख करना चाहते थे और इसके लिए लाखों-लाख लोगों में एक वैज्ञानिक जोश भरना चाहते थे।

नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में डा० केसकर फ्रेंकफर्ट के पुस्तक मेले में गये। उन्हें ब्रिटिश कौन्सिल ने यू० के० की यात्रा पर आमंत्रित किया था। इंगलैण्ड में उन्हें इस पर विचार विमर्श का अवसर मिला कि बुक ट्रस्ट जैसा संगठन जनता की सेवा के लिए कितना उपयोगी हो सकता है। जो सन्देश वह वहां से लाये थे उसमें कहा गया था कि ट्रस्ट को अपनी क्रियात्मकता का अधिकाधिक उपयोग प्रोत्साहन कार्यों में करना चाहिये और प्रकाशन कार्यों में कम से कम ट्रस्ट को इस खाई को भरने का प्रयत्न करना चाहिये। इसे यथासम्भव भारत में निजी क्षेत्र में पूरक प्रकाशन होना चाहिये।

इसी उद्देश्य से जनता के सन्मुख पठन सामग्री के प्रदर्शन के लिए पुस्तक मेले के विचार ने जन्म लिया। इसी कारण क्षेत्रीय प्रदर्शनियों का विचार सामने आया और इसी से प्रेरित होकर ट्रस्ट ने 1972 में विश्व पुस्तक मेले की तैयारी की। दिल्ली में आयाजित विश्व पुस्तक मेले को देखते हुए फ्रेंक-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फर्ट पुस्तक मेले के उस समय के निदेशक डा० स्टौबर्ट ने कहा था "यह दर्शनीय और विश्वसनीय है" यह कहा गया कि यह नेशनल बुक ट्रस्ट के इतिहास में अत्यधिक शानदार है। प्रधान मंत्री श्रीमती गांधी जिन्होंने पहले खेद पूर्वक समयाभाव के कारण मेले का उद्‌घाटन करना अस्वीकृत कर दिया था, स्वयं मेले में पधारीं और काफी समय तक घूम-घूम कर स्टाल देखती रहीं।

मेला ६०,००० वर्ग फुट क्षेत्र में लगाया गया। इसके लिए बम्बई में क्रॉस मैदान चर्च गेट पर जमीन के लिए लिखित रूप से आवेदन किया गया। प्रदर्शनी के मण्डप ने १०,००० वर्ग फुट स्थान घेरा, शेष स्टालों, श्रोता मण्डपों, कार्यालयों आदि के लिए छोड़ दिया गया। एक सौ पचास स्टाल बनाये गये और व्यवसायियों को किराये पर उठा दिये गये।

मेले का मुख्य आकर्षण था विभिन्न भारतीय भाषाओं की जिनमें अंग्रेजी भी सम्मिलित है ८,००० चुनी हुई पुस्तकों का प्रदर्शन जो भारत में जनवरी १९६४ से पूर्व प्रकाशित हुई थीं। इनमें २,४०० हिन्दी का, २,००० अंग्रेजी, ७३५ मराठी, ५७५ गुजराती, ४१० बंगाली और १७८० अन्य भारतीय भाषाओं जैसे—गेलगू, तमिल, मलयालम, असमिया, उर्दू और पंजाबी की थी।

मण्डप का एक भाग अत्यधिक लोकप्रिय चुने हुए बाल साहित्य के प्रदर्शन के लिए सुरक्षित था।

पुस्तक मेले में पुस्तक प्रकाशकों और विक्रेताओं के सम्मेलन के लिए उन्नित अवसर प्रदान किया गया था। जो फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुक सेलर्स एसोसियेशन इन इण्डिया के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

मेले के स्रोत मण्डप में ग्यारह साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के दौरान आयोजित किये गये। प्रत्येक संध्या एक भारती भाषा के लिए अर्पित थी।

सभी दृष्टियों से मेला पूरी तरह सफल रहा था। इसने जनता में पठनाभिरुचि को प्रोत्साहित किया था। समाचार पत्रों, पुस्तक व्यवसायियों और पुस्तक प्रेमियों ने नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेला आयोजित करने के विचार की सराहना की और आशा प्रकट की कि यह ट्रस्ट की नियमित कार्यावली में एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में सम्मिलित किया जायगा। ट्रस्ट को बंगाल के प्रकाशक और विक्रेता संघ का कलकत्ता में अगला पुस्तक मेला आयोजित करने का निमंत्रण भी प्राप्त हुआ।

इस प्रकार राष्ट्रीय पुस्तक मेला नेशनल बुक ट्रस्ट नियमित कार्यावली का अंग बना। मेले दिल्ली, कलकत्ता और मद्रास में लगाये गये जिनकी परिणति १९७२ में जिसे यूनेस्को ने पुस्तक वर्ष घोषित किया था, विश्व पुस्तक मेले में हुई।

तभी से नेशनल बुक ट्रस्ट हर दूसरे वर्ष प्रगति मैदान के प्रदर्शनी कक्ष में विश्व पुस्तक मेले का आयोजन करता आ रहा है। राष्ट्रीय पुस्तक मेला विश्व पुस्तक मेले की भांति हर दूसरे वर्ष लगता किन्तु विश्व पुस्तक मेले के अगले वर्ष जो राज्यों की राजधानियों में आयोजित किया जाता है। वार्षिक मेले की मुख्य प्रदर्शनी में प्रदर्शित पुस्तकें छोटी प्रदर्शनियों में बांटकर देश के विभिन्न भागों में जहां क्षेत्रीय प्रदर्शनियां लगायी जा रही हैं, भेज दी जाती हैं।

पुस्तक प्रदर्शनी के देखने के लिए उमड़ती भीड़ को देखकर इसमें कोई सन्देह नहीं रहता कि नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया के प्रयास सफल रहे हैं। बुक ट्रस्ट देश में जनता में पठनाभिरुचि जगाने में पर्याप्त सहायता दे रहा है और विशेष रूप से उन कस्वों में जहां पुस्तकों की दुकान के अभाव में कभी पुस्तकों के दर्शन नहीं होते थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Office : 265666, 263366, 276162
Resi. : 226633, 227733, 226686

SWASTIC TRADING AGENCY

WHOLESALE PAPER &
BOARD MERCHANTS

Distributors :

- THE ANDHRA PRADESH PAPER MILLS LTD.
- BENGAL PAPER MILL CO. LTD.
- IHDIA PAPER PULP CO LTD.

3984, CHAWRI BAZAR
DELHI-110006

मनोज पॉकेट बुक्स

में **जन्म दिन** और
राजा बाबू

की अपार सफलता के बाद

मनोज

का नया उपन्यास

खिलौना

मनोज के असली उपन्यास केवल मनोज पॉकेट बुक्स दरीबा कलां दिल्ली-६ द्वारा ही प्रकाशित होते हैं। मनोज के नाम से निकलने वाले नकली उपन्यासों से बचने के लिए पुस्तक खरीदने से पहले उस पर मनोज पॉकेट बुक्स अवश्य देखलें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित कतिपय उत्कृष्ट ग्रन्थ

पुस्तक का नाम	लेखक/अनुवादक	मूल्य पुस्तक सं./साधा. स.	
1	2	3	4
विज्ञान			
रसायन विज्ञान			
प्रायोगिक रसायन	रामचरन मेहरोत्रा एवं राजकुमार बंसल	16-00	12-00
समस्थानिक	सत्यनारायण माथुर	1500	
नाइट्रोजन चक्र एवं नाइट्रोजन यौगिकीकरण	ओ. पी. कुलश्रेष्ठ		4-00
विटामिन तथा हॉरमोन	एन. के. माथुर एवं (कु.) ए. के. सौंध	15-50	
उत्कृष्ट गैसें	डी. डी. भटनागर	10-00	8-00
कार्बनिक रसायन	ले. फर्ग्यूसन अनु. यू. एस महनोत एवं के. एस. सुरेश	20-50	
अम्ल एवं क्षारक	रामचरण मेहरोत्रा एवं ए. के. मिश्रा		4-00
हाइड्राइड रसायन	के. के. शर्मा		4-00
विलयनों में उत्क्रमणीय एवं अनुत्क्रमणीय इलेक्ट्रोड-प्रक्रम	आर. सी. कपूर एवं जे. के. जायलवाल		7-25
उच्चस्तरीय गतिक सिद्धान्त	अमरनाथ श्रीवास्तव		7-50
एल्केलॉइड्स	जे. पी. सक्सेना		14-50
गैस विश्लेषण	के. सी. ग्रोवर		3-25
प्रावस्था नियम एवं उसके प्रयोग	वाई. के. गुप्ता	13-50	
संकुलमितीय अनुमापन	सत्यानरायण माथुर		7-50
कैरोटिनाइड्स	के. एल. मेनारिया	14-50	
संश्लेषित रेशे	(कु.) ए. के. सौंध एवं एन. के. माथुर		5-00
समबहुल तथा विषम बहुल अम्ल	आदित्य गोपाल झिंगरन	12-00	8-00

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1	2	3	4
अर्द्ध-सूक्ष्म गुणात्मक विश्लेषण	के. सी. ग्रोवर	10–00	
रेडियोऐक्टिवता	आर. के. मेहता	16–00	
कार्बनिक रसायन के कुछ आधारभूत सिद्धांत (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	सूरेशचन्द्र आमेटा		12–00
कतिपय अभिकर्मकों के कार्बनिक अभिक्रियाओं में उपयोग (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	यू. एस. मनोत		11–00
बृहत् अणु–निर्माण एवं बंटन	पूरणचन्द	18–50	
बलगतिविज्ञान एवं इलेक्ट्रॉन-अन्तरण अभि-क्रियाओं की क्रियाविधियाँ	युगुलकिशोर गुप्ता	17–00	
कार्बनिक अभिक्रियाओं की क्रियाविधियाँ (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	सुरेशचन्द्र आमेटा	28–50	
रमन स्पेक्ट्रॉमिकी (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	महावीरसिंह मुडिया		7–75
परमाणु संरचना	एस. एन. माथुर	13–00	
तापभारमितीय विश्लेषण (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	के. सी. ग्रोवर		4–50
अवेन्जनीय ऐरोमेटिक यौगिक (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	केशरीलाल मेनारिया	12–75	
परॉक्साइड तथा पराक्सी अम्ल	डॉ. के. सी. ग्रोवर		7–00
विलयनों में विद्युत् रसायन	सी. एम. गुप्ता एवं जे. के. गुप्ता	23–50	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1	2	3	4
भौतिक विज्ञान			
गृह भौतिकी	ले. एम. जो. भाटवडेकर	30–00	18–00
ऊष्मागतिकी	ले. सीयर्स अनु. एम. पी. सक्सेना	16–00	
अतिचालकता (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	श्यामलाल काकानी	11–00	
क्वान्टम यान्त्रिकी	ले. एल. आई. शिफ अनु. सीताराम शर्मा	22–00	
लेसर और उसके उपयोग	श्यामलाल काकानी		6–50
भौतिकी की नई दिशाएँ	श्यामलाल काकानी		7–00
तापना भिकीय संलयन उर्जा (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	श्यामलाल काकानी		7–50
आणविक स्पेक्ट्रम और आणविक संरचना, भाग-1 (द्वि परमाणुक अणुओं के स्पेक्ट्रम)	गेरहर्ड हर्जबर्ग अनु. पी. वी. वकोरे एवं धनराज चौधरी	27–75	
आणविक स्पेक्ट्रम और आणविक संरचना, भाग-3 (बहु-परमाणविक अणुओं के इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रम एवं इलेक्ट्रॉनीय संरचना)	गेरहार्ड हर्जबर्ग अनु. एस. पी. टंडन	22–00	
परमाणु स्पेक्ट्रम प्रवेशिका	एच. ई. ह्वाइट अनु. रमाशंकर सिंह	17–50	
परमाणु-ऊर्जा	राजकुमार जैन		10–00
सांख्यिकीय यांत्रिकी	आर. पी. रस्तोगी एवं महेन्द्रलाल श्रीवास्तव		24–00
इलेक्ट्रॉनिकी के मूल सिद्धांत	एम. एल. शिशोदिया	28–00	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1	2	3	4
विशिष्ट सापेक्षता	गौरवप्रदीप श्रीवास्तव एवं शिवयोगी तिवारी	15-00	
बनस्पति विज्ञान			
वनस्पति क्रिया और परिस्थिति-विज्ञान	एच. डी. कुमार एवं ज्ञानप्रकाश बिसारिया	18-00	
भारतीय पादप परिस्थिति विज्ञान	ले. डा. रामदेव मिश्र एवं जी. एस. पुरी अनु. रामदेव मिश्र	1800	
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान, भाग-1	उषा भण्डारी		20-00
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान, भाग-3 (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)	एम. एम. भण्डारी	16-00	
प्रायोगिक पादप शरीर क्रिया विज्ञान	ले. मेयर एण्डरसन अनु. ए. एन. पाराशर		6-75
सूक्ष्म जैविकी एवं लाइकन्स	हरिश्चन्द्र आर्य एवं अश्विनी कुमार	15-00	10-00
पादप परिस्थितिकी और पादप भूगोल के मूल तत्त्व (विज्ञान परिषद इलाहाबाद द्वारा पुरस्कृत)	ब्रजगोपाल	19-00	
संवहनी पादपों की आकारिकी	ले. आर्थर जे. ईम्स अनु. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा	16-00	
प्रायोगिक वनस्पति विज्ञान	ले. मेक्लीन एण्ड कुक अनु. कृष्णचन्द्र शर्मा	26-00	
पादप कार्यिकी, परिस्थितिकी एवं आर्थिक वनस्पति की	डी. एन. सैन		7-50
शैवाल	श्यामसुन्दर पुरोहित	13-00	9-00
कोशिका विज्ञान, ऊतक विज्ञान, पादप शरीर, जैव विकास मेण्डलवाद आदि	आर. के. भारतीया		8-00

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय भाषा मण्डप : भारत दर्शन का सुयोग

—कृष्ण चन्द्र बेरी

'पुस्तकों का ह्रास हो रहा है, शीघ्र ही पुस्तक-संस्कृति का अस्तित्व नहीं रह जायेगा'—आधुनिक प्रचार-साधनों का अध्ययन करने वाले अनेक पश्चिमी विशेषज्ञ भविष्यवाणी करते हैं। इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए, सम्पूर्ण विश्व में पुस्तकों का संदेश पहुँचाने के लिए, विभिन्न प्रयास हो रहे हैं।

भारत में पुस्तक-आन्दोलन के इस अभिनव कार्यक्रम में देश के प्रकाशक संघों का अभूतपूर्व योग है। अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ, फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स एण्ड बुक सेलर्स इन इंडिया तथा फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स देश की तीन प्रमुख प्रकाशन संस्थाएँ हैं। प्रकाशकीय संगठन जहां व्यावसायिक हैं वहीं सामाजिक और साहित्यिक चेतना के प्रेरक भी हैं। इनके अन्तर्गत प्रान्तीय तथा जिला संगठन धीरे-धीरे उभर रहे हैं। पुस्तक प्रदर्शनियों का आन्दोलन इन्हीं संगठनों के माध्यम से विकसित होता जा रहा है। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से पाठक प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली नित्य नूतन कृतियों से परिचित होते हैं। इन संस्थाओं के द्वारा स्वतन्त्रता के बाद देश में लगभग सौ सवा सौ वृहद् पुस्तक प्रदर्शनियाँ लग चुकी हैं।

प्रदर्शनियों के माध्यम से हिन्दी तथा भारतीय भाषाओं की प्रगति पर दृष्टि रखना तथा उन्हें जीवन्त रखना अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ का मुख्य उद्देश्य रहा है। पुस्तक मेलों का आयोजन इसी कार्यक्रम का अंग है। भारतीय पुस्तक उद्योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले एक महत्वपूर्ण घटना का रूप ले चुके हैं। इन मेलों में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के साथ अंग्रेजी पुस्तकों के अद्यतन प्रकाशन प्रदर्शित होते रहते हैं। साथ ही मेले के दिनों में पुस्तक-जगत की विभिन्न समस्याओं पर विचार गोष्ठियाँ तथा कार्यशालाओं (वर्कशाप) का आयोजन भी होता है, जिसमें लेखकों, अनुवादकों, प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं, पुस्तकालयाध्यक्षों और पाठकों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। ये गोष्ठियां पुस्तकों के प्रसार के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय लेती हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राथमिक पूर्वमाध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं हेतु हमारे उपयोगी प्रकाशन

विज्ञान निकाय	लेखक
१. आधुनिक भौतिकी भाग १ व २	डा० बी० आर० प्रधान
२. आधुनिक रसायन शास्त्र भाग १ व २	श्री एम० एल० श्रीवास्तव
३. आधुनिक वनस्पति विज्ञान भाग १ व २	डा० एन० आर० दास
४. आधुनिक जीव विज्ञान भाग १ व २	श्री ईश्वरी प्रसाद तिवारी
गणित निकाय	
१. आधुनिक बीजगणित भाग १ व २	श्री ए० के० अग्रवाल एवं ए० एस० आहूजा
२. आधुनिक निर्देशांक ज्यामिति	,, ,, ,, ,,
३. आधुनिक मेन्स्योरस	,, ,, ,, ,,
४. आधुनिक त्रिकोणमिति	,, ,, ,, ,,
५. आधुनिक अनिवार्य गणित	,, ,, ,, ,,
६. आधुनिक सामान्य विज्ञान	श्री कैप्टन ए० पी० करपाठक एवं बी० डी० शर्मा
कला निकाय	
१. आधुनिक अर्थशास्त्र की रूपरेखा भाग १ व २	श्री हरनाथ शुक्ल एवं एम० एस० परिहार
२. आधुनिक नागरिकशास्त्र भाग १ व २	श्री बी० पी० पांडे एवं एन० पी० गुप्ता
३. आधुनिक भारत का इतिहास आधुनिक विश्व का इतिहास	श्री नाइडू, खिखडकर एवं चौहान
४. आधुनिक भूगोल भाग १ व २	
५. आधुनिक सामाजिक विज्ञान	श्री अश्वनी कुमार झा
वाणिज्य निकाय	
१. बहीखाता लेखा कर्म भाग १ व २	श्री एफ० एम० गोविन्दानी एवं एन० के० शर्मा
२. आधुनिक व्यावहारिक अर्थशास्त्र भाग १ व २	,, ,, ,, ,,
३. आधुनिक वाणिज्य के मूल तत्व भाग १ व २	,, ,, ,, ,,

पूर्व माध्यमिक

१. आधुनिक हिन्दी व्याकरण एवं रचना भाग १, २, व ३
२. माडर्न इंगलिश ग्रामर भाग १, २, व ३
३. न्यू लाइट इन इंगलिश ट्रान्सलेशन भाग १, २, व ३
४. माडर्न ए से एण्ड लैटरराइटिंग भाग १ व २
५. सरल संस्कृत व्याकरण भाग १, २, व ३

प्राथमिक

१. प्राथमिक रचना भाग १, २, ३, ४, व ५
२. आधुनिक बातचीत कहानी अभिनय एवं कविता भाग १, २, ३ ४, व ५
३. अनुपरेखा सुलेखमाला भाग १, २, ३, ४, व ५

प्रकाशक

अनुपम प्रकाशन

बंजारी चौक, रायपुर (मध्य प्रदेश)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देश में इस तरह के पुस्तक आन्दोलन का सूत्रपात करने का श्रेय अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ को है। १७ अप्रैल १९६१ में पटना में हुए प्रकाशक संघ के छठे अधिवेशन के अवसर पर एक बृहद् पुस्तक प्रदर्शनी लगी जिसका उद्घाटन तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री हुमायूं कबीर ने किया। बिहार के तत्कालीन राज्यपाल प्रसिद्ध शिक्षाविद् डा० जाकिर हुसैन ने प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात् कहा कि अब यह कहा जा सकता है कि हिन्दी विश्व भाषा होकर रहेगी। इसी ऐतिहासिक अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें राष्ट्रीय पुस्तक समारोह मनाने का निश्चय हुआ। तदनुसार १९६१ में १४ नवम्बर से २१ नवम्बर तक समूचे देश में राष्ट्रीय पुस्तक समारोह मनाया गया। १४ से २१ नवम्बर, ६१ तक अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा आयोजित देश के प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक समारोह का वाराणसी में उद्घाटन हिन्दी की प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती महादेवी वर्मा ने किया। ७ दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, साप्ताहिक 'हिन्दुस्तान' के सम्पादक श्री बांके बिहारी भटनागर, श्री रामचन्द्र वर्मा आदि ने भाग लिया। बम्बई में इस समारोह का समारम्भ श्री एम० सी० छागला ने किया। इस अवसर पर बम्बई में पुस्तकजगत् की समस्याओं पर एक विचार गोष्ठी हुई। विचार गोष्ठी में भाग लेने वालों में सर्वश्री होमी तेलियार खां, प्रिंसिपल टी० के० टोपे, डेविड अब्राहम, काका साहब कालेलकर, गुलाबदास ब्रोकर, ज्योतीन देव, एन० बी० गाडगिल आदि थे। केरल में इस आयोजन का समारम्भ श्री सी० के० मणि ने किया और आन्ध्र में श्री वी० के० वेंकट राव के सभापतित्व में आयोजन हुए।

मेले ही मेले

नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा पुस्तक मेलों का कार्यक्रम डा० वी० वी० केसकर के ट्रस्ट के चेयरमैन बनने के बाद प्रारम्भ हुआ। प्रारम्भ में ट्रस्ट द्वारा जम्मू कश्मीर, पंजाब, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश (वाराणसी तथा लखनऊ), राजस्थान, मध्य प्रदेश, मैसूर, महाराष्ट्र आदि राज्यों में पुस्तक प्रदर्शनियाँ लगायी गयीं और बाद में पाठकों की पुस्तक-रुचि को दृष्टिगत रख पुस्तक मेले प्रारम्भ किये गये। इन प्रदर्शनियों का उद्घाटन भूतपूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन्, श्री एम० सी० छागला, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री विश्वनाथ दास, काशी नरेश आदि महानुभावों ने किया। पुस्तक प्रदर्शनियों की यह क्रांति रेलों और जहाजों द्वारा भी जनमानस तक पहुँची।

नेशनल बुक ट्रस्ट ने देश में प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक मेला बम्बई के क्रास मैदान चर्च गेट में ५ से १४ नवम्बर, १९६६ को आयोजित किया। वहां पुस्तकों के सम्बन्ध में दो विचार गोष्ठियां हुई—एक ट्रस्ट द्वारा आयोजित तथा दूसरी अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा। गोष्ठियों का विषय था 'पुस्तकें शिक्षा-जगत् की सदेश वाहक' तथा 'राष्ट्रीय हित में पुस्तक का योग'। हिन्दी गोष्ठी का उद्घाटन सुप्रसिद्ध कथाकार श्री अमृतलाल नागर ने किया था। बम्बई मेले के साथ-साथ ५ से १४ नवम्बर तक सारे देश में सप्ताह व्यापी राष्ट्रीय पुस्तक समारोह मनाया गया। वाराणसी, दिल्ली, लखनऊ, प्रयाग, पटना, जबलपुर, जयपुर, जोधपुर आदि प्रमुख स्थान थे, जहाँ इस सप्ताह में प्रदर्शनियां हुई और लाखों लोगों ने इन्हें देखा।

नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा ९ राष्ट्रीय पुस्तक मेले लगाये जा चुके हैं। इनमें तीन बम्बई में, एक-एक कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास, हैदराबाद, अहमदाबाद तथा बंगलौर में। इन मेलों के प्रभावकारी परिणामों की शृंखला में अब स्वतन्त्र रूप से कलकत्ता बुक फेयर, बम्बई बुक फेयर तथा दिल्ली बुक फेयर लगने लगे हैं।

ये राष्ट्रीय पुस्तक मेले पुस्तक प्रेमी लाखों पाठकों का मिलन स्थल बन गये हैं। इन्हें राष्ट्रीय एकता का प्रतीक कहा जाता है। जहां एक ओर देश की भावात्मक एकता इन मेलों में दृष्टिगोचर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारे 1979-80 के विशिष्ट संग्रहणीय प्रकाशन

मानरक्षा (ऐतिहासिक उपन्यास)	शंकरबाम	30.00
गढ़ आया सिंह गया (वीररसपूर्ण किशोर उपन्यास)	" "	10.00
मर्द मराठा " "	" "	12.00
डा० लोहिया जीवन दर्शन	डा० राजेन्द्र मोहन भटनागर	30.00
डा० अम्बेडकर	" " " "	11.00
राजस्थान की वीर रानियां	शिवव्रत लाल	10.00
लोकनायक जीवन दर्शन	डॉ० भगतराम, राधेश्याम शर्मा	18.00
वैज्ञानिक योगासन और स्वास्थ्य	डॉ० सत्यपाल	18.00
ओलिम्पिक	अजय	15.00
साइंस की करामात	ज्ञानचन्द एम०एस०सी०	12.00
देशभक्त शहीदों की गाथाएं	श्री व्यथित हृदय	15.00
धर्मवीर शहीदों की गाथाएं	" " "	8.00
उत्तर भारत की लोक कथाएं	प्रो० श्रीचन्द्र जैन	22.00
मुस्कान-महफिल	जगन्नाथ प्रभाकर	12.00
फिर इस अन्दाज से बहार आई	क्षितीश कुमार वेदालंकार	15.00
अवसरवादी बनो	भरतराम भट्ट	7.00
कालिदास के नाटक	डा० भगवतशरण उपाध्याय	18.00
प्राचीन भारत की कथाएं	डा० मंगलदेव उपाध्याय	9.00
अभिशाप (उपन्यास)	सूरजदेव प्रसाद श्रीवास्तव	16.00
अनोखा सौदा	" " "	20.00
एक अन्तहीन युद्ध (उपन्यास)	डा० राजेन्द्र मोहन भटनागर	30.00
देवलीना (उपन्यास)	" " " "	16.00
अकेला मुसाफिर (उपन्यास)	परमहंस प्रमोद	12.00
अभागिनी ममता (उपन्यास)	सुरेन्द्रसिंह जौहर	15.00
मंगलोदय (उपन्यास)	ब्रजभूषण	16.00
वज्राघात (उपन्याम)	हरिनारायण आप्टे	16.00
अनदेखे चेहरे (शिक्षाप्रद रूपक)	ब्रजभूषण	10.00
दूरदर्शी " "	" "	8.00
एक वृक्ष दस डालियां (किशोर उपन्यास)	राजकुमार अनिल	7.00
छंल और छवों " "	जीवराम जोशी	6.00
भोर की किरण " "	डा० राजेन्द्र मोहन भटनागर	3.50
जहां चाह वहां राह " "	ब्रजभूषण	4.00
सारा जहां हमारा (देशभक्ति)	शंकरबाम	10.00
नन्हे सैनिक (बाल साहित्य)	डा० श्यामसिंह शशि	4.00
आपका बच्चा (अध्यापकों तथा अभिभावकों के लिये)	रामनिरंजन शर्मा ठिमाऊ	5.00
सच्ची कमाई (एकांकी नाटक)	" "	3.00
बालक बने महान (बाल साहित्य)	राजकुमार अनिल	6.00

 किताबघर, गांधी नगर, दिल्ली 110031

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होती है, वहीं देश के विभिन्न भागों से आये प्रकाशकों, लेखकों, पाठकों का यह मेला संगम स्थल प्रतीत होता है।

विश्व पुस्तक मेले

क्षेत्रीय प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय मेलों की सफलता से प्रेरित होकर जनता की मांग पर नेशनल बुक ट्रस्ट ने १९७२ में प्रथम विश्व पुस्तक मेले का समारंभ किया। यह मेला दिल्ली में १८ मई, ७२ को आरम्भ हुआ जिसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी० वी० गिरि ने किया।

प्रथम विश्व पुस्तक मेले की सफलता से देश-विदेश के सभी प्रतिनिधियों ने यह निर्णय लिया कि ऐसे मेले को एशियाई प्रकाशन-जगत् की नियमित घटना बनाना चाहिये, क्योंकि इससे भारत दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्रों को लेकर विश्व प्रकाशनों के प्रदर्शन का एक आदर्श प्रभावकारी मंच बन सकता है।

फलतः दूसरा विश्व पुस्तक मेला दिल्ली के प्रगति मैदान में १६ फरवरी, ७६ को आयोजित हुआ। तत्कालीन शिक्षामंत्री श्री नूरुल हसन ने इसका उद्घाटन किया। इस मेले में भारत सहित १९ देशों के १८६ प्रकाशकों ने भाग लिया। इसी क्रम में तृतीय विश्व पुस्तक मेला ११ फरवरी से २० फरवरी ७८ तक दिल्ली के प्रगति मैदान में तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री बी० बी० जत्ती द्वारा उद्घाटित हुआ। इसमें आथर्स गिल्ड आफ इंडिया तथा भारतीय लेखक सम्मेलन बम्बई ने लेखकों के दो सम्मेलन आयोजित किये। प्रथम का सभापतित्व सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री जैनेन्द्रकुमार ने तथा दूसरे का डा० धर्मवीर भारती ने किया। इसी अवसर पर अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा आयोजित 'हिन्दी प्रकाशकों के नये आयाम' गोष्ठी का उद्घाटन श्री भगवती चरण वर्मा ने किया।

१९८० में चौथा विश्व पुस्तक मेला लग रहा है। विश्व पुस्तक मेले में प्रारम्भ में जहां १०-१२ देशों ने भाग लिया, वहीं अब बढ़ते-बढ़ते इनकी संख्या ४० तक हो गई है।

प्रसन्नता की बात है कि जहां प्रथम विश्व पुस्तक मेले में मात्र १५२ प्रकाशकों ने भाग लिया, वहीं चतुर्थ विश्व पुस्तक मेले में ४०० प्रकाशन संस्थाएं भाग लेने जा रही हैं। जहां प्रथम विश्व पुस्तक मेला ६७९० स्क्वायर मीटर में लगा था, वहीं चतुर्थ विश्व पुस्तक मेला चौगुनी जगह में लग रहा है। मेले में विदेशी प्रकाशकों, सरकारी प्रकाशन गृहों, विश्वविद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, भारतीय भाषाओं तथा भारत में अंग्रेजी प्रकाशन करने वाले प्रकाशकों के पृथक् मंडप होंगे।

भारतीय भाषा मंडप क्यों ?

अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ ने यह अनुभव किया कि हिन्दी तथा भारतीय भाषाएं इन मेलों से लाभान्वित नहीं हो रही हैं और अंग्रेजी देश में छा रही हैं। मेले का सामान्य दर्शक अंग्रेजी पुस्तकों से भरे इन मेलों में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकें चाहते हुए भी नहीं पाता था। अतः १९७८ में संघ की ओर से तृतीय विश्व पुस्तक मेले के अवसर पर हिन्दी मंडप लगाया गया, जिसका बहुत ही स्वागत हुआ। मांग हुई कि संघ हिन्दी के साथ-साथ भारतीय भाषा आन्दोलन को बल दे। भारतीय भाषाओं के संवर्द्धन से हिन्दी अपना उचित स्थान स्वयं ही पा लेगी। फलतः १९८० के चतुर्थ विश्व पुस्तक मेले में भारतीय भाषा मंडप हमारे सामने है। यहां भारतीय साहित्य की विविधता पाठक को देखने को मिलेगी और वह भारत दर्शन का भी अनुभव करेगा। मंडप १९७८ के हिन्दी मंडप से पांच गुना बड़ा होगा और प्रगति मैदान के हाल आफ नेशंस में लगाया जा रहा है। यह हाल मेले का हृदय-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेरोजगारों को रोजगार !!

JOB FOR JOBLESS

प्रतियोगी परीक्षाओं में

- आपकी सफलता का दिशादर्शक।
- आपके व्यक्तित्व को उभारने वाला।
- आपमें आत्मविश्वास जागृत करने वाला।

युवापीढ़ी का एकमात्र हिन्दी मासिक।

प्रतियोगिता दर्पण

हिन्दी मासिक

जिसमें सामान्य ज्ञान, नवीनतम घटनाचक्र, सामान्य लेख, व्यक्तित्व परीक्षण एवं स्वर्णिम भविष्य हेतु उचित परामर्श। जिसका प्रत्येक अंक आपके लिये अत्यधिक उपयोगी साबित होगा।

प्रतियोगिता दर्पण की सामग्री प्रतियोगी परीक्षाओं को पढ़ाने वाले अनुभवी प्राध्यापकों व विविध विषयों के प्रतिष्ठित लेखकों द्वारा तैयार व संकलित की जाती है।

आज ही अपने नगर के पुस्तक विक्रेता/समाचारपत्र विक्रेता से मांगिए अथवा निम्न पते पर हमें लिखिए।

एक प्रति	रु० ३-५०
अर्द्ध वार्षिक	,, १९-५०
वार्षिक	,, ३७-००

प्रतियोगिता दर्पण

२/११ ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-२८२००२

फोन : ६५११०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
स्थल कहा जाता है। इसी मंडप के अन्तर्गत मध्य में हिन्दी मंडप भी रहेगा। हिन्दी मंडप में पहली बार पाठकों को अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष के अवसर पर प्रकाशित बाल-साहित्य, धार्मिक संस्थाओं के प्रकाशन, सन्दर्भ ग्रन्थों का वृहद् संग्रह तथा पुरस्कार प्राप्त ग्रन्थ एक साथ एक जगह देखने को मिलेंगे।

पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री श्री सिद्धार्थशंकर राय ने २५ जनवरी, १९७३ को ५ बजे पाँचवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन किया जो ४ फरवरी तक एकेडेमी ऑफ फाइन आर्ट्स की दीर्घाओं में और निकटस्थ रवीन्द्र सदन के मैदान पर चलता रहा। मेले के आयोजन में नेशनल बुक ट्रस्ट का सहयोग फेडरेशन आफ पब्लिशर्स और वेस्ट बंगाल पब्लिशर्स एसोसियेशन ने किया।

मेले के प्रमुख भाग में जनवरी, ७० के बाद प्रकाशित हुई समस्त भारतीय भाषाओं की पुस्तकों में से चुनी हुई ७ हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। यह प्रदर्शनी, जिसमें बाल साहित्य और अजिल्द पुस्तकों के लिए पृथक् अनुभाग थे, रवीन्द्र सदन में निर्मित एक विशेष पण्डाल में लगाई गईं। देश भर के सभी प्रकाशकों—वितरकों—विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले १२७ संस्थानों ने जिनमें कलकत्ता के प्रायः सभी बंगाली प्रकाशक सम्मिलित थे, अपने-अपने प्रदर्शन एवं बिक्री के स्टाल लगाये और बांगला देश, यू० एस० आई० एस०, जापान और ब्रिटिश कांसल मेले के विदेशी सहयोगियों में थे। १ फरवरी से ४ फरवरी तक पुस्तक बाजार में घटी हुई दरों पर बिकने वाली पुस्तकों की धूम रही।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दर्शन और अध्यात्म प्रेमियों के लिए (शुभसंदेश)

विश्व का सर्वोत्तम दार्शनिक ग्रन्थ

वेद, उपनिषद, गीता के गहनतम दार्शनिक भावों की आधुनिक वैज्ञानिक दार्शनिक भाषा में व्याख्या वर्तमान युग के श्रेष्ठतम योगी श्री अरविन्द द्वारा लिखित **लाइफ डिवाइन** नामक ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद

अनुवादक—केशवदेव आचार्य

दिव्य जीवन

मूल ग्रन्थ में आये रहस्यमय शब्दों और जटिल भावों की सरल हिन्दी में व्याख्या तथा हिन्दी-अंग्रेजी शब्द सूची सहित। भारतीय भाषाओं में अभी तक प्रकाशित अनुवादों में सर्वोत्तम। अपनी अनुपम विशेषता के कारण यह अनुवाद काशी, मेरठ, गोरखपुर, राजस्थान, रांची आदि विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र की स्नातकोत्तर श्रेणियों के लिए पाठ्य पुस्तक रूप में निर्धारित है तथा पी० एच० डी० के निबन्धों के लिए आधार रूप में उपयोग में लाया जाता है।

मूल्य : प्रथम भाग 25.00 द्वितीय भाग खण्ड १ 30.00
" " " २ 35.00

जीवन और चरित्र निर्माण सम्बन्धी तथा विचारों को उन्नत करने वाले कुछ अन्य महत्वपूर्ण ग्रन्थ

कठोपनिषद भाष्य	7.00	सत्य का रहस्य	7.50
गीता विज्ञान	12.50	आत्म समर्पण योग	1.25
गीता नवनीत भाग १	6.00	श्री अरविन्द शब्द कोश	8.00
" " " २	8.00	श्री अरविन्द दर्शन प्रवेशिका	3.00
गीता प्रदीप	4.00	Guide to Sri Aurobind Philosophy	12.00

पूरा सैट एक साथ लेने वालों को विशेष सुविधा

दिव्य जीवन साहित्य प्रकाशन, पांडिचेरी 605002

भारतीय की प्रमुख

पुस्तिक पत्रिका

हिन्दी प्रकाशक

विज्ञापन का

सवल

सफल साधन



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक सप्ताह एवं पुरस्कार

२८ जनवरी से ३ फरवरी तक देश भर में पुस्तक सप्ताह मनाया गया, जिसके लिए इस बार सुनियोजित प्रयास किये गये। विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पुस्तकालयों, एवं अन्य सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रकाशकों एवं पुस्तक वितरकों के सहयोग से कई कार्यक्रम मनाये, जैसे परिचर्चायें, व्याख्यान सेमीनार, पुस्तक प्रदर्शनियाँ आदि। पुस्तक सप्ताह में सभी आयोजनों के शिखर पर कलकत्ता का राष्ट्रीय पुस्तक मेला था। फेडरेशन की ओर से १० प्रतिशत की छूट, पुस्तक सप्ताह के नारे का प्रचार और आकाशवाणी के विशेष कार्यक्रम इस वर्ष भी आयोजित हुए। फेडरेशन ने मेले में प्रकाशकों का सम्मेलन आयोजित किया और अखिल भारतीय प्रकाशक संघ ने "पुस्तक वितरण और प्रकाशन" पर एक सेमीनार आयोजित किया।

पं० बंगाल के राज्यपाल श्री ए० एल० डायस ने ४ फरवरी को आयोजित समारोह में निम्न पुरस्कार वितरित किये :

1. **सर्वोत्तम प्रदर्शन**—प्रथम पुरस्कार ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस और द्वितीय पुरस्कार यू० बी० एस० पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्राप्त हुआ।

२. **पुस्तक शकल्पन**—बंगाली पुस्तक 'मुम्तावेनी" (प्र० ओरियन्ट बुक कं०) को प्रथम पुरस्कार और "बांगला नाये देश" (आनंद पब्लि०) की द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अन्य भाषाओं में यह पुरस्कार "इकेबाना" (मराठी) को प्रथम और हिन्दी प्रचारक संस्थान की हिन्दी पुस्तक 'पुस्तक काव्य कोष" को द्वितीय पुरस्कार मिला।

३. **बाल पुस्तकें**—प्रथम पुरस्कार—चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट की "अज्जानोन्डिगे कालिडा दीनागलु" और द्वितीय पुरस्कार रतन भारती की "स्मार्टी दा यंग रैट" को प्रदान किया गया।

४. **पेपर बैक्स**—प्रथम और द्वितीय पुरस्कार हिन्द पॉकेट बुक्स की क्रमशः "स्थाई इन अम्बेर" और "लिंगरिंग शैडोज" को प्राप्त हुआ।

५. **अंग्रेजी**—प्रथम पुरस्कार—"इस्लाम इन सेकुलर इण्डिया" (इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवान्स स्टडीज प्रकाशन) और द्वितीय पुरस्कार—"भूटान" (टाम्पसन प्रेस) को दिया गया।

पुस्तक वितरण पर सेमीनार

२५ जनवरी से ४ फरवरी, १९७३ तक श्री दीनानाथ मलहोत्रा के तकनीकी निदेशन में एक सेमीनार "मार्केटिंग एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ बुक्स इन इण्डिया" पर आयोजित की गई। सहयोगी निदेशक शिक्षा मंत्रालय के श्री अबुल हसन थे। सेमीनार में इस विषय पर ११ निबंध पढ़े गये, जिस पर उपस्थित ५४ व्यक्तियों ने सजीव चर्चायें कीं। सेमीनार की सिफारिशें ये हैं : (१) पुस्तक वित्त निगम की स्थापना की जाये, (२) बुक पैकेटों पर रियायती डाक दरें लागू हों, और (३) किताबों की दुकानों और पुस्तक विक्रेताओं का महत्व स्वीकार किया जाये।

छठा राष्ट्रीय पुस्तक मेला, बम्बई

३१ जनवरी, १९७४ को शाम ५ बजे महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री अली यावर जंग ने मेला-स्थल के मैदान पर छठे राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्‌घाटन किया। इस मेले के आयोजन के लिए महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री डा० रफीक जकारिया की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई और नेशनल बुक ट्रस्ट, फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स और फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स और महाराष्ट्र पब्लिशर्स एसोसियेशन ने मेले के आयोजन में सक्रिय योग दिया। मेले के अवसर पर जनवरी ७१ के बाद प्रका-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाइब्रेरियों के लिए उत्कृष्ट पुस्तकें

उपन्यास-साहित्य

• तीन श्रेष्ठ वैज्ञानिक उपन्यास	मनहर चौहान	15.00
• तीन श्रेष्ठ ऐतिहासिक उपन्यास	सुशीलकुमार	20.00
• कोई एक घर	मनहर चौहान	10.00
• अरे, ओमप्रकाश !	,,	10.00
• सीमाएँ	,,	18.00
• सूर्य का रक्त	,,	15.00
• सन्तुलन-असन्तुलन	,,	12.00
• रात खो गई	,,	12.00
• रामायण	रूपा० मनहर चौहान	15.00
• रसकपूर	ध्यान माखीजा	8.00
• यवनिका	कुणाल श्रीवास्तव	8.00
• ज्वालामुखी के फूल	सुशील कुमार	10.00
• जल बिच प्यासी	,,	12.00
• पराजित विजेता	,,	8.00

नाटक-साहित्य

• प्रमोशन	विनोद रस्तोगी	10.00
• स्वप्न-दीप	ललित सहगल	8.00
• खून की आवाज	रामकुमार भ्रमर	8.00
• लहू का रंग एक है	राजकुमार अनिल	5.00

कहानी एवं व्यंग्य साहित्य

• अपनी डाली के कांटे (व्यंग्य)	डा० संसार चन्द्र	6.00
• बीस सुबहों के बाद	मनहर चौहान	10.00
• युद्ध की तेरह श्रेष्ठ कहानियां	सं० मनहर चौहान	10.00
• संसार की तेरह श्रेष्ठ कहानियां	सं० गोपाल शेखरन	9.00
• उर्दू की तेरह श्रेष्ठ कहानियां	सं० रमेश गौड़	15.00
• भारत के आदर्श महापुरुष	सं० डा० संसार चन्द्र	17.00
• कथा-यात्रा	सं० रामकुमार भ्रमर	9.00

आलोचना एवं सत्-साहित्य

• छन्दोऽलंकार प्रदीप	डा० संसार चन्द्र	25.00
• विनोद रस्तोगी का नाट्य-साहित्य	डा० राजेन्द्रमोहन भटनागर	20.00
• स्वाधीनता संग्राम और हरियाणा	देवीशंकर प्रभाकर	25.00
• तुलसी-काव्य-मणि	डा० नरेन्द्र कुमार शर्मा	11.00

उमेश प्रकाशन

5, नाथ मार्केट, नई सड़क, दिल्ली—6

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किशोरों के लिए उपयोगी पुस्तकें

किशोर-उपन्यास-माला

अर्थात्

सचित्र एवं रोचक ऐतिहासिक लघु-उपन्यासों की अत्यन्त उपयोगी सीरीज

यह उपन्यास-माला विश्व के पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक और अनेकों दूसरे गौरवशाली चरित्रों, महत्वपूर्ण ग्रंथों तथा विभिन्न अन्य रोचक विषयों पर अत्यन्त सरल भाषा में सुरुचिपूर्ण ढंग से तैयार की गई है। इस सीरिज की सभी पुस्तकें केवल किशोरों के लिए ही नहीं, बल्कि देश की रक्षा के लिए नियुक्त जवानों, अहिन्दी, भाषा-भाषियों और नवसाक्षरों के लिए भी समान रूप से उपयोगी हैं।

वीर पुरुषों की जीवनियों पर आधारित लघु-उपन्यास

हल्दी घाटी	मनहर चौहान	6.00	चन्द्रशेखर आजाद	सुरेन्द्र जोशी	5.00
जय भवानी	,,	6.00	आचार्य चाणक्य	सुशील कुमार	6.00
अभिमन्यु	कुणाल श्रीवास्तव	5.00	महाकवि कालिदास	,,	6.00
महाराणा राजसिंह	,,	5.00	सीता	,,	7.00
परशुराम	,,	5.00	स्वामी दयानन्द	विवेक	5.00
महाबली इन्द्र	सुशील कुमार	7.00	देवता हार गए	देशराजसिंह भाटी	5.00
चक्रवती दशरथ	,,	7.00	संत कबीर	रामकृष्ण शर्मा	7.00
भीष्म	सुदर्शन चौपड़ा	5.00	बापू	डा० सुरेश सिन्हा	7.00
पहला सम्राट	शत्रुघ्नलाल शुक्ल	5.00	गुदड़ी का लाल : लालबहादुर	मंजुला	6.00
दुर्गादास	,,	6.00	अलीबाबा और चालीस चोर	,,	6.00
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य	प्रकाश नजायच	7.00	उड़ने वाला घोड़ा	,,	6.00
वीरांगना चैन्नम्मा	शंकर बाभ	7.00	काने योगी	,,	6.00
वीर कुणाल	शिवमूर्तिसिंह 'वत्स'	5.00	दरियावर द्वीप की शहजादी	कुणाल श्रीवास्तव	6.00
राजा सूरजमल	शक्ति त्रिवेदी	5.00			

शेक्सपियर के नाटकों पर आधारित

रूपान्तर—शत्रुघ्नलाल शुक्ल

हैमलेट	5.00	वेनिस का सौदागर	6.00
मैकबेथ	5.00	जैसा तुम चाहो	6.00
तूफान	5.00	ऑथेलो	6.00
जूलियस सीजर	5.00	निराशा	6.00
राई से पहाड़	5.00	सन्देश का विष	6.00

लोक-कथाएँ

पशु-पक्षियों की लोक-कथाएँ	शत्रुघ्नलाल शुक्ल	6.00	सती नारियों की लोक-कथाएँ	राजकुमार अनिल	6.00
देवी-देवताओं की लोक-कथाएँ	,,	6.00	पतिव्रता नारियों की लोक-कथाएँ	राजकुमार अनिल	6.00
आलसी-मूर्खों की लोक-कथाएँ	,,	6.00	राजा-रानी की लोक-कथाएँ	शिवशंकर	6.00
राजा विक्रमादित्य की लोक-कथाएँ	कुणाल श्रीवास्तव	6.00	भाई-बहन की लोक-कथाएँ	,,	6.00

उमेश प्रकाशन

5, नाथ मार्केट, नई सड़क, दिल्ली-6

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शित भारतीय भाषाओं की ६ हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गईं और देश भर के प्रतिनिधि प्रकाशकों, वितरकों और पुस्तक विक्रेताओं ने १०० से अधिक प्रदर्शन और बिक्री के स्टाल लगाये। मेले में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु की राज्य सरकारों और केन्द्रीय सरकार के प्रकाशन विभागों ने भी भाग लिया। संघीय जर्मन गणराज्य, ब्रिटिश कांसल और यू० एस० आई० एस० आदि विदेशी प्रतिनिधित्व भी मेले में रहा।

राष्ट्रीय पुस्तक मेले के साथ ही देश भर में १ से ६ फरवरी तक राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह में विश्वविद्यालयों, आकाशवाणी, पुस्तकालयों आदि ने सदा की भाँति विचारविमर्श, व्याख्यान, पुस्तक प्रदर्शनियों आदि के कार्यक्रम आयोजित किये, ने० बु० ट्रस्ट ने हिन्दी और अंग्रेजी में पुस्तक सप्ताह के लिये पोस्टर छपवा कर वितरित किये जिन पर हिन्दी-अंग्रेजी में यह वाक्य अंकित था। "ज्ञान अथवा अवकाश के लिये पुस्तक"। सप्ताह की पुस्तक बिक्री पर दस प्रतिशत की छूट भी दी गई।

कार्यशाला—३ से ७ फरवरी तक मेले में पुस्तक प्रकाशकीय सम्पादकों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपने ढंग की इस प्रथम कार्यशाला में प्रशासकीय सम्पादकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ और बाल पुस्तकों, विज्ञान की पुस्तकों और पाठ्यपुस्तकों के सम्पादन से सम्बद्ध विषयों पर पढ़े गये दस निबंधों पर ४० व्यक्तियों द्वारा खुलकर विचार मंथन किया गया। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के श्री राम हाकिन्स कार्यशाला के तकनीकी निदेशक थे।

सेमीनार व संगोष्ठी—फेडरेशन आफ इण्डियन पब्लिशर्स ने १ फरवरी के मेले में एक सेमीनार का आयोजन किया, जिसका विषय था "भारतीय भाषाओं में बाल पुस्तकों का सह-उत्पादन"। दूसरे दिन एस० आई० पी० ने एक आयोजित की, जिसका विषय था—"कापीराइट : भारत की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकतायें।"

फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन्स इन इण्डिया की ओर से ३ फरवरी को मेले में एक सेमीनार "देश के सांस्कृतिक जीवन में खुदरा पुस्तकों की दुकान की स्थिति" पर आयोजित किया गया। इसी फेडरेशन द्वारा इससे पूर्व २ फरवरी से "चतुर्थ सीतल प्रियलानी स्मृति व्याख्यान ने अताति परिवर्तन के लिये शिक्षा : नेशनल बुक ट्रस्ट और भारत में प्रकाशन" पर डा० एस० गोपाल का व्याख्यान आयोजित किया गया। १ से ११ फरवरी तक घटी हुई दरों पर बिक्री के लिये पुस्तक बाजार लगाया गया, जिसमें खूब बिक्री हुई। अनुमानतः पुस्तक मेले की १ लाख पुस्तकों को लगभग इतने ही लोग देखने आये।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार

मेले के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें हिन्दी, मराठी, गुजराती, उर्दू एवं अँग्रेजी लेखकों की संध्याएँ भी शामिल हैं। कवि सम्मेलनों और अँग्रेजी, मराठी व गुजराती के रंगारंग कार्यक्रमों की भी अच्छी धूम रही।

पुस्तकों के आवरण और जैकेटों की श्रेष्ठता के लिए हुई प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल ने निम्न पुरस्कार प्रदान किये। (१) गुजराती में विकास प्रकाशन पुरस्कार के लिए जगदीश जोशी की "प्रकाश" पुस्तक चुनी गई, जिसका प्रकाशन बोरा एण्ड कम्पनी ने किया था। (२) हिन्दी में श्यामलाल दातव्य ट्रस्ट का पुरस्कार हिन्दी प्रचारक संस्थान भी शारदा मिश्र लिखित पुस्तक "एक क्षण जो अंनत बन गया" को दिया गया। (३) अँग्रेजी—(अ) एलाइड पब्लिकेशन्स पुरस्कार हैरिटेज पब्लिशर्स की ब्रापन ब्राउन लिखित पुस्तक "विजडम ऑफ हिन्डज" को और (ब) ओरियेंट लोंगमैन पुरस्कार विली-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समस्या पर संगोष्ठी बुलाई और प्रकाशक, थोक विक्रेता, पुस्तक विक्रेता के पारस्परिक सम्बन्धों पर एवं परिसम्वाद का भी आयोजन किया। एफ. आई. पी. (फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स) ने १ फरवरी को ऑल इण्डिया कान्फरेन्स आफ इण्डियन पब्लिशर्स की एक गोष्ठी आयोजित कर इस उद्योग की समस्याओं का विवेचन किया। फेडरेशन की ओर से श्रेष्ठ पुस्तक प्रकाशन के लिए पुरस्कार श्री एम० वी० राजगोपाल द्वारा प्रदान किये गये।

हैदराबाद स्टेट बुक क्लब द्वारा 'द बुक्स आई लाइफ' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता आन्ध्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री ए० सम्बाशिव राव ने की और उस्मानिया विश्वविद्यालय के डॉ० एस० के० कुमार और डा० सी० नारायण रेड्डी ने विशेष आमन्त्रित श्रोताओं के समक्ष अपने लेखों का पाठ किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विधियां

सातवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में कई सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। तेलुगु, उर्दू तथा हिन्दी में कवि सम्मेलन हुए, विचार गोष्ठियों, नाटक, नृत्यों व फिलम प्रदर्शन आयोजित किये गये।

हैदराबाद पुस्तक मेले में भी पुस्तक बाजार लगाया गया, जहाँ प्रकाशकों और उनके वितरकों द्वारा अधिकाधिक कमीशन पर पुस्तकें धड़ाधड़ बेची गईं।

इस मेले में प्रदर्शित लगभग १ लाख पुस्तकों को देखने के लिए लगभग ७५ हजार लोग आये। स्थानीय समाचार पत्रों ने पुस्तक मेले की सभी खबरें अच्छी तरह छापीं। फिलम डिवीजन ने भी समाचार दर्शन में मेले की छवियाँ प्रसारित कीं और आकाशवाणी ने विशेष कार्यक्रम प्रसारित किये।

आठवाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला, अहमदाबाद

अहमदाबाद में १५ जनवरी से २४ जनवरी, १९७७ तक सम्पन्न हुए राष्ट्रीय पुस्तक मेले की सफलता आशातीत बताई गई। यद्यपि मेला स्थल तक पहुँचने के लिए पर्याप्त परिवहन नहीं था, फिर भी २४ जनवरी को आई भारी वर्षा और आँधी के दिन मेला स्थल से एक साथ १५ हजार व्यक्ति निकलते देखे गये। आठवें पुस्तक मेले का उद्घाटन गुजरात के मुख्य मन्त्री श्री माधव सिंह सोलंकी ने किया। मेले में देश के सभी भागों के ११६ प्रकाशकों और विक्रेताओं ने भाग लिया।

मेले का प्रमुख आकर्षण जनवरी, ७५ के बाद प्रकाशित भारतीय पुस्तकों में से चुनी हुई ४ हजार पुस्तकों की प्रदर्शनी थी। इस प्रदर्शनी के अतिरिक्त और भी लगभग १ लाख पुस्तकें मेले में भाग लेने वाले प्रकाशकों द्वारा प्रदर्शित की गईं। जिन राज्य सरकारों व सार्वजनिक उपक्रमों ने मेले में भाग लिया वे हैं: गुजरात राज्य सरकार सूचना विभाग, तमिलनाडु पाठ्य पुस्तक समिति, प्रकाशन एकांश शिक्षा एवं समाज कल्याण मन्त्रालय, पब्लिकेशन्स डिवीजन सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद्, सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डियन लैंग्वेजेज, ललित कला अकादमी, आर्कियालोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय और भारत-अमरीकी पाठ्य-पुस्तक कार्यक्रम।

मेले के अन्य समारोह

नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से १६ से १८ जनवरी तक मेले में "आगामी दशक में गुजराती प्रकाशन" विचार-गोष्ठी आयोजित की गई, जिसके अध्यक्ष गुजराती साहित्यकार श्री उमाशंकर जोशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रन्थम

- वैदिकी ६०·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- वैदिक संस्कृति सभ्यता २०·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- तुलसी का मानस २५·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- प्रसाद की कामायनी (भाष्य) १८·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- पद्मावत (पूर्वार्द्ध) २०·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- सूर सौरभ २०·००
  (ब्रज साहित्य मंडल द्वारा पुरस्कृत)
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- सूरदास का काव्य वैभव २०·००
  डॉ. मुंशीराम शर्मा
- सन्त-साहित्य ३०·००
  (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डॉ. प्रेमनारायण शुक्ल
- भारतेन्दु की नाट्यकला १८·००
  (उ. प्र. सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डॉ. प्रेमनारायण शुक्ल
- हिन्दी काव्य में मार्क्सवादी चेतन ६०·००
  (उ. प्र. सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  जनेश्वर वर्मा
- कामायनी : प्रेरणा और परिपाक ४५·००
  (उ. प्र. सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डा० रमाशंकर तिवारी
- बिहारी का काव्य-लालित्य २०·००
  (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डा० रमाशंकर तिवारी
- ललित की खोज में २५·००
  (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डा० रमाशंकर तिवारी
- रामकथा के पात्र ५०·००
  डा० भ० ह० राजूरकर
- भारतीय साहित्य दर्शन ६०·००
  (उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डा० कृष्णलाल हंस
- हिन्दी साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास ६०·००
  (उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  कृष्णलाल हंस
- समीक्षाशास्त्र ७५·००
  डा० कृष्णलाल हंस

- कहानी की संवेदनशीलता : सिद्धान्त और प्रयोग
  डा० भगवानदास वर्मा २५·००
- आधुनिक मराठी साहित्य का प्रवृत्तिमूलक इतिहास प्रो० सूर्यनारायण रणसुभे ३५·००
- उद्धवशतक-भाष्य २०·००
  डा० शिवबालक शुक्ल
- हिन्दी और मराठी का शृंगार काल ४०·००
  (उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत)
  डा० इन्द्र पवार
- कबीर : साधना और साहित्य ५०·००
  डा० प्रतापसिंह चौहान
- आधुनिक हिन्दी काव्य में यथार्थवाद २५·००
  डा० परशुराम शुक्ल 'विरही'
- आधुनिक हिन्दी कवियों का जीवन-दर्शन डा० परशुराम शुक्ल 'विरही' २०·००
- रासो काव्य-परम्परा ६०·००
  डा० सुमन राजे
- रेवातट ४०·००
  डा० सुमन राजे
- साहित्येतिहास : संरचना और स्वरूप ४०·००
  डा० सुमन राजे
- साहित्येतिहास आदिकाल ७५·००
  डा० सुमन राजे
- हिन्दी नाटक : सिद्धान्त और विवेचन २५·००
  डा० गिरीश रस्तौगी
- आधुनिक हिन्दी नाटक ३०·००
  डा० गिरीश रस्तोगी
- हिन्दी के मनोवैज्ञानिक उपन्यास ४०·००
  डा० घनराज मानधाने
- आधुनिक हिन्दी उपन्यासों में वस्तु-विन्यास
  डा० सरोजनी त्रिपाठी ३०·००
- हिन्दी के ऐतिहासिक उपन्यास ३५·००
  डा० रामनारायण सिंह 'मधुर'
- आधुनिक हिन्दी गद्य-शैली का विकास ३५·००
  डा० श्याम वर्मा
- अज्ञेय 'कवि' ४०·००
  डा० ओ३म्प्रकाश अवस्थी
- प्रसाद का गीति काव्य ७·००
  श्रीमती रजनी त्रिपाठी
- हिन्दी नाटक : पुनर्मूल्यांकन ३५·००
  डा० सत्येन्द्र तनेजा
- युगकवि प्रसाद २५·००
  डा० गणेश खरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

- हिन्दी के स्वच्छन्दतावादी उपन्यास ३०·००
  डा० कमलकुमारी जौहरी
- हिन्दी उपन्यास : पृष्ठभूमि और परम्परा ३०·००
  डा० बद्रीदास
- नव्य हिन्दी समीक्षा २५·००
  डा० कृष्णवल्लभ जोशी
- प्रगतिवादी काव्य २०·००
  डा० उमेश मिश्र
- आधुनिक हिन्दी गद्य और गद्यकार २५·००
  डा० जेकब पी० जार्ज
- आधुनिक हिन्दी काव्य ४०·००
  डा० राजेन्द्र मिश्र
- काव्य में रहस्यवाद २०·००
  डा० बच्चूलाल अवस्थी
- प्रगतिवादी समीक्षा १५·००
  डा० रामकुमार सिंह
- आधुनिक हिन्दी कविता में ध्वनि ३०·००
  डा० कृष्णलाल शर्मा

उपन्यास

- कर्मपथ (उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत) ७·००
  पं० भगवतीप्रसाद वाजपेयी
- आगे-आगे उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत १२·००
  पं० भगवती प्रसाद वाजपेयी
- एक और बेगम २०·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- फिलहाल २०·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- जहाँदारशाह १५·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- विकलांग १५·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- प्रजाप्रिय-प्रजेश १०·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- रात की तपस्या २०·००
  गजेन्द्रकुमार मिश्र
- वारिश ! वारिश ! २०·००
  मनोज बसु
- ईस्ट बकलैंड रोड २०·००
  चन्द्रगुप्त मौर्य

कहानी संग्रह

- मेरी श्रेष्ठ कहानियाँ ५·००
  पं० भगवतीप्रसाद वाजपेयी
- कथावीथी (प्रतिनिधि कहानी-संकलन) ४·००
  सं० डा० प्रेमनारायण शुक्ल
- कथायन (प्रतिनिधि कहानी संकलन) ३·५०
  सं० डा० बाल्मीकि त्रिपाठी

नाटक : एकांकी

- जय आदित्य ५·००
  डा० रामकुमार वर्मा
- अशोक का अवसान ५·००
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- शरणागत ३·५०
  श्री बाल्मीकि त्रिपाठी
- विजय व्यामोह ६·००
  श्री प्रतापनारायण श्रीवास्तव
- इंसानियत जिन्दाबाद ६·००
  डा० रामचरण महेन्द्र
- माँ की पुकार ६·००
  डा० गोपीनाथ तिवारी
- प्रत्यावर्तन ५·००
  डा० सुरेशचन्द्र शुक्ल
- पुजा के फूल ५·००
  डा० शियारामशरण प्रसाद
- वीर प्रताप केशरी ६·००
  डा० कान्तिकिशोर भरतिया
- वे उसे रोक सके ५·००
  डा० रामनारायण व्यास
- भास के नाटक ३०·००
  सं० डा० मनोहरलाल गौड़
- एकांकी सप्तक ४·००
  (हिन्दी के प्रतिनिधि एकांकियों का संकलन)
  सं० पं० अयोध्यानाथ गौड़
  डा० विश्वनाथ गौड़

काव्य

- रीतिकाव्य-नवनीत (रीतिकालीन काव्य संकलन)
  सं० डा० भगीरथ मिश्र १५·००
- कवितान्तर (नई कविता का श्रेष्ठ संकलन)
  सं० डा० जगदीशचन्द्र गुप्त १५·०
- शिवाबाजि-बावनी २५·००
  आचार्य केशवदेव शुक्ल
- कसक—हृदयनारायण पांडेय 'हृदयेश' २५·००
- जननायक (नेहरू चरितम्) ७·५०
  हृदयनारायण पाण्डेय 'हृदयेश'
- बलिदान—रामशंकर अवस्थी २०·००
  विरहिणी (उ० प्र० सरकार द्वारा २०·००
  पुरस्कृत) डा० मुंशीराम शर्मा
- भागवती आभा ३०·००
  डा० मुंशीलाल शर्मा

GRANTHAM ग्रन्थम कानपुर KANPUR
ग्रन्थम
रामबाग, कानपुर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। विचार-गोष्ठी में २५ प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वश्री मोहनलाल मेहता 'सोपान' जयन्त मेघानी, डॉ० हासित बुच, जितेन्द्र देसाई, चुन्नी भाई भट्ट, कृष्णवीर दीक्षित, रघुवीर चौधरी और वनराज मालवी ने अपने-अपने निबन्ध पढ़े।

ट्रस्ट द्वारा बाल-पुस्तकों के चित्रांकनकर्त्ताओं के लिए एवं कार्य-गोष्ठी का आयोजन २० से २४ जनवरी तक किया गया। जिसमें जे० जे० स्कूल ऑफ आर्ट्स, बम्बई, सेठ कला महाविद्यालय, अहमदाबाद और आर्ट कॉलेज, बड़ौदा के २५ चुने हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपने प्रकार की इस पहली कार्य गोष्ठी में बाल-पुस्तकों की डिजाइन की समस्याओं और सम्भावनाओं से चित्रांकन-कर्त्ताओं को अवगत कराना था। इस कार्य-गोष्ठी के सम्पूर्ण कार्यक्रम में प्रायोगिक कार्यक्रम के औचित्य पर बल दिया गया। कार्य-गोष्ठी के अध्यक्ष सेठ कला महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अरविन्द देसाई एवं तकनीकी निदेशक श्री रमेश कोठारी, निदेशक कम्यूनिटी साइंस सेन्टर थे।

भारतीय प्रकाशक संघ ने १६ से १८ जनवरी तक प्रकाशन प्रबन्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया, जिसके तकनीकी संचालक श्री आनन्द आर० कुंदाजी एवं विशेष संचालक श्री मण्डावेश्वरा थे। पाठ्यक्रम के उपरान्त ३० प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिये गये।

पुस्तक विक्रेताओं और प्रकाशकों के संघ ने गुजरात में १६ से २२ जनवरी तक पुस्तक विक्रेताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

पुस्तक बाजार और पुरस्कार वितरण

संस्कार केन्द्र के परिसर में १५ से २३ जनवरी तक लगे पुस्तक बाजार में बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी आये और साहित्य क्रय किया।

प्रकाशकों द्वारा उत्तम प्रदर्शन के लिए निम्न तीन पुरस्कार दिये गये : (१) डबल स्टाल—ब्रिटिश हाई कमीशन (ब्रिटिश कांसल डिवीजन), (२) सामान्य स्टाल—वकील्स फेंफर एण्ड सियोन्स, बम्बई और (३) स्टैण्ड एवं बड़े स्टैंण्ड—चारोतर बुक स्टाल, आनन्द। भारतीय प्रकाशक संघ द्वारा घोषित पुरस्कार ट्रस्ट की अध्यक्ष कुमारी वी० किचलू द्वारा अलग से प्रदान किये गये।

मेले की प्रचार व्यवस्था में आकाशवाणी की कामर्शियल सर्विस, समाचार पत्र विज्ञापन, सिनेमा स्लाइड, होर्डिंग्स, बस पैनेलों, बैनरों और पोस्टरों के माध्यम से की गई। आकाशवाणी ने अपने विशेष कार्यक्रम भी प्रसारित किये और कई समाचार पत्रों ने मेले के लिए विशेषांक निकाले।

नवाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला, बंगलौर

बंगलौर में नवाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला २९ दिसम्बर से ७ जनवरी, १९७९ तक मनाया गया। मेले के आयोजन में नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स, फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन्स इन इण्डिया, अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ और कर्नाटक पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन ने पूर्ण सहयोग किया। मेला स्थल ग्लास हाउस, लालबाग था, जहाँ नवम्बर ७७ से अक्टूबर ७८ तक की अवधि में भारतीय प्रकाशनों की प्रदर्शिनी लगाई गई और २०८ अन्य प्रकाशकीय प्रदर्शन एवं विक्रय स्टाल लगाये गये।

हिन्दी मण्डप

तृतीय विश्व पुस्तक मेले की भाँति बंगलौर मेले में भी हिन्दी मण्डप लगाया गया, जहाँ निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के २१ प्रकाशकों ने अपने-अपने स्टाल लगाये। हिन्दी मण्डप में दिल्ली,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आदि हिन्दी भाषी राज्यों के अतिरिक्त मद्रास की मैकमिलन कम्पनी ने भी भाग लिया। इनमें ८ स्टाल सार्वजनिक क्षेत्र के थे।

३ से ७ जनवरी, १९७९ तक यहाँ पुस्तक बाजार लगा, जिसमें घटी हुई दरों पर पुस्तकों की भारी बिक्री हुई।

१९७९ को बाल वर्ष घोषित किये जाने के उपलक्ष्य में बंगलौर मेले में विभिन्न भारतीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित एक हजार से अधिक बाल पुस्तकों के प्रदर्शन की व्यवस्था नेशनल बुक ट्रस्ट ने की, जिनमें उसके अपने प्रकाशन भी शामिल थे।

ट्रस्ट एवं प्रकाशक संघों के कार्यक्रम

लालबाग के स्वर्ण जयंती हाल में आगामी दशक में बाल साहित्य प्रकाशन पर एक त्रि-दिवसीय सेमीनार का आयोजन २९ दिसम्बर से किया गया, जिसका उद्घाटन कर्नाटक के शिक्षा मन्त्री ने किया और ट्रस्ट के अध्यक्ष ने प्रारम्भिक भाषण दिया। १ जनवरी, १९७९ को 'बाल दिवस' घोषित करने के कारण उस दिन पुस्तक मेला बच्चों के लिए फ्री खोल दिया गया और मेले में सैकड़ों हजारों बच्चों की उपस्थिति ने अच्छा समां बाँधा। सेमीनार ने इसी दिन (१ जनवरी) अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं :

(१) क्षेत्रीय भाषाओं में बाल-साहित्य का सह-प्रकाशन किया जाना चाहिए, ताकि लागत में कमी आए और क्वालिटी में फरक न आये। (२) देश में बाल साहित्य अकादमी की स्थापना की जाये। (३) पुस्तकालयों में, विशेषः ग्रामीण पुस्तकालयों में बाल साहित्य के लिए विशेष कक्ष रखे जाये।

मेले के साथ नेशनल बुक ट्रस्ट के कन्नड़ एडवाइजरी पैनेल की बैठक ट्रस्ट द्वारा किए जाने वाले आगामी कन्नड़ प्रकाशनों पर विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई (३० दिसम्बर)। ३१ दिसम्बर को फेडरेशन ऑफ इण्डियन पब्लिशर्स ने कागज संकट सम्मेलन आयोजित किया। इस फेडरेशन ने श्रेष्ठ पुस्तक प्रकाशन पर पुरस्कार भी दिये।

हिन्दी प्रकाशक संघ का सेमीनार

फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स ने "हमारे निर्यात : आगामी पाँच वर्ष" विषय पर एक सेमीनार का आयोजन किया। अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ की ओर से 'हिन्दी को दक्षिण भारतीय भाषाओं की देन' पर १ जनवरी को एक सेमीनार आयोजित किया। ३ जनवरी को कर्नाटक पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन की ओर से कर्नाटक के पुस्तक उद्योग की समस्याओं पर सेमीनार आयोजित किया गया।

रविवार ७ जनवरी को पुरस्कार वितरण का समारोह बंगलौर पुस्तक मेले का अन्तिम कार्यक्रम था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ : देश-विदेश में हुए अन्य प्रयत्न

देश में एक ऐसा वातावरण उत्पन्न करने के लिये जिसमें अधिकाधिक लोग अधिकाधिक पुस्तकों के प्रति जागरूक हों, प्रादेशिक पुस्तक प्रदर्शनियों का महत्व निर्विवाद है। पुस्तक प्रदर्शनी में ५० से लेकर ५ लाख पुस्तकें तक प्रदर्शित की जा सकती हैं और इन्हें क्षेत्रीय प्रादेशिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर आयोजित करना प्रायः प्रत्येक सभ्य राष्ट्र के सामाजिक जीवन का एक अंग बन चुका है।

१९६४ के वर्ष से हमारे यहाँ नियोजित और संगठित ढंग से विधिवत पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसके लिये पुस्तकों की पहली वृहद् अखिल भारतीय प्रदर्शनी नई दिल्ली में २६ नवम्बर से ५ दिसम्बर १९६४ तक आयोजित की गयी। इसी प्रदर्शनी के कुछ बड़े भाग देश में ५ बड़े नगरों में प्रदर्शन के लिए १९६४-६५ के वर्ष में रखे गये। इस वर्ष नई दिल्ली के बाद अहमदाबाद बम्बई, पूना, बंगलौर और कलकत्ता में ऐसी प्रदर्शनियाँ आयोजित हुईं।

१९६५-६६ के वर्ष में लखनऊ, वाराणसी, पटना और इलाहाबाद में पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं। १९६६-६७ में शिमला, दिल्ली, जयपुर, इंदौर, भोपाल और जबलपुर में पुस्तक प्रदर्शनियाँ हुईं। १९६७-६८ में गुजरात में अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, आवनगर और राजकोट नगरों में क्षेत्रीय प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं।

बाल साहित्य के लिये लेखकों का शिविर—१९६८-६९ का वर्ष पुस्तक प्रोत्साहन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस वर्ष शिमला में बाल साहित्य के लेखकों का एक ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री डा० वाई० एस० परमार ने किया और समापन भाषण डा० निहार रंजन राय ने दिया। शिविर में प्रमुख भारतीय भाषाओं के ३० उत्कृष्ट बाल लेखकों को आमंत्रित करके उन्हें एक अवकाश गृह (हालीडे होम) में रखा गया। एक सप्ताह के इस शिविर की गतिविधियों से डा० नीहार रंजन राय, डा० के० सी० खन्ना और डा० एन० डी० सुन्दर वाडिवेलु जैसे प्रतिष्ठित शिक्षाविदों का घनिष्ठ संपर्क रहा। बाल-साहित्य के विविध पहलुओं के लेखन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से सम्बन्धित कई निबंध शिविर में पढ़े गये और उन पर सजीव परिचर्चा हुई। लेखकों में इस शिविर में भाग लेकर बाल साहित्य की विभिन्न लेखन-समस्याओं के प्रति सजगता बढ़ी और नेहरू बाल पुस्तकालय के लिए शिक्षा मंत्रालय और नेशनल बुक ट्रस्ट को नयी प्रतिभाओं की जानकारी मिली।

इस अवधि में १६ क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ—जम्मू और कश्मीर में दो, मैसूर में पाँच और महाराष्ट्र में सात—नेशनल बुक ट्रस्ट की पहल पर आयोजित की गयीं।

जम्मू और कश्मीर—जम्मू और कश्मीर की पुस्तक प्रदर्शनियों के लिये राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा कश्मीर पर विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध पुस्तकों की एक सूची भी तैयार की गयी। प्रदर्शनियों में कश्मीरी, डोगरी, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी और संस्कृत प्रभृति भाषाओं में प्रकाशित ३ हजार से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। जम्मू में पहली प्रदर्शनी का ३१ अगस्त, १९६७, राज्य के सूचना मंत्री श्री गिरधारी लाल डोगरा द्वारा उद्घाटन किया गया। श्रीनगर में १७ सितम्बर १९६७ को हुई प्रदर्शनी का उद्घाटन जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल श्री भगवान सहाय ने किया। इन अवसरों पर ऐकेडेमी आफ आर्ट कल्चर एण्ड लेन्ग्वेज, जम्मू और कश्मीर द्वारा मुशायरों और सेमीनार का भी आयोजन किया गया।

मैसूर—अक्टूबर, नवम्बर, १९६७ में मैसूर राज्य में पाँच पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं, जिनमें कन्नड़, मलयालम, तेलुगु, तमिल, मराठी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू और संस्कृत की हाल ही प्रकाशित पुस्तकों में से चुनी हुई ३००० से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं, जिन्हें ४० हजार से अधिक लोगों ने देखा। बेलगाम में पुस्तक प्रदर्शनी ५ से ८ अक्टूबर तक, धारवाड़ में १२ से १५ अक्टूबर तक, मैसूर में १९ से २१ अक्टूबर तक, बंगलौर में २४ से २८ अक्टूबर तक और गुलबर्गा में ४ नवम्बर तक इस श्रृंखला की अंतिम प्रदर्शनी आयोजित हुई।

महाराष्ट्र—२४ जनवरी से १८ मार्च १९६९ तक की अवधि में महाराष्ट्र और वृहत्तर बम्बई क्षेत्र में आयोजित १० पुस्तक प्रदर्शनियों की श्रृंखला लोगों को प्रभावित करने में बहुत सफल रही। मराठी, गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत कन्नड़ और उर्दू में जनवरी ६६ के बाद प्रकाशित हुई पुस्तकों में से छाँटकर ४ हजार से अधिक पुस्तकें इन प्रदर्शनियों में सजाई गयीं। संख्या और प्रभाव दोनों ही दृष्टियों से में प्रदर्शनियां अपनी उद्देश्यपूर्ति में पूर्णतः सफल रहीं। इन प्रदर्शनियों को ६० हजार से अधिक लोग देखने गये।

नागपुर में पुस्तक प्रदर्शनी २४ से २७ जनवरी तक, अकोला में ३० जनवरी से १ फरवरी तक, जलगाँव में ४ से ६ फरवरी तक, औरंगाबाद में ९ से ११ फरवरी तक, शोलापुर में १४ से १६ फरवरी तक, कोल्हापुर में १९ से २१ फरवरी तक, पूना में २६ फरवरी से १ मार्च तक, बम्बई में सुन्दरबाई हॉल में ७ से ९ मार्च तक, वनिता समाज हॉल, दादर में १२ से १४ मार्च तक और भारतीय विद्या भवन हॉल में १६ से १८ मार्च तक आयोजित की गयीं, जिन्हें चाव से देखा व सराहा गया।

विशिष्ट अवसरों पर प्रदर्शनियाँ

इसके अतिरिक्त ट्रस्ट ने इस अवधि से महाराणा प्रताप जयंती समारोह, गांधी जयंती समारोह, श्री त्यागराजन १२२वाँ आराधना दिवस समारोह और राज्यों के शिक्षा सचिवों के सम्मेलन चंडीगढ़ की टी०एस० सेन्ट्रल स्टेट लाइब्रेरी के राष्ट्रीय पुस्तक सम्राट समारोह अंतर्राष्ट्रीय भूगोल सम्मेलन, टाइपोग्राफी सेमीनगर, अखिल भारतीय पुस्तकालय सम्मेलन, पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और मिर्जा गालिब शताब्दी समारोह आदि विशिष्ट अवसरों पर पुस्तक प्रदर्शनियों आयोजित कीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४ दिसम्बर १९६९ को बम्बई में सम्पन्न हुए तृतीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले के लिए जो पुस्तकें संग्रहीत हुई थीं, उन्हें अलग-अलग समूहों में बाँटकर १९६९-७० वर्ष में राजस्थान और उड़ीसा राज्य के ९ क्षेत्रों में क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं ।

जयपुर से शुरुआत

इस वर्ष की पहली क्षेत्रीय प्रदर्शनी का १० से १४ जनवरी १९७० को जयपुर में राज्यपाल सरदार हुक्मसिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। राजस्थान के लिए जनवरी १९६७ से लेकर अब तक प्रकाशित हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत की ३६०० से अधिक पुस्तकें चुनी गयी थीं। राजस्थान पुस्तक व्यवसायी संघ और राज्य सरकार के अनुरोध पर जयपुर, अजमेर, उदयपुर और जोधपुर में प्रदर्शनियाँ आयोजित हुईं, जिन्हें २० हजार से अधिक लोगों ने देखा और सराहा। प्रदर्शनी के साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग, राजस्थान पुस्तक व्यवसायी संघ और नेशनल ट्रस्ट ने अपने अपने कक्ष प्रदर्शन और विक्रय के लिए लगाये। अजमेर में १७ से २० जनवरी, उदयपुर में २२ से २६ जनवरी और जोधपुर में २९ जनवरी से १ फरवरी तक से क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ राजस्थान की जनता को पुस्तकों की ओर आकर्षित करती रहीं।

उड़ीसा—उड़ीसा में ८ मार्च से ३१ मार्च, १९७० तक की अवधि में पाँच पुस्तक प्रदर्शनियाँ क्रमशः भुवनेश्वर, कटक, बरहामपुर, सम्बलपुर और राउरकेला में आयोजित की गयीं, जिनसे ३५०० से अधिक चुनी हुई पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। पुस्तकें उडिया, हिन्दी, अंग्रेजी, बंगाली, तेलुगु और संस्कृत भाषा से चुनी गयी थीं।

युवा पीढ़ी के लिए पुस्तकें

तृतीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले में (१५ नव० ४ दिसम्बर)" "युवा पीढ़ी के लिए पुस्तकें विषय पर एक त्रिदिवसीय सेमीनार आयोजित किया गया। 'युवा पीढ़ी को समझना, "युवा पीढ़ी के लिए लिखना' और 'पुस्तकें जो उन्हें नहीं मिल पातीं' आदि समस्याओं पर जोधपुर विश्वविद्यालय के उपकुल-पति प्रो० वी. वी. जॉन, सुविख्यात लेखक और फिल्म प्रोड्यूसर ख्वाजा अहमद अब्बास, प्रो. एम. वी. राजाध्यक्ष श्री जे. सी. माथुर, डा० वी. एस. झा. श्री गुलाव दास शेकर, कु० कुर्रतुलेन हैदर और श्री एच. वाई. शारदा आदि लेखकों, पत्रकारों और शिक्षाविदों ने अपने विचार व्यक्त किये।

इस वर्ष आयोजित अन्य सेमीनारों में प्रमुख हैं "ज्ञान दी माइन्डस शव बुकसेलर्स एण्ड पब्लिशर्स, और "मीट दी ऑथर्स" कार्यक्रम, जिनमें प्रकाशकों पुस्तक विक्रेताओं के अतिरिक्त मराठी हिन्दी और अंग्रेजी के प्रमुख लेखकों ने भी उत्साह से भाग लिया।

संसद भवन में प्रदर्शनी

१२ अप्रेल से ६ जून १९७० तक हुई राष्ट्रीय एकता प्रदर्शनी में पुस्तकों का मण्डप लगाया गया और १८ से २० दिसम्बर १९६९ तक इससे पूर्व संसद भवन में नेशनल बुक ट्रस्ट के प्रकाशनों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी थी जिसे संसद सदस्यों ने काफी सराहा।

इसी वर्ष मई से अक्टूबर की अवधि में हांगकांग जगरेब भारतीय पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी और ८ से १३ अक्टूबर तक फ्रैन्कफर्ट बुक फेयर में भारत को प्रतिनिधित्व दिया अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में भारतीय पुस्तकों की यह पहली प्रदर्शनियाँ थीं। ये प्रदर्शनियाँ २४ दिन चलीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हरियाणा व पंजाब में प्रदर्शनियाँ

अनुभव से यह सिद्ध हुआ है कि क्षेत्रीय प्रदर्शनियाँ ऐसे स्थानों पर जहाँ बड़े और अद्यतन पुस्तकालयों का अभाव है, क्षेत्र की एक बहुत बडी घटना बन जाती हैं और सभी पढ़े लिखे लोगों के लिए मेले का रूप ले लेती हैं। १९७०-७१ में हरियाणा और पंजाब को इस पुस्तक-जागरूकता आयोजन के लिए चुना गया। हरियाणा में २ सितम्बर से १८ सितम्बर १९७० तक ४ क्षेत्रीय प्रदर्शनियों का शृंखलाबद्ध आयोजन किया गया। चंडीगढ़ पंचायत भवन में २ से ५ सितम्बर तक, डी. ए. वी. कालेज अम्बाला में ८ से १० सितम्बर तक और एम. एल. एन. कालेज यमुना नगर में १२ से १४ सितम्बर तक और एस. डी. स्कूल करनाल में १६ से १८ सितम्बर तक लगी इन प्रदर्शनियों को हरियाणावासियों ने भारी संख्या में बड़े उत्साह के साथ देखा, सराहा।

पंजाब में इस प्रदर्शनी-माला का उद्घाटन लुधियाना में पंजाब कृषि विद्यालय के कुलपति डा. एम. एस. रंधावा द्वारा १० फरवरी को किया गया। दूसरी प्रदर्शनी जलंधर के टाउन हाल में (१६-१८ फरवरी) तीसरी इण्डियन एकेडेमी ऑफ फाइन आर्टस अमृतसर में (२१-२३ फरवरी और चौथी स्टेट सेन्ट्रल लाइब्रेरी पटियाला में (२७ फरवरी से २ मार्च १९७० तक) लगायी गयीं।

लेलिन शताब्दी— इसी वर्ष में लेलिन शताब्दी समारोह मनाया जा रहा था। इस सिलसिले में "लेलिन और उनका युग" नाम से प्रदर्शनियाँ दिल्ली: मद्रास और बम्बई में शिक्षा मंत्रालय के आग्रह पर ने० बुक ट्रस्ट द्वारा लगायी गयीं। अंग्रेजी व भारतीय भाषाओं में इसी निम्नलिखित लगभग १००० पुस्तकें इन प्रदर्शनियों में फोटोग्राफों सहित सजायी गयीं। ये प्रदर्शनियाँ १६ दिनों तक चलीं।

कार्टून-कथा

लोगों को ताश या गपबाजी जैसे निष्फल व्यसनों से मुक्त कर उन्हें पठनशील बनाने के लिये ने० बु० ट्रस्ट ने विख्यात कार्टूनिष्ट अहमद से एक चित्र-कथा तैयार करायी और चतुर्थ राष्ट्रीय पुस्तक मेले के अवसर पर इस चित्रमाला की १० हजार प्रतियाँ वितरित की गयीं। इन्हीं कार्टूनों के बड़े छायाचित्र बनाकर भी मद्रास पुस्तक मेले में लगाये गये थे। यह कार्टून कथा काफी लोकप्रिय रही। इसके अतिरिक्त सिनेमा स्लाइड्स और होर्डिंगो द्वारा भी आकर्षक नारों के प्रचार का निश्चय किया गया।

"बुक्स इण्डिया"

यूनेस्को द्वारा पेरिस से प्रकाशित मासिक 'यूनेस्को कूरियर' को हिन्दी और तमिल में भारत में प्रकाशित किया गया और लगभग १ वर्ष के पिछले अंक निकालकर पत्रिका को नियमित रूप दिया गया। "बुक्स इण्डिया" नाम से एक नयी पत्रिका की शुरूआत की गयी, और उसका प्रथम अंक चतुर्थ राष्ट्रीय पुस्तक मेले के अवसर पर प्रकाशित किया गया। इसमें प्रमुख साहित्यकारों द्वारा समस्त भारतीय भाषाओं की साहित्यिक झाँकी प्रस्तुत की गयी और १० सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों की समीक्षा के साथ सभी प्रमुख भाषाओं की सौ महत्वपूर्ण अंकों की सूची प्रकाशित की गयी।

बुक्स फ्राय इण्डिया—डेट्रोइट बुक फेयर फैंकफर्ट बुक फेयर लंदन बुक ऐक्जिसिबिशन और पूर्व अफ्रीका जाने वाले भारतीय प्रशासकों के मंडल के लिए इस वर्ष "बुक्स फ्राम इण्डिया" शीर्षक से कई पुस्तक सूचियाँ प्रकाशित की गयीं। इन सूचियों में अंग्रेजी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकों के विषय में देश के और विदेश के पाठकों के लिए जानकारी दी गयी थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैसूर में लेखकों का शिविर

३० मई १९७० को मैसूर के आल इण्डिया राइटर्स होम में अ० वी० के० आर० वी० राव द्वारा प्रथम लेखक शिविर का उदघाटन किया गया। इसमें कन्नड़, मलयालम, मराठी और सिन्धी के २६ प्रमुख लेखकों को साहित्य अकादमी के परामर्श पर बुलाया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध उर्दू शायर श्री फैज अहमद फैज पब्लिकेशन्स डिवीजन के निदेशक श्री० सी० एल० भारद्वाज, डा० डी० पी० पट्ट-नायक और डा० वी० एस० झा ने भी कुछ समय भाग लेकर अपना योगदान किया।

श्री० बी० सीता रमैया ने कन्नड़ भाषा पर और श्री० एन० वी० कृष्ण वारियर ने मलयालम पर लेख पढ़े श्री अनंत काणेकर और श्री बंसत वी० बापट द्वारा मराठी पर और श्रीरामपंजवानी लिखित सिन्धी पर निबंध डा० एन० एच० समताकी द्वारा पढ़ा गया। दूसरा दिन हमारे साहित्य में मानवीय परम्परायें विषय पर परिचर्चा हुई। आये हुए लेखकों ने अपनी कुछ रचनाएँ भी शिविर में सुनायीं। ३ जून के समापन अधिवेशन में समाज के विकास में लेखकों के योगदान पर चर्चाएँ हुईं। शिविर में हुई चर्चाओं से सिद्ध हुआ कि सभी भाषाओं के साहित्य में पर्याप्त समानतायें पायी जाती हैं और प्रायः लेखक के लिए विषय भी एक जैसे ही चुने जाते हैं।

दूसरा लेखक शिविर मद्रास

२ जनवरी, १९७१ को मद्रास में दूसरा लेखकों का शिविर आयोजित किया गया। इसमें तमिल, तेलुगु, गुजराती और उर्दू के ३४ आमंत्रित लेखकों में से २० ने भाग लिया और सात पर्यवेक्षकों ने भी शिविर में अपना योग दिया।

शिविर का पहला अधिवेशन साहित्य में मानवीय परम्पराओं पर विचार-विमर्श के साथ प्रारम्भ हुआ, जिसमें श्री वरदराजन, डा० रमापति राव और श्री अली सरदार जाफरी ने तमिल, तेलुगु और उर्दू भाषाओं में इन मानवीय परम्पराओं पर प्रकाश डाला। एक अन्य अधिवेशन में पृथकतावादी तत्वों से निबटने में साहित्य की भूमिका पर विचार किया गया। सर्व की मी० प० सोमसुन्दरम, वी० आर० नरला, और प्रो० रघुवीर चौधरी द्वारा निबन्ध पढ़े गये और डा०मोहम्मद हसन का भाषण हुआ।

इस शिविर में भाग लेने वाले लेखकों ने अपनी-अपनी भाषा की श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया और अंतिम अधिवेशन में इन चारों भाषाओं के वर्तमान स्वरूप को दर्शन की चेष्टा की गयी। डा० के० ए० फारुखी ने बताया कि सन ४७ के बाद के उर्दू साहित्य में स्वदेश प्रेम, धर्म निरपेक्ष दृष्टि-कोण, उदार मानवतावाद और शरणार्थियों की व्यथा की खुल कर अभिव्यक्ति हुई है और उसके रूप में निखार आया है। श्री ना० पार्थसारथी ने तमिल के आधुनिक कवियों. साहित्यिक गुणों और पत्र-पत्रि-काओं की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया। डा० सी० के० मेहता ने बताया कि गुजराती साहित्य में लेखकों का झुकाव परम्परा की ओर भी रहा है और आधुनिकता की ओर भी, और दोनों ही प्रकार के लेखक स्वात्योत्तर साहित्य में अपना नाम चमका चुके हैं। डा० अंजनेयुलू ने बताया कि तेलुगु में गत वर्षो में प्रकाशन की गति शिथिल रही है। कथा साहित्य कुल प्रकाशति साहित्य का तीन चौथाई भाग घेर लेता है।

इस शिविर में लेखकों की संध्याएं भी आयोजित हुईं, जिसमें लेखक राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आये हुए पाठकों से मिले, उनके प्रश्नों के उत्तर दिये और अपने और अपनी कला के विषय में जानकारी दी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ट्रान्सलेटर्स आन ट्रान्सलेशन

१३ जनवरी, १६७१ को मद्रास में एक त्रिदिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसका विषय था "ट्रान्सलेटर्स आन ट्रान्सलेशन". संगोष्ठी का उद्घाटन मद्रास विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एन० डी० सुन्दरवाडि वेलु ने किया। डा० प्रभाकर मचावे और डा० के० वीर भडराव दास द्वारा भारत जैसे विकासशील देश में अनुवाद के लिए "पुस्तकों के चयन के मापदंड" पर निबन्ध पढ़े गये और "विज्ञान और तकनीकी पुस्तकों का अनुवाद" पर डा० एम० पी० पेरियास्वामी घूरन और डा० गोपाल शर्मा के निबन्ध पढ़े गये। दो अन्य विषय जिन पर निबन्ध पढ़े गये थे—'सृजनात्मक लेखन का अनुवाद, और "बालपाठकों के लिए अनुवाद" संगोष्ठी में हुई चर्चाओं से महसूस किया गया कि अनुवाद से विम्ब की चारों दिशाओं पर वातायन खुल जाते हैं और दुनिया पार सिमट कर आ जाती है।

विदेशों में प्रदर्शनी

इस वर्ष 15वीं भ्रमरी की अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक प्रदर्शनी, डेट्रायट, सिंगापुर, सुवा (फीजी), फैन्कफर्ट बुक फेयर और इण्डिया हाउस लंदन में भारतीय पुस्तकों की प्रदर्शनियां आयोजित की गयीं। चतुर्थ राष्ट्रीय पुस्तक मेले के अवसर पर लोगों की पुस्तक पढ़ने की आदतों का सर्वेक्षण किया गया और सर्वे की रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

हिमाचल प्रदेश में पुस्तकें

१६७१-७२ के वर्ष में हिमाचल प्रदेश में ६ स्थानों पर पुस्तक प्रदर्शनियाँ लगायी गयीं जो १५ मई से १३ जून तक क्रमशः शिमिला सोलन, नहान, मंडी, धर्मशाला और चम्बा में पुस्तक प्रेमियों को भारी संख्या में आकर्षित करने में सफल हुईं। इन प्रदर्शनियों का उद्घाटन मुख्यमंत्री वार्ड, एस. परमार द्वारा शिमला में किया गया।

इस वर्ष दिल्ली में दो स्थानों पर निओन-साइन में पुस्तकों के लिए नारे प्रदर्शित किये। एक नारा अंग्रेजी में "बुम्स योर बेस्ट फ्रेन्डस" और दूसरा हिन्दी में "पुस्तक उत्क्रमसाही" प्रदर्शित किया गया है। एक दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने सार्वजनिक पुस्तकालय पर और दूसरा कनाट प्लेस में।

तीसरे और चौथे लेखक शिविर

नेशनल बुक ट्रस्ट ने शिक्षा मंत्रालय के अनुरोध पर लगाये जाने वाले लेखकों के शिविर की माला के तीसरे और चौथे शिविर क्रमशः शिमिला और पूना में आयोजित किये। शिमिला में असामिया, अंग्रेजी हिन्दी एवं पजाबी भाषा के १७ प्रसिद्ध लेखकों ने भाग लिया और लंदन से प्रकाशित "एडम" के सम्पादक श्री मिरन ग्रिन्डिआ एक पर्यवेक्षक के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। पूना में बंगाली कश्मीरी उड़िया और संस्कृत के लेखकों का शिविर आयोजित हुआ।

दोनों शिविरों में गत वर्ष की भाँति मानवीय परम्पराओं पर और विघटनकारी प्रवृत्तियों को रोकने में साहित्य में योगदान पर चर्चाऐं हुईं और तत्कालीन साहित्यक स्थिति की जानकारी की गयी। लेखकों ने शिविर में स्वरचित और अपनी भाषा की अन्य वृतियों का पाठ किया और साथ ही इनके हिन्दी अथवा अंग्रेजी अनुवाद सुनाने की भी व्यवस्था की गयीं। शिमला शिविर में सुझाव आये कि शिविरों को और अधिक अनौपचारिक रूप दिया जावे जो निबन्ध पढें जायें, उनकी प्रतियां पहले से वितरीत कर दी जायें, शिविर में स्वेच्छा से विषय लिये जा सकें, लेखकों के लिए एक पत्रिका प्रकाशित हो, बहुभाषी प्रकाशन गृहों का प्रोत्साहन मिले और उन्हें सहकारी आधार पर चलाया जावे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूना शिविर में विकासशील समाज में लेखक की भूमिका पर चर्चा की गयी। यह महसूस किया गया कि सृजन धर्मी लेखक किसी का प्रचारक नहीं होता और वह विघटन की प्रवृत्ति के विरुद्ध खुलकर अपनी आवाज उठा सकता है।

पुस्तक प्रदर्शनियाँ

सिंगापुर में हुए २ अप्रैल से ७ अप्रैल १९७१ के प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत के तीन सौ से अधिक चुने हुए प्रकाशक प्रदर्शित किये गये। वाशिंगटन में से ३१ मार्च तक एशियाई अध्ययन के लिए वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर भारत के चुने हुए ३५० प्रकाशनों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इन्हीं पुस्तकों की प्रदर्शनी १५ से ३० अप्रैल तक मेक्सिको सिटी में लगायी गयी। मेक्सिकों स्थित भारतीय दूतावास ने ग्वाडालाजारा नगर अधिकारियों और अन्तर्राष्ट्रीय मैंची वेन्ड के अनुरोध पर २६ मई से १ जून १९७१ तक यही प्रदर्शनी ग्वाडालाजारा नगर में भी लगायी गयी। बेनेजुएला के कारावास नगर मे मेक्सिको में प्रदर्शित पुस्तकों की एक प्रदर्शनी अक्टूबर में दो सप्ताह तक आयोजित की गई। इसके बाद १४ अक्टूबर से १९ अक्टूबर तक फ्रैन्कफर्ट बुक फेयर में भारत का प्रतिनिधित्व उसके चुने हुए ४५० प्रकाशनों ने किया। वैन्कूवर के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के अवसर पर २ से १० जून तक कनाडा की राष्ट्रीय प्रदर्शनी के अवसर पर १९ प्रान्त से ६ सितम्बर तक टोरन्टो नगर में ३५ भारतीय प्रकाशकों के १५० से अधिक ग्रथ प्रदर्शित किये गए और भारतीय प्रकाशकों की सूचियाँ विपरीत की गई। मान्ट्रीयल में 'मनुष्य और उसका संसार' प्रदर्शनी में ११ जून से ६ सितम्बर तक १९७० में वर्ष में प्रकाशित चुनी हुई १५० पुस्तकों को दर्शाया गया।

७२-७३ में दस क्षेत्रीय प्रदर्शनियाँ

१९७२-७३ के वर्ष में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन, केरल में चार, असम में दो और शिलांग (मेघालय) में एक क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित हुई। इन क्षेत्रीय प्रदर्शनियों में राष्ट्रीय पुस्तक मेलों के लिए संग्रहीत पुस्तकों के भाग दिखाये जाते हैं, जिसमें क्षेत्रीय भाषा, पड़ोस क्षेत्र की भाषा और हिन्दी व अंग्रेजी के ग्रन्थ प्रदर्शित किए जाते हैं।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़ व मेरठ नगरों में प्रदर्शनी के लिए जनवरी १९७० के बाद प्रकाशित हुई, पुस्तकों में से ४ हजार टाइटल छोड़ गए, जो हिन्दी, अँग्रेजी, उर्दू और सस्कृत में थे। प्रदशनियों में पेपर बैक्स और बाल पुस्तकों के लिए पृथक अनुमान थे। ये प्रदर्शनियाँ २४ से २७ जुलाई तक आगरा में, २९ जुलाई से १ अगस्त तक अलीगढ़ में और ५ अगस्त को इसका अध्यापन मेरठ विश्वविद्यालय के कुल पति द्वारा मेरठ में, किया गया।

केरल की क्षेत्रीय प्रदर्शनी के लिए मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, संस्कृत, उर्दू, हिन्दी एवं अंग्रेजी के ४५०० से अधिक टाइटिल चुने गए। पहली प्रदर्शनी त्रिवेन्द्रम में २३ से २७ अगस्त तक दूसरी बोक्षामय में ३१ अगस्त से ३ सितम्बर तक, तीसरी एरनाकुलम में ४ से ६ सितम्बर और चौथी कालीकट में ८ से ११ सितम्बर तक आयोजित हुई त्रिवेन्द्रम की प्रदर्शनी के साथ स्थानीय आयोजकों इथर दुर्लभ ग्रंथों और पाडुलिपियों की भी एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी थी और कई मलयालम प्रकाशकों द्वारा अपने स्टाल लगाये गये थे। ओनाम के त्यौहार के कारण इस प्रदर्शनी में दर्शक भी भारी संख्या में आये।

मार्च १९७३ में असम के गौहाटी और डिब्रूगढ़ नगरों के लिए ५५०० असमिया, बंगला, हिन्दी, उड़ीसा, संस्कृत व हिन्दी पुस्तकें चुनी गईं और गौहाटी प्रदर्शनीय से १२ मार्च तक चलीं, और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२० स्थानीय प्रकाशकों ने भी पुस्तकें स्टाल्स इसके साथ अपने-अपने कक्ष में लगाये । जिला पुस्तकालय की ओर से दुर्लभ ग्रन्थों व पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी भी इसी अवसर पर रखी गई । डिब्रूगढ़ में प्रदर्शनी २४ से २७ मार्च तक रही । १६-१९ मार्च तक शिलांग में स्टेट सेन्ट्रल लाइब्रेरी हॉल में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय के मुख्यमन्त्री कैपेन विलियम सन० ए० सिनेमा द्वारा किया गया । इसमें खासी और गारों भाषा की कुछ पुस्तकें भी प्रदर्शित की गयीं ।

कुछ विशिष्ट प्रदर्शनियाँ

१५ सितम्बर को विज्ञान भवन में केन्द्रीय शिक्षा परामर्शक मण्डल की बैठक और राज्यों के शिक्षा मन्त्रियों और शिक्षा सचिवों के सम्मेलन के अवसर पर नेशनल बुक ट्रस्ट के प्रकाशनों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई । इसी प्रकार दिल्ली की आन्ध्र एजूकेशन सोसाइटी को रजत जयंती के अवसर पर ट्रस्ट ने हिन्दी, अँग्रेजी, तेलुगु के प्रकाशनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई और अवसर पर शिक्षाविदों का एक सम्मेलन भी आहूत किया गया । १९७२ के एशियाई अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में ३ नवम्बर से १२ दिसम्बर तक केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय द्वारा लिए गये दो मण्डलों में ट्रस्ट ने अपने प्रकाशन प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए रखे। ऐसे ही कक्ष २५ दिसम्बर से ३१ जनवरी तक चले राष्ट्रीय व्यापार मेले में भी लगाये गये । बनारस विश्वविद्यालय ४७ में अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन के अवसर पर भी ट्रस्ट ने अपने प्रकाशन प्रदर्शन के लिए रखे ।

विदेशों में प्रदर्शन

इस वर्ष २८ सितम्बर से ३ अक्टूबर तक भारत ने फ्रैंकफर्ट के अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भाग लिया । ९ से १७ नवम्बर तक कुआलालमपुर में आयोजित पुस्तक आयोग की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भी भारत का प्रतिनिधित्व हुआ । २३ जनवरी से ४ फरवरी तक काहिरा के अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत ने भाग लिया, २६ से २८ जनवरी तक रोम में भारतीय पुस्तकों की प्रदर्शनी हुई, २३-३० नवम्बर को तेहरान की पुस्तक प्रदर्शनी में भारत शामिल हुआ । ४-१० दिसम्बर को काबुल की अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक प्रदर्शनी में २०-२७ दिसम्बर तक बांगला देश के अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत ने हिस्सा लिया और १६-२६ सितम्बर तक नेपाल में हिन्दी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी आयोजित हुई ।

पर्वतीय प्रदेश में प्रदर्शनियाँ

इन दिनों प्रायः सभी महत्वपूर्ण सम्मेलनों, सेमीनारों, कनवेन्शनों, अनुवादकों की कार्यशालाओं, लेखक शिविरों, पुस्तक विमोचन, समारोहों एवं अन्य समारोहो के साथ पुस्तकों के प्रदर्शन एवं विन्दम कक्ष लगने लगे हैं, जिसमें नेशनल बुक ट्रस्ट एक प्रमुख भूमिका अदा करता है । १९७३-७४ के वर्ष में १५-१६ नवम्बर को अमेरिकन इन्टरनेशनल स्कूल के बुक फेयर में नेशनल बुक ट्रस्ट एवं राजधानी दिल्ली के सभी प्रमुख प्रकाशकों ने उत्साह से भाग लेकर अपने-अपने कक्ष लगाये । १४-१६ नवम्बर को आयोजित इण्डियन लाइब्रेरी एसोसियेशन के बाल पुस्तक मेले में जो दिल्ली के सार्वजनिक पुस्तकालय में लगा था, ट्रस्ट ने अपने प्रकाशनों की प्रदर्शनी लगा दी । ३१ जनवरी से ११ फरवरी तक हुए छठे राष्ट्रीय पुस्तक मले में १९७३ तक के नेशनल बुक ट्रस्ट के सभी प्रकाशन छाँट कर प्रदर्शित किये गये । उत्तर प्रदेश के मंसूरी (१४-१८ जून) और नैनीताल (२२-२६ जून) पर्वतीय नगरों में क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ लगाई गई ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विदेशों में पुस्तक प्रदर्शनियाँ

११ से १६ अगस्त १९७३ तक सिंगापुर के अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत ने भी भाग लिया। अक्टूबर में जांबिया की बाल पुस्तक प्रदर्शनी में भी भारत सम्मिलित हुआ और १०-१६ अक्टूबर तक भारत फैंकफर्ट के अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले मे शरीक हुआ। १२-१८ नवम्बर तक भारत ने अंकारा (तुर्की) की बाल पुस्तक प्रदर्शनी में भाग लिया और जनवरी-फरवरी १९७४ में पेरिस की बाल पुस्तक प्रदर्शनी में। फैन्कफर्ट पुस्तक मेले के लिए चुनी गई पुस्तकों की प्रदर्शनियाँ ६ माह से अधिक समय तक जापान के नौ नगरों में आयोजित की गयीं। ये पुस्तकें पब्लिशर्स एसोसियेशन फार कल्चेरल एक्सचेंज के माध्यम से जापान भेजी गयीं और टोकियो नागोया, क्योतो, हिरोशिया, फ्यूकूओका, मत्सूयामा, मानाजाक, सेन्दई और साप्पोरो में इनकी प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं।

आंध्र प्रदेश में प्रदर्शनियाँ

१९७४-७५ के वर्ष में क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा, विशाखा पटनम और तिरुपति नगरों में आयोजित की गयीं।

इसके अतिरिक्त "प्रगति के कदम" नामक पुस्तकों और छायाचित्रों की एक प्रदर्शनी १—५ अप्रैल १९७४ तक आयोजित हुई जो योजना आयोग के परामर्श पर नेशनल बुक ट्रस्ट और डी० ए० वी० पी० के संयुक्त प्रयासों से आयोजित की गयी। सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन विषयक ४५० पुस्तकें और भारत के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में परिवर्तन को दिखाने वाले लगभग २५० छायचित्र इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये। भारतीय लेखकों के गिल्ड द्वारा २९-३० दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लेखक सम्मेलन के अवसर पर लगभग २००० पुस्तकों की एक प्रदर्शनी लगायी गयी।

विश्व हिन्दी सम्मेलन—नागपुर में विश्व हिन्दी सम्मेलन के अवसर पर १०-१६ जनवरी १९७५ तक नेशनल बुक ट्रस्ट और अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ ने मिलकर २०० हिन्दी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित ५ हजार पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गयी। इस प्रदर्शनी के उपराष्ट्रपति श्री बी० डी० जत्ती ने भी देखा। मैसूर विश्वविद्यालय में ७ से १० मार्च तक वि० वि० पुस्तकालय तथा इण्डियन बुक हाऊस ने मिलकर भारतीय भाषाओं ३ हजार बाल पुस्तकों की प्रदर्शनी १४ वें वार्षिक अंतर्भारतीय बाल साहित्य विषयक सम्मेलन के अवसर पर लगायी गयी। यही प्रदर्शनियाँ १३-१५ मार्च तक बंगलौर विश्वविद्यालय में १७—१९ मार्च तक एग्रीकल्चर यूनीवर्सिटी लाइब्रेरी में और २२-२५ तक धारवाड़ में भी दिखायी गयी।

डायरेक्टोरेट आफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन पंजाब द्वारा ३१ अक्टूबर को आयोजित चंडीगढ़ पुस्तक प्रदर्शनी में बुक ट्रस्ट द्वारा पंजाबी, हिन्दी और अंग्रेजी की कुछ चुनी हुई पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। नई दिल्ली में १-५ नवम्बर तक आयोजित राज्य शिक्षा सचिवों तथा शिक्षा निदेशकों के सम्मेलन के अवसर पर सभी भाषाओं की पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गयी। लखनऊ में १४-२५ नवम्बर तक सम्पन्न बच्चों की पुस्तकों के अंतर्राष्ट्रीय मेलों में अंग्रेजी, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। १४-२० नवम्बर तक निजामाबाद में हुए राष्ट्रीय पुस्तकालय समाप्त २८-३१ तक दिल्ली में हुए राष्ट्रीय लोक सम्मेलन, २९ दिस० ४ जनवरी १९७५ तक बम्बई में हुए विश्व शिक्षा वृत्ति के १७ वें अंतरष्ट्रीय सम्मेलन अहमदाबाद कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी और मैसूर में ७-१० मार्च तक हुए १४ वे अंतर्भारतीय तरुण सम्मेलन के अवसरों पर भी पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की गयीं। मैसूर, बंगलौर और धारवाड़ में हुई पुस्तक प्रदर्शनियों में पुस्तक सूचियाँ भी वितरित की गयीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विदेशों में प्रदर्शनियाँ

वर्ष १९७४-७५ में १७ अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भारत की पुस्तकें भी प्रदर्शित की गयीं। ये हैं—चिल्ड्रन्स बुक एक्जीवीशन, बोलोग्ना (४-७ अप्रेल) चौथा सिंगापुर बुक फेयर (५-१० अप्रेल) बांगलादेश नेशनल बुक फेयर (१५-२१ अप्रेल) बुक एक्जीवीशन इन बैंकाक (२१-२८ अप्रेल)- इण्डियन बुकफियर न्यूयार्क (२-८ जून), एक्जीवीशन आफ इण्डियन बुक्स इन सांतियागो (अगस्त ७४), श्री लंका साहित्य डे सेलीब्रेशन्स (७-१५ सितम्बर), इन्टरनेशनल बुक फेयर, सोफिया (२१-२९ सित०), फ्रैन्कफर्ट बुक फेयर (१०-१५ अक्टू०), १२ वाँ एनुअल कामन वैल्थ बुक फेयर (९ अक्टूबर-३ नव०), इन्टरनेशनल चिल्ड्रन्स बुक्स एक्जीवीशन, अंकारा (१०-१६ नव०) सेकण्ड इण्डिया बुक फेयर, न्यूयार्क (१४-२३ नव०) एक्जीवीशन आफ इण्डियन बुक्स इन बेरूत (२-१७ नव०), नेशनल बुक वीक एक्जीवीशन, मनीला (२३-३० नव०) एक्जीवीशन आफ बुक इन आग (२६ जन०), सेवन्थ केयरो इन्टरनेशनल बुक फेयर (२९ जन०-७ फरवरी) और बांगलादेश नेशनल बुक फेयर (१५-२१ फरवरी)।

प्रदर्शनियाँ ही प्रदर्शनियाँ

१९७५-७६ के वर्ष में ५-१४ मार्च १९७६ को आयोजित प्रथम कलकत्ता पुस्तक मेले में जिसका आयोजन पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स गिल्ड की ओर से किया जाना, जनवरी ७४ और सितम्बर ७५ के मध्य प्रकाशित ५ हजार से अधिक भारतीय पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। इनके अतिरिक्त यहाँ २५० बाल पुस्तकें भी प्रदर्शित की गयीं।

क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियाँ

१९६४-६५	अहमदाबाद, बम्बई, पूना, बंगलौर और कलकत्ता	५
१९६५-६६	लखनऊ, वाराणसी, पटना, इलाहाबाद	४
१९६६-६७	शिमला, देहली, जयपुर, इंदौर, भूपाल और जबलपुर	६
१९६७-६८	अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, भावनगर, राजकोट	५
१९६८-६९	श्रीनगर, जम्मू बेलगाम, धारवाड़, मैसूर बँगलौर और गुलबर्गा, नागपुर अकोला, जलगाँव, औरंगाबाद, शोलापुर, कोल्हापुर पूना और बम्बई (३,)	१७
१९६९-७०	जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, भुवनेश्वर, कटक, बरहामपुर सम्बलपुर और राउरकेला	९
१९७०-७१	अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, चण्डीगढ़, लुधियाना, जलंधर, अमृतसर, पटियाला	८
१९७१-७२	शिमिला, सोलन, नहान, मंडी, धर्मशाला, चम्बा	६
१९७२-७३	आगरा, अलीगढ़, मेरठ, त्रिवेन्द्रम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, कालीकट, गौहाटी डिब्रूगढ़, शिलांग	१०
१९७३-७४	मसूरी, नैनीताल	२
१९७४-७५	विजयवाड़ा, विशाखापटनम, तिरुपति	३
१९७६-७७	हैदराबाद, तिरुपति, विजयवाड़ा, विशाखापटनम, बड़ौदा, भावनगर, राजकोट ओर सूरत	८
१९७७-७८	जम्मू, श्रीनगर	२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दी प्रकाशक संघ की पहल से राष्ट्रीय पुस्तक समारोह और पुस्तक मेले

अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक समारोह १४ से २१ नवम्बर १९६१ तक मनाया गया, और दूसरे वर्ष फिर ४ से १४ नवम्बर १६६१ तक दूसरा राष्ट्रीय पुस्तक समारोह दिल्ली में ही मनाया गया।

द्वितीय पुस्तक समारोह के बाद ५ से १० दिसम्बर तक संघ द्वारा एक सेमीनार "पाठ्य सामग्री के लिए पुस्तक व्यवसायी संगठनों का योगदान" विषय पर संयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन शिक्षा सचिव श्री प्रेमकृपाल ने किया और जिसमें सर्वश्री मुल्कराज आनन्द, बी० एस० केशवन और डी० आर० कालिया जैसे जाने-माने लोगों ने भी भाग लिया।

१९६२-६३ के वर्ष में भारत सरकार ने भी नवसाक्षरों के लिए साहित्य शिविरों का आयोजन पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लिया। मैसूर और आन्ध्र प्रदेश में दो शिविर लगाने का कार्यक्रम स्थिर किया। इसी वर्ष बाल पुस्तक की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक-एक हजार रुपये के २९ पुरस्कार प्रदान किये गये। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि भारतीय भाषाओं में लिखी आयुर्विज्ञान की श्रेष्ठ पुस्तकों पर १० हजार और ५ हजार रुपये के दो पुरस्कार दिये जायेंगे।

इसी वर्ष यूनेस्को के सहयोग से गठित दिल्ली सार्वजनिक पुस्तकालय की ९९वीं स्थापना जयन्ती पर डा० कालूलाल श्रीमाली केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री ने समारोह की अध्यक्षता की। १ दिसम्बर १९६२ को राष्ट्रपति डा० राधाकृष्णन ने चण्डीगढ़ में ६ लाख की लागत से द्वारकादास पुस्तकालय के लिए निर्मित लाजपत भवन का शिलान्यास किया।

१९६३ का वर्ष भारत में पुस्तकप्रदर्शनियों का रहा। बम्बई में प्रकाशक संघ की ओर से पुस्तक मेला आयोजित हुआ। मद्रास में दक्षिण भारत की पुस्तक उद्योग परिषद ने तमिल, तेलुगु, मलयालम कन्नड़, अंग्रेजी और हिन्दी में १९६२ में प्रकाशकीय पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की। दिल्ली विश्वविद्यालय ने दुर्लभ ग्रन्थों और पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी आयोजित की, जिसमें गुरु ग्रन्थ साहब और कुरान शरीफ की फोटोकापियां भी रखी गईं। गुरु ग्रन्थ साहब की फोटो प्रति एक इंच × पौन इंच की और कुरान की फोटो प्रति पौन इंच × आधा इंच की थीं, जिन्हें सूक्ष्मदर्शी की सहायता से पढ़ा जा सकता था।

दिल्ली में एक-एक प्रदर्शनी ब्रिटेन और सोवियत रूस की विज्ञान पाठ्य पुस्तकों की भी आयोजित हुई; किन्तु सबसे अधिक प्रभावशाली वाशिंगटन पोस्ट का बाल-पुस्तक मेला रहा। इस अवसर पर बाल साहित्य की समस्याओं पर एवं सेमीनार भी आयोजित किया गया। ८२ अमरीकी प्रकाशकों ने भी इस वर्ष विज्ञान की पुस्तकों की एक और प्रदर्शनी दिल्ली में आयोजित की।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२६ नवम्बर से ४ दिसम्बर १९६४ तक नई दिल्ली में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रथम अखिल भारतीय पुस्तक प्रदर्शनी को यूनेस्को के करांची प्रादेशिक कार्यालय से प्रकाशित इन्फार्मेशन बुलेटिन के जुलाई, ६५ के अंक में प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक मेला स्वीकार किया है। यह पुस्तक मेला फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन्स इन इण्डिया और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से ट्रस्ट ने संयोजित किया था। इस मेले में १९६० के बाद भारतीय भाषाओं में प्रकाशित चयन के लिए प्रस्तुत १८ हजार पुस्तकों में से १४,४०० पुस्तकें प्रदर्शन के लिए छाँटी गयीं, जो ३१ भारतीय भाषाओं में थीं। मेले का उद्घाटन २६ नवम्बर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति डा० राधाकृष्णन ने किया केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री० एम० सी० छागला ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

इस दिल्ली प्रदर्शनी के साथ "वर्तमान भारत में किन पुस्तकों की आवश्यकता है।" विषय पर एक सेमीनार आयोजित किया गया। इस सेमीनार में पाँच विभिन्न विषयों पर अधिवेशन रखे गये। प्रत्येक अधिवेशन में पहले व्याख्यान और बाद में उसपर चर्चायें की गयीं। "पढ़ने की आदतें और पुस्तकालय" विषय पर अधिवेशन का संचालन डा० वी० एस० केशवन ने किया। "उत्पादन की समस्याएँ कागज, मुद्रण और जिल्दसाजी" विषय पर बैठक का संचालन एशिया पब्लिशिंग हाउस, बम्बई के पी० एस० जयसिंह ने किया, "वितरण की समस्याएँ, पुस्तक बिक्री का अर्थशास्त्र" विषयक विचार विमर्श हिगिन बाथम्स, मद्रास के श्री० वी० बालाराम द्वारा संचालित हुआ और "साहित्य और जीवन पुस्तक में क्या हो" परिचर्चा का संचालन श्री मुल्कराज आनन्द द्वारा किया गया। अन्तिम अधिवेशन में इन चारों परिचर्चाओं का उपसंहार किया गया।

१ दिसम्बर से प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं और उनके एजेण्टों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन फेडरेशन के उपाध्यक्ष श्री सदानन्द भटकल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये। सेमीनार में और इस सम्मेलन में पुस्तक उद्योग के ५५ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन की प्रमुख सिफारिशें ये हैं :

(१) पुस्तकालय आन्दोलन को बल देने के लिए सभी सिफारिशों पर अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जायें :

(२) प्रकाशकों और थोक विक्रेताओं को पुस्तकालयों एवं शिक्षण संस्थाओं को किताबों की सप्लाई के लिए पुस्तक विक्रेताओं को ही उचित माध्यम माना जावे और

(३) टेन्डर प्रथा समाप्त की जाये।

पुस्तक समारोह के अन्त में एक ६२ पृष्ठीय स्मारिका का भी प्रकाशन किया गया, जिसमें नेशनल बुक ट्रस्ट की कहानी और पुस्तक उद्योग से सम्बद्ध विषयों पर लेख महत्वपूर्ण थे।

बम्बई का प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक मेला

बम्बई के क्रास मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेले का ५ नवम्बर, १९६६ को गुजरात के राज्यपाल श्री नित्यानन्द कानूनगो ने उद्घाटन किया और नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष डा० बी० वी० केस्कर ने पुस्तक प्रेमियों का मेले में स्वागत किया। मेले में ८ हजार नयी पुस्तकों की प्रदर्शनी और १५० प्रदर्शन एवं बिक्री स्टाल लगाये गये। ब्रिटेन, फ्रांस, अमरीका, सोवियत रूस एवं अन्य विदेशों के भी मेले में आकर्षक स्टाल लगाये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न भारतीय भाषाओं की संध्यायें आयोजित की गयीं।

मेले के अवसर पर महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री डा० रफीक जकारिया ने १६ नवम्बर को प्रकाशकों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। मेले के साथ ही पुस्तक विक्रेताओं का एक सम्मेलन और हिन्दी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकाशकों का एक सेमीनार भी आयोजित हुआ। देशभर में पुस्तक सप्ताह भी मनाया गया। कलकत्ता में इण्डियन एसोसियेटेड पब्लिशिंग कम्पनी ने बंगाली पुस्तकों की प्रदर्शिनी समायोजित की।

मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मन्त्री राजबहादुर ने की और सर्वोत्तम स्टाल के पुरस्कार ऊषा प्रिन्टर्स और पी० सी० मानकतला को प्रदान किये।

द्वितीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला, दिल्ली

१६ दिसम्बर १९६७ को राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन ने दूसरे राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। नई दिल्ली में ३१ दिसम्बर तक चले, द्वितीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आकल्पन फ्रेंन्कफर्ट बुक फेयर के अनुरूप किया गया, जहाँ १९६६-६७ में १० हजार नवीन प्रकाशन प्रदर्शित किये गये और भारत और विदेशों के २०० पुस्तक कक्ष प्रदर्शन और बिक्री के लिए लगाये गये। इस मेले को ८० हजार से अधिक लोगों ने देखा और लाखों की पुस्तकें यहाँ से क्रय कीं। मेले में सर्वोत्तम स्टाल के दो पुरस्कार क्रमशः मैं० डी० बी० तारापुरवाला एण्ड सन्स को और से मैं० विली ईस्टर्न लिमिटेड को प्रदान किये गये। मेले के साथ ही विदेशी भाषाओं में भारत विषयक पुस्तकों की एक और प्रदर्शनी सांस्कृतिक सम्बन्धों की भारतीय परिषद द्वारा नई दिल्ली में आयोजित की गयी और नेशनल लाइब्रेरी कलकत्ता में चुनी हुई भारतीय भाषाओं की आधुनिक पुस्तकों की प्रदर्शनी रखी गयी।

मेला स्थल पर ही नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा एक सेमीनार "भारत में पुस्तक-समीक्षा" पर आयोजित किया गया जिसमें सर्वश्री आर्थर आइजेन बर्ग, बी एस० केशवन, सी० बी० राव०, एम० वी० राज्याध्यक्ष, डी० आर० मनकेवर, बी० वी० केसकर, एम० हसन, जी० एस० तालिब, एस० जी० भटकल, इन्दर मलहोत्रा और कुन्ही कृष्णन जैसे धुरंधरों ने भाग लिया।

दूसरी सेमीनार यूनेस्को की ओर से दक्षिणी भाषाओं के बुक ट्रस्ट द्वारा मेले के साथ आयोजित हुई जिसका विषय था "बाल पुस्तकें"। सेमीनार का उद्घाटन ने०बु० ट्रस्ट के चेयरमैन डा०बी० वी, केसकर ने किया और तकनीकी निदेशन डा० के० शिवराम करन्थ ने किया। सेमीनार की प्रमुख सिफारिश एक अखिल भारतीय परिषद की स्थापना के लिए थी, जो कि बाल साहित्य में हुए कार्यों का समन्वय कर सके।

इसी अवसर पर अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा उसकी "मासिक पुस्तक प्रदर्शनी योजना" पर एक सेमीनार सम्पन्न हुआ, जिसे संघ के अध्यक्ष श्री रामलाल पुरी ने क्रान्तिकारी योजना बताया। इस योजना में नियमित मासिक पुस्तक प्रदर्शनियों के लिए प्रदर्शनी स्थलों की स्थापना की जानी थी ताकि नवीनतम पुस्तकों के बारे में लोगों को पता लग सके। इन प्रदर्शनियों में सभी प्रकाशकों से अपने नवीनतम प्रकाशनों की प्रतियाँ भेजने को कहा गया। जो कि प्रदर्शनी के बाद उन्हें वापस मिल जायेंगी।

फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुक्सेलर्स ने एक सेमीनार 'पुस्तक वितरण' पर आयोजित किया, जिसमें प्रचार और बिक्री की समस्याओं पर विचार हुआ। दूसरी बैठक फेडरेशन ने 'कापीराइट' पर एक गोलमेज चर्चा के रूप में बुलायीं।

भारतीय ग्रामों में प्रसार योजना

अखिल भारतीय प्रकाशक संघ के तत्कालीन अध्यक्ष श्री रामलाल पुरी और यूनेस्को के मध्य हुए एक समझौते के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या (एल. टी. ०८३४१) उत्तरी भारत में अप्रैल से अक्टूबर १९६७ तक ग्राम पुस्तक अभियान चलाया गया।

भारत की ८० प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में रहती है, और इस ग्रामीण जनता को इस प्रायोगिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

योजना का लक्ष्य बनाया गया। उद्देश्य यह था कि ग्रामीण जनता की पढ़ने की ओर पुस्तकों की ओर रुचि जागृत से और देश में चल रहे आर्थिक और सांस्कृतिक पुर्नर्निर्माण की गतिविधियों की उन्हें जानकारी मिल सके ताकि वे भी इन गतिविधियों में अपनी भूमिका निभा सकें। यह महसूस किया गया कि ग्रामों में अल्पमोली तथा सुरुचिपूर्ण साहित्य सुलभ करना अपने आप में एक बड़ी सेवा है।

प्रारम्भिक सेमीनार

१९६६ की २६ जुलाई को अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ ने प्रारम्भिक कदम के रूप में दिल्ली सार्वजनिक पुस्तकालय में एक सेमीनार "ग्राम पुस्तक अभियान योजना की क्रियान्विति कैसे हो" विषय पर आयोजित किया। इस सेमीनार में श्री बांकेबिहारी भटनागर, सम्पादक साप्ताहिक हिन्दुस्तान, लिट्रेसी हाउस लखनऊ के श्री कस्तूर चन्द गुप्ता, ग्रामविकास परामर्शदात्री समिति के श्री शालिग्राम 'पथिक', श्री दयानन्द वर्मा एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

इस सेमीनार की प्रमुख सिफारिशें और निर्णय निम्न थे :

(१) ऐसी संस्थाओं का, जो गाँवों में विद्यमान हैं, जैसे सर्व सेवा संघ सहयोग प्राप्त किया जावे।

(२) पुस्तक विक्रेताओं के अतिरिक्त ऐसे लोगों का भी सहयोग लिया जावे जिनका गांव के सामाजिक जीवन में प्रमुख स्थान है; जैसे प्रिन्सिपल, अध्यापक, पोस्टमास्टर, पंचायत अधिकारी, उपजिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षित महिलायें आदि।

(३) इस दिशा में समाचारपत्रों व रेडियो, फील्ड पब्लिसिटी आदि से प्रचार भी सहायक होगा।

निदेशकों की नियुक्ति

१६ अगस्त, १९६६ में संघ की कार्यकारिणी ने अपनी एक बैठक में योजना का एक मसविदा स्वीकृत किया जो अध्यक्ष श्री रामलाल पुरी द्वारा यूनेस्को को प्रस्तुत किया गया। योजना पर अमल के लिए पाँच क्षेत्र चुने जाने थे, जिनमें प्रत्येक में ६ केन्द्र हों अर्थात् कुल ३० केन्द्रों पर यह योजना आजमाई जानी थी। अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ के महामन्त्री श्री कृष्णचन्द्र बेरी इस योजना के तकनीकी निदेशक थे और क्षेत्रीय संयोजक सर्वश्री पुरुषोत्तमदास मोदी (लखनऊ क्षेत्र), दीनानाथ मल्होत्रा और अमरनाथ वर्मा (दिल्ली) उमराव सिंह मंगल (जयपुर) ठाकुर चन्द द्वादश श्रेणी (इलाहाबाद) और जसवन्त भाई जी (इन्दौर)।

वाराणसी में अक्टूबर, १९६६ की बैठक में सभी क्षेत्रीय संयोजक इस बात पर सहमत थे कि सब क्षेत्रों के लिए प्रचार सामग्री एक जैसी हो, सभी केन्द्र ऐसे पुस्तक विक्रेताओं द्वारा चलाये जायें, जिनकी दूकानें क्षेत्र के मध्य में पूर्वस्थित हों, और सभी केन्द्रों पर प्रदर्शन की सामग्री भी समान हो। प्रचार की अवस्था में ही शिक्षण संस्थाओं के प्रिन्सिपल और अध्यापकों को योजना में सम्मिलित कर लिया जाना था। जहाँ धनाभाव न हो, वहाँ के समारोहों में आस-पास के गाँवों के बीस प्रतिष्ठित लोग भी आमंत्रित किये जाने का निश्चय हुआ। जिन केन्द्रों पर समारोह न हो सकें, वहाँ हैण्डबिलों तथा पोस्टरों द्वारा प्रचार करने का निश्चय किया गया।

कार्यारम्भ

जो क्षेत्र इस योजना के अन्तर्गत चुने गये थे, उनमें वाराणसी और इलाहाबाद क्षेत्र अकाल-ग्रस्त घोषित कर दिये गये। इसी समय देश में आम चुनाव भी प्रारम्भ हो गये। फलतः यूनेस्को से इस कार्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का समय ६ माह के लिए बढ़ा देने का अनुरोध किया गया, जिसे यूनेस्को के क्षेत्रीय डाइरेक्टर श्री स्मिथ ने स्वीकार कर कार्यकाल ३१ अक्टबर, १६६७ तक के लिये बढ़ा दिया।

केन्द्रीय कार्यालय वाराणसी ने क्षेत्रीय अधिकारियों को इसके लिए एक परिपत्र भेजा, जिसमें योजना से लेकर सर्वेक्षण फार्म का प्रारूप तक था। इस योजना में प्रदर्शित होने वाली तथा विक्रय की जाने वाली पुस्तकों के सम्बन्ध में संघ के १२५ सदस्यों को एक परिपत्र भेजकर कम मूल्य की ग्रामोपयोगी पुस्तकें क्षेत्रीय संयोजकों के पास भेजने को कहा गया। परिपत्र में यूनेस्को के सहयोग से प्रकाशित पुस्तकों को प्राथमिकता देने को कहा गया। योजना को लगभग २० प्रकाशकों ने आगे बढ़ाया, किन्तु हिन्दी प्रकाशक संघ के पास कोश न होने के कारण और पुस्तकें नहीं मँगाई जा सकीं। फिर भी विभिन्न विषयों पर लगभग ५०० तरह की पुस्तकें प्राप्त हुई और सभी केन्द्रों पर लगभग एक सी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।

पुस्तक केन्द्रों और विक्रेताओं का चयन

केन्द्रीय कार्यालय के निर्देशों के अनुसार क्षेत्रीय संयोजकों ने बिक्री केन्द्र स्थापित करते समय इन बातों का ध्यान रखा : (१) केन्द्र ऐसा हो जिसके पास बीस अच्छे खेतिहर गाँव हों और निकट ही विकास खण्ड कार्यालय हो, (२) स्थानीय शिक्षण संस्थाओं की संख्या का ध्यान रखा गया, (३) निकटस्थ क्षेत्रों में हस्तशिल्प या कुटीर उद्योग भी हों। यह तय किया गया कि किस पुस्तक विक्रेता या अखबार बेचने वाले को यह काम सौंपा जाये, जो गाँवों में पढ़ने वाली जनता से परिचित हो और शीघ्र संपर्क बना सके। यदि अखबार बेचने वाला है, तो भी उसके पास ऐसी जगह है जहाँ पुस्तकें सजाकर प्रदर्शित की जा सकें ? ऐसे पुस्तक विक्रेताओं को यह निर्देश दिया गया कि वह अध्यापकों की सहायता से निकट के बीस गाँवों का शैक्षिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत करें।

सभी केन्द्रों में प्रचार के लिए हैण्डबिल, पोस्टर, निमन्त्रण पत्र, बैनर, कन्टेनर (केवल वाराणसी, इलाहाबाद, और दिल्ली केन्द्रों पर) और बुक रैक रखे गये।

प्रसार कार्य—वाराणसी

बड़ा गाँव—वाराणसी क्षेत्र में इस योजना का शुभारम्भ बड़ा गाँव के बलदेव डिग्री कालेज मैदान में २ अप्रेल, १६६७ को किया गया। समारोह में हिन्दी उर्दू के प्रसिद्ध कवियों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, प्राध्यापकों आदि ने भाग लिया। विद्यालय के प्रिन्सिपल श्री रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने एक मील लम्बे रास्ते को झंडियों व पताकाओं से सजा दिया था। समारोह के मुख्य वक्ता नागरी प्रचारिणी सभा के प्रधानमन्त्री श्री सुधाकर पांडेय और डा० किशोरीलाल गुप्त थे। सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने इस समारोह के विवरण प्रकाशित किये। केन्द्र में प्रदर्शित पुस्तकों को पहले ही दिन २ हजार दर्शकों ने देखा।

बड़ा गाँव के आस-पास एक गर्ल्स नार्मल स्कूल, एक डिग्री कालेज, सोलह हाई स्कूल, और आठ जूनियर हाई स्कूल उस समय थे।

भदोही—इस केन्द्र का उद्घाटन १४ मई, १६६७ को इन्द्र बहादुर सिंह इंटर कालेज के प्रांगण में हुआ। विद्यालय के प्रिन्सिपल श्री मिश्री प्रसाद और मैनेजर श्री राधेश्याम गुप्त समारोह के संयोजक थे। पुस्तक केन्द्र के व्यवस्थापक भारती भवन के संचालक श्री अब्दुल रशीद थे। इस आयोजन के लिए प्रमुख वक्ता 'आज' के सम्पादक श्री लक्ष्मीशंकर व्यास थे, और इस सम्मेलन में ४ हजार व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य कार्यक्रम थे—कवि सम्मेलन, पुस्तक प्रदर्शनी और चलचित्र प्रदर्शन।

भदोही कालीन उद्योग का केन्द्र है, जहाँ इस उद्योग के श्रमिक क्षेत्र भर में फैले हुए हैं। जिले का यह वाराणसी के बाद दूसरे नम्बर का शहर है। आस-पास ८ सार्वजनिक पुस्तकालय और लगभग ५० शिक्षण संस्थायें यहाँ उस समय कार्य कर रही थीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कछवा रोड—इस केन्द्र का उद्घाटन २१ अगस्त को स्थानीय गाँधी विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रिन्सिपल श्री लालताप्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। केन्द्र व्यवस्थापक श्री भगवती प्रसाद ने अपनी दूकान से लेकर विद्यालय तक के मार्ग को झंडियों, बैनरों से सजाया और आस-पास के गाँवों में लाउडस्पीकर से प्रचार कराया।

समारोह का उद्घाटन श्रीलंका प्रवासी प्रख्यात बौद्ध श्री महन्तआनन्द कौसल्यायन ने किया। समारोह में यह सुझाव प्राप्त हुआ कि गाँवों में बुक बैंक स्थापित किये जाने चाहिए।

जमानियाँ—केन्द्र का उद्घाटन स्थानीय हिन्दू डिग्री कालेज के प्रिन्सिपल और प्रतिष्ठित समालोचक डा० किशोरीलाल गुप्त ने किया। यह कस्बा गेहूँ की मण्डी है और रेलवे स्टेशन निकट होने के कारण यहाँ यातायात की सुविधा भी उपलब्ध है। डा० किशोरीलाल गुप्त की रूचि और सक्रिय सहयोग से क्षेत्र के रुचि-सर्वेक्षण में पर्याप्त सहायता मिली।

इसी प्रकार **चन्दौली** तथा **रामनगर** में भी पुस्तक केन्द्र खोले गये, जिनके लिए आस-पास के गाँवों में लाउडस्पीकर से प्रचार कराया गया और हैण्डबिल बाँटे गये। ग्रामीणों ने पुस्तकों में रुचि तो दिखाई किन्तु आर्थिक विपन्नता के कारण पुस्तकालय में पुस्तकें उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की।

प्रसार अभियान—दिल्ली

ग्राम पुस्तक प्रसार के दिल्ली अभियान के लिए केन्द्र चुनाव का कार्य सर्व श्री गोपीनाथ अमन (प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्ता), दयानन्द वर्मा (महामन्त्री संघ), प्रो० धर्मचन्द सन्त (दयाल सिंह कालेज) और अमरनाथ (दिल्ली के क्षेत्र संयोजक) ने गाँव-गाँव घूम कर किया। अलीपुर विकास खण्ड अधिकारी कंझावला और बवाना आदि ग्रामों के प्रमुख व्यक्तियों से परामर्श के उपरान्त इन ६ गाँवों में पुस्तक केन्द्र खोलने का निश्चय किया गया। बिजवासन, पूठ खुर्द, बादली, बवाना, नंगल ठाकरान और नांगलोई। श्री दयानन्द वर्मा और श्री अमरनाथ ने पुस्तक केन्द्रों के संचालक नियुक्त किये जो इस प्रकार हैं :

१. श्री हरि भारद्वाज, लाइब्रेरियन, एम० सी० हायर सेकन्डरी स्कूल, नंगल ठाकरान,
२. श्री पन्नालाल, न्यूज एजेन्ट, बवाना
३. श्री राम प्रकाश, संचालक प्रकाश बुक डिपो, नांगलाई
४. श्री मोती राम, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, बादली
५. श्री बी० एस० शर्मा, संचालक, बालविहार, विजवासन
६. श्री माँगे राम, सामाजिक कार्यकर्त्ता, पूठ खुर्द

३१ अगस्त तक इन केन्द्रों में पुस्तकें, स्टेशनरी, प्रचार सामग्री, साइन बोर्ड आदि पहुँचा दिये गये। दिल्ली क्षेत्र के संयोजक ने अपनी व्याख्या में कहा है कि ये सभी गाँव, गाँव न होकर दिल्ली नगर के सब टाउन बने हुए हैं। सर्वेक्षण फार्म पढ़े लिखे लोगों ने ही अधिकतर भरे हैं। सर्वेक्षण से निष्कर्ष यह निकला है कि लोग पढ़ना चाहते हैं, किन्तु पुस्तकें खरीदना नहीं चाहते। अतः यहाँ पुस्तकालयों की स्थापना होनी चाहिए।

नंगल ठाकरान—कृषि की दृष्टि से यह क्षेत्र उन्नत है। यहाँ के पाण्डुझोड में लोग जन्माष्टमी पर नहाने आते हैं। कृषि पण्डित की उपाधि से विभूषित चौधरी जुम्मन ने पुस्तक समारोह में उत्साह से भाग लिया और यह श्रेय केन्द्र व्यवस्थापक श्री हरि भारद्वाज को है कि यहाँ बड़ी संख्या में लोग समारोह में भाग लेने आये।

बवाना—कंझावला विकास खण्ड का यह सबसे बड़ा गाँव है। सब्जी, अनाज आदि की यहाँ दुकानें भी हैं। आस-पास लगभग १२ शिक्षण संस्थायें हैं। लावारिस या आवारा बच्चों के लिए दो बाल-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विहार और एक पुस्तकालय भी यहाँ चल रहे हैं। श्री पन्नालाल, न्यूज एजेन्ट ने १६ गांवों में समारोह के निमन्त्रण भिजवाकर लोगों को एकत्र किया, जिनमें छात्रों की संख्या काफी थी।

नांगलोई—यह सामुदायिक विकास खण्ड का मुख्यालय है। यहाँ पूसा रिसर्च इन्स्टीट्यूट का केन्द्र, १० शिक्षण संस्थायें और दो पुस्तकालय चल रहे हैं। सरकारी बीज भण्डार भी यहीं हैं। केन्द्र व्यवस्थापक श्री राम प्रकाश ने क्षेत्र में योजना का प्रचार किया।

बादली—यादवों के इस गाँव में एक मेडिकल स्कूल, हायर सेकण्डरी स्कूल, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, परिवार नियोजन केन्द्र, कटाई-सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र तथा पशु अस्पताल चल रहे हैं। श्री मोतीराम, (केन्द्र व्यवस्थापक) के उत्साह से उद्घाटन समारोह में ५०० व्यक्ति भाग लेने आये।

पूठ खुर्द—यहां मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज का ग्रामीण प्रशिक्षण केन्द्र चल रहा है। पास ही ६ शिक्षण संस्थायें और एक पुस्तकालय भी है। केन्द्र व्यवस्थापक मास्टर माँगेराम यहाँ के क्लब के संचालक और एक अध्यापक हैं।

बिजवासन—एक अस्पताल, दो हायर सेकण्डरी स्कूल, एक मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल, हायर गाँव में हैं। यह गाँव नेशनल फिजिकल लेबोरेटरीज का वैज्ञानिक गतिविधि का केन्द्र है। केन्द्र व्यवस्थापक श्री भीमशंकर शर्मा ने योजना का प्रचार कराया।

जयपुर में अभियान

राजस्थान के जयपुर क्षेत्र में जहाँ क्षेत्रीय संयोजक श्री उमरावसिंह मंगल को नियुक्त किया गया था, श्री मंगल की सेवायें उपलब्ध न होने पर यह भार श्री चम्पा लाल राँका ने अपने कन्धों पर ले लिया। शहर से २० से ८० मील की दूरी तक के अल्प विकसित, अर्द्ध-विकसित और विकसित सभी प्रकार के निम्न केन्द्र चुने गये :

शाहपुरा—जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय मार्ग पर जयपुर से ३० मील पर स्थित यह कस्बा हजार की आबादी का है। आसपास का क्षेत्र कृषि प्रधान है। बस-स्टैण्ड यातायात का मुख्य केन्द्र है। आस-पास ८ शिक्षण संस्थायें भी चलती हैं। केन्द्र व्यवस्थापक श्री रामेश्वर प्रसाद बजाज ने आस-पास के गाँवों में प्रचार के बाद केन्द्र पर ४००पुस्तकें प्रदर्शित कीं।

कोटपूतली—इस तहसील मुख्यालय पर एक महाविद्यालय, दो उच्चतर विद्यालय चल रहे हैं। यातायात का प्रमुख साधन बस है। यह क्षेत्र शिक्षानुरागी है। केन्द्र व्यवस्थापक श्री मदन लाल ने बड़ी लगन के साथ यहाँ समारोह आयोजित किया।

दौसा—भूतपूर्व जयपुर राज्य की पहली राजधानी (देवगिरि) होने का ही नहीं इस नगरी को भक्त सुन्दरदास की जन्मभूमि होने का भी गौरव प्राप्त है। यहाँ पत्थर की मूर्तियाँ गढ़ने के उद्योग के अतिरिक्त बढ़िया किस्म का कच्चा लोहा भी पाया जाता है। केन्द्र व्यवस्थापक श्री ओमप्रकाश शर्मा ने पुस्तक प्रसार योजना में काफी उत्साह दिखाया यहाँ एक कालेज, एक संस्कृत कालेज, दो हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। एक साबुन फैक्टरी भी है। दौसा के मन्दिर भी सुन्दर हैं।

राजगढ़—बावड़ियों, बगीचों और भव्य मन्दिरों का यह केन्द्र जयपुर से ८० मील दूर है। यहाँ नया महाविद्यालय खुला है। दो माध्यमिक विद्यालय भी हैं। यहाँ लाइम स्टोन की खानें हैं, और मुख्य धन्धा पत्थर कलई का है। केन्द्र व्यवस्थापक श्री प्रह्लादराय गुप्त ने पुस्तक प्रसार योजना को कारगर ढंग से चलाया।

कालाडेरा—जयपुर से २७ मील दूर इस कस्बे में सेठ सहगरिया महाविद्यालय और एक माध्यमिक विद्यालय चल रहे हैं। इनमें एक हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं (६७)। क्षेत्र में गाँवों के दो हजार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कृषि और व्यापार यहाँ के मुख्य धन्धे हैं। उद्घाटन समारोह का आयोजन केन्द्र व्यवस्थापक श्री रघुनाथ प्रसाद कुमावत ने किया।

चौमू—जयपुर से २० मील दूर २० हजार की आबादी वाले इस नगर में भारत प्रसिद्ध खादी उत्पादन केन्द्र हैं। यहाँ पर एक उच्च माध्यमिक शाला व एक उच्च प्राथमिक शाला है।

राजस्थान के गाँवों में पुस्तक प्रसार का ऐसा कार्य पहली बार हुआ और अनुभव ने सिद्ध किया कि इस प्रकार का अभियान प्रतिवर्ष चलाया जाये तो पठन-पाठन की अभिरुचि के विकास में पर्याप्त सफलता मिल सकती है। यहाँ के पुस्तक व्यवसाइयों में ग्रामोपयोगी पुस्तकों के लिए रुचि जगी और शिक्षकों एवं शिक्षाधिकारियों ने भरपूर सहयोग दिया। विचार-विमर्श में तय पाया गया कि गाँवों में आर्थिक उन्नति का रास्ता दिखाने वाली सरल भाषा की उपयोगी पुस्तकें खूब चलेंगी, जिनका अधिकाधिक प्रकाशन होना चाहिए।

इलाहाबाद और इन्दौर

अकाल पीड़ित होने के कारण इलाहाबाद क्षेत्र में यह अभियान विशेष सफलताएँ अर्जित नहीं कर सका। (1) हँडिया, (2) जँवई, (3) सिरसा, (4) नैनी और (5) फूलपुर में केन्द्र स्थापित तो किये गये, किन्तु लोगों को अन्न की भूख थी, फिलहाल पुस्तकों की नहीं।

इन्दौर क्षेत्र के धारनाका नामक गाँव में इस योजना के अन्तर्गत मई में एक केन्द्र खोला गया। पंचायत अधिकारी और साहित्यकारों की उपस्थिति में विधायक श्री भागवत साबू ने ज्ञानदीप जलाकर केन्द्र का उद्घाटन किया। केन्द्र पर कृषि, गौ-पालन, कताई-बुनाई, ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, चिकित्सा, बाल साहित्य, महिलोपयोगी पुस्तकें, प्रौढ़-शिक्षा, अध्यात्म, सर्वोदय और ग्रामोपयोगी विषयों पर पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं।

विक्रय और रुचि के सर्वेक्षण

प्रयत्नों और प्रयोगों के परिणामस्वरूप यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण जनता की पुस्तकें पढ़ने में रुचि तो है, किन्तु उनमें खरीदने की क्षमता का अभाव है। फिर भी कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में पुस्तकें बिकीं, और यदि ऐसे प्रयोग दोहराये जाते रहे तो ग्रामीण जनता में खरीदकर पढ़ने की रुचि अवश्य जागृत होगी। पुस्तक विक्रेताओं के अनुभव से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिनेमा और अश्लील साहित्य के प्रति जो रुचि है, उसका परिष्कार कालान्तर में निरन्तर सत्साहित्य के प्रचार से किया जा सकता है। हाँ, धार्मिक साहित्य की जरूर कुछ माँग है।

पाठकों की रुचि पाठकों की रुचि के सर्वेक्षण के लिए प्रत्येक केन्द्र पर २०० से ५०० सर्वेक्षण फार्म भेजे गये, जिनमें से केवल ६५० फार्म रिपोर्ट के समय लौटकर प्राप्त हुए। अतएव केवल उतने से ग्रामीण पाठकों की ही रुचि का सर्वेक्षण किया जा सका जो कि पुस्तक केन्द्र पर आये और जिन्होंने फार्म भरकर दिये। बड़ी आयु के पाठकों ने छोटे आकार की पुस्तकें पढ़ने में रुचि दिखाई, तो छोटी आयु के पाठकों ने बड़ी-बड़ी पुस्तकों में। बड़े आयु के लोगों के पास अन्य आयु वर्ग के लोगों से पुस्तकें भी कम मात्रा में थीं। गांवों में पुस्तकालयों की संख्या भी ५ प्रतिशत ही पाई गयी।

कठिनाइयाँ—गाँव के पाठकों को संक्षेप में निम्न कठिनाइयाँ हैं :

(१) पुस्तकालयों का अभाव, (२) शिक्षा की कमी, (३) निर्धनता, (४) पुस्तकों का अधिक मूल्य और (५) पुस्तकों के प्रचार में कमी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्तुतियाँ

(१) ग्रामों के लिए पुस्तक विक्रेता प्रशिक्षित किये जायें। इन्हें क्षेत्र के इतिहास, समाज उद्योग और आर्थिक स्तर से परिचित होना चाहिए।

(२) फिलहाल गाँवों में पुस्तक विक्रेताओं का रिफ्रेशर कोर्स चलाया जावे।

(३) गाँवों में पुस्तकों के प्रचार के लिए प्रशिक्षार्थी गाइड तैयार की जाये।

(४) "पुस्तकें पढ़ें—गाँव समुन्नत करें"– जैसे आकर्षक नारों वाले पोस्टर गाँव के बाजार में लगाये जायें।

(५) गाँवों के लिए 25 पैसे से 50 पैसे मूल्य की विविध विषयों की पुस्तकें तैयार कराई जायें, जो मेलों एवं बाजारों में बेची जायें।

(६) लोक साहित्य प्रौढ़ों के लिये बड़े अक्षरों में और बच्चों के लिए सचित्र प्रकाशित किया जाये।

(७) गाँवों में पुस्तकें पहुँचाने के लिए चलती-फिरती दुकानें पहुँचाई जायें।

अतीत से अनुराग

फ्रेंकफर्ट में हुए पिछले विश्व पुस्तक मेले में जिन जर्मन पुस्तकों को अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त हुई उनसे एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाठकों में अतीत के प्रति अत्यन्त अनुराग है। लोग जानना ही चाहते है कि जो जमाना बीत गया वह कैसा था। ललित साहित्य के बाहर की कृतियों में यह बात विशेषत: देखने में आयी। एक नया विषय जिसकी पुस्तकें बहुत अधिक बिकीं वह है प्रशिया, जर्मनी का अतीतकालीन साम्राज्य। जिन दो दर्जन लेखकों की पुस्तकें बहुत अधिक बिकती हैं उनकी इस विषय पर पुस्तकें मेले में पहली बार प्रस्तुत हुई थीं।

ऐसा तब हुआ था जब प्रशियन साम्राज्य का कोई स्मृति दिवस मेले के दिनों अथवा इस वर्ष के आसपास नहीं पड़ा था। फिर भी इस विषय की पुस्तकें सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तकों में सबसे ऊपर पहुँच गयीं।

अतीत के प्रति अनुराग जागृत करने में कुछ "व्यापार बुद्धि वाले" प्रकाशकों का प्रयत्न विशेष माना जाता है।

जर्मन अतीत पर लिखी इन नवीन पुस्तकों का कोई तालमेल इतिहास की पारस्परिक पुस्तकों से नहीं है : इन्हें लिखा ही इनसे आय करने के लिए गया है। अतीतकालीन विशिष्ट व्यक्तियों की जीवनियाँ लोकप्रिय बनाने के लिए इस प्रकार रची गयी हैं, और तत्कालीन जर्मन साम्राज्य का ऐसा मनोवैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है कि जो भी गौरव और सम्मान उनके प्रति अब तक बना हुआ था वह मिट्टी में मिल गया है : और उस मिट्टी से लेखक और प्रकाशक सोना बना रहे हैं। सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक को नाम ही दिया गया है : "प्रशिया विदाउट ग्लोरी"। एक लोकप्रिय पुस्तक का इससे उल्टा भी नाम है : "दि ग्लोरी आफ प्रशिया।"

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचार गोष्ठी

पुस्तक मेले : कैसे रहे, कैसे हों

विचारक : श्री जवाहर चौधरी,
अध्यक्ष, अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ
श्री दयानन्द वर्मा,
भूतपूर्व महामंत्री, अ० भा० हिन्दी प्रकाशक संघ
श्री सी० एच० चावला,
अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन इन इण्डिया
श्री एस० के० भाटिया,
महा मंत्री, फेडरेशन ग्राफ इण्डियन पब्लिशर्स
श्री सैम्युअल इसरायल,
भूतपूर्व निदेशक, नेशनल बुक ट्रस्ट
डा० जे० एम० ओझा,
संचालक, मानसामन

प्रस्तोता : श्री जगदीश चतुर्वेदी

देश-विदेश में आयोजित सभी स्तरों के पुस्तक मेलों का परिचयात्मक विवरण ही पर्याप्त नहीं है। इनका एक सजीव मूल्यांकन भी आवश्यक है। हमारे पास इन मेलों का जो अनुभव है, हमें उसी पर आधारित अनुभव-जन्य अनुमान चाहिए। हमने इन मेलों का स्वरूप देखा है, हमें इनकी सम्भावनाओं का आकलन करना होगा।

हमारी प्रश्नावली छोटी-सी थी। राष्ट्रीय एवं विश्व पुस्तक मेलों के आयोजन के पीछे कौन से उद्देश्य थे, उन उद्देश्यों की पूर्ति कहाँ तक हुई, इन मेलों में सुधार की आगे क्या गुंजाइश है, आदि।

सबसे पहली बात इस परिचर्चा से यह प्रकट हुई कि १९७८ तक हमारे राष्ट्रीय और विश्व पुस्तक मेले भारतीय भाषाओं के प्रति भारी उपेक्षा बरतते रहे हैं। इन मेलों के आयोजनकर्त्ता-नेशनल बुक ट्रस्ट का सोचने का ढंग सरकारी तन्त्र से बँधा हुआ है, इसलिए इस बात पर प्राय: एकमति थी कि इन मेलों के आयोजन का कार्य पुस्तक उद्योग अपने फेडरेशनों या फेडरेशनों के किसी केन्द्रीय संगठन के माध्यम से स्वयं अपने हाथों में ले।

यह भी महसूस किया गया कि ऐसे उपाय किये जायें, जिससे छोटे बजट वाले प्रकाशक विक्रेता भी इन मेलों में भाग ले सकें और स्थानीय प्रशासन से सहयोग लेकर इन मेलों में सभी विश्वविद्यालयों, शिक्षण-संस्थाओं, पुस्तकालयों, शिक्षाविदों, और पुस्तक प्रेमी वर्गों को अधिकाधिक संख्या में सहयोगी बनाया जा सके।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एन० बी० टी० का सोचने का ढंग सरकारी तंत्र से जुड़ा है : जवाहर चौधरी

श्री जवाहर चौधरी के अनुसार यह कल्पना ही नितान्त असंगत है कि देश समुचित पुस्तकीय वातावरण के अभाव मे किसी भी क्षेत्र मे प्रगति करें। वे इस प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि क्या देश हर क्षेत्र में प्रगति करने के बाद भी पढ़ाई-लिखाई में पिछड़ा रहे तो उन्हें सन्तोष होगा।

जोर देने पर उन्होंने कहा कि पुस्तकों से निरपेक्ष हमारी जो भी प्रगति होगी, एकांगी होगी। विलोमतः समाज के बहुमुखी विकास और चतुर्मुखी प्रगति के लिए पुस्तक उन्नयन के कार्यक्रम अनिवार्य है।

आम आदमी के लिए पुस्तकें

पुस्तकें विलास की वस्तु नहीं हैं। थोड़े से लोगों के सौन्दर्यबोध की तुष्टि के लिए हमें 'पुस्तकें इतनी मँहगी करनी पड़ती हैं। हिन्दी प्रकाशक संघ के अध्यक्ष श्री जवाहर चौधरी चाहते हैं कि आम लोगों तक पुस्तकें पहुँचें। कोई जरूरत नहीं कि मँहगा कागज लिया जाये। सिलाई, कटिंग, जिल्दबंदी और बहुरंगे आवरण से पुस्तक का मँहगा शृंगार किया जाये। लोगों के काम की बातें छापिये और बिना सिले हुए फार्म सीधे उन्हें पहुँचा दीजिये।

श्री चौधरी ने इस सन्दर्भ में रूस का एक उदाहरण दिया। वहाँ बनजारा जातियाँ थीं, जिनमें युगों से शिक्षा का संस्कार नहीं था। कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को कहा गया कि वे लोग उनके बीच में रहें, और यह जानने का प्रयत्न करें कि इनके लिए अर्थाकरी विद्या कैसी और क्या हो। हम भारत में प्रौढ़ों को साक्षर करने के लिए उन्हें 'क' से कबूतर रटायेंगे तो न उनका काम चलेगा और न ही सरस्वती इसे अपनी आराधना स्वीकार करेगी।

हमारे सामाजिक-आर्थिक जीवन से संश्लिष्ट हुए बिना शिक्षा व्यर्थ है। शिक्षा वह नहीं है जो सरकार या कोई संस्था देना चाहे। शिक्षा वह है जो लोग जानना चाहें, जिससे उनके जीवन में स्वाधीनता आये सहजता और सुविधा में वृद्धि हो। प्रौढ़ों को साक्षर करना है, तो उन्हें काम की बातें बताइये, निरर्थक बातें मत रटाइये। उनके जीवन में महत्व गुणात्मक और ऋणात्मक का है, इसकी समझ उन्हें दीजिए। ऐसा ही साहित्य उनके लिए तैयार हो।

पुस्तक मेले, पुस्तकीय वातावरण

हम लोग पुस्तकों, पुस्तक मेलों और पुस्तकीय वातावरण के बारे में बात कर रहे थे। पुस्तक मेलों का उद्देश्य प्रायः आदमी को पुस्तकों के निकट लाना है। एक पुस्तकोन्मुख समाज का विकास करना है, क्योंकि शिक्षा और ज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण पुस्तक है। पुस्तक केवल विशिष्टजनों के लिए नहीं जन सामान्य के लिए होनी चाहिए। वाणी में मूर्त होते ही स्वर अक्षर कैसे हो जाता है, यह चमत्कार हमारा आम आदमी भी देखे—वह जो किसी दूर गांव में रहता है और जिस पर लक्ष्मी प्रसन्न नहीं है। उस पर सरस्वती तो प्रसन्न है।

श्री जवाहर चौधरी ने अपने विशिष्ट देहलवी लहजे में कहा, 'यह मत पूछिये कि मेरा मेलों से कब से सम्बन्ध है। यह पूछिये कि मेले मुझसे कबसे सम्बन्धित रहे हैं।

"शायद ५७-५८ की बात है। इण्डियन पीपुल्स थियेटर ऐसोसियेशन-इप्टा का दिल्ली में अधिवेशन हुआ। मैं स्वागत समिति का संयोजक था, श्री रामलाल पुरी उसके संरक्षक थे। भारतीय जन नाट्य संघ के अधिवेशन के लिए हमने 'नटराज नगरी' बसाई थी। तब श्री पुरी का ध्यान मेरी ओर गया।

श्री चौधरी ने बताया गांधी मैदान में वे दिल्ली मेला आयोजित करते थे। आत्माराम एण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सन्स के श्री रामलाल पुरी फ्रेंकफर्ट या विदेश के किसी विश्व पुस्तक मेले में भाग लेकर लौटे थे। श्री पुरी ने श्री जवाहर चौधरी को अपने प्रतिष्ठान मे रख लिया और वे चाहते थे कि आगामी दिल्ली मेले के अवसर पर वहाँ विश्व स्तर का पुस्तक समारोह आयोजित हो। तय किया गया कि गाँधी मैदान के इस दिल्ली मेले का एक भाग पुस्तक-कक्ष बने। श्री पुरी ने हिन्दी प्रकाशक संघ के सदस्यों से परामर्श किया। मेले के इस भाग में पुस्तकों की कोई पचास दूकानें लगाई गयी। इसके तकनीकी निदेशक तब के हिन्दी प्रकाशक संघ के अध्यक्ष श्री रामलाल पुरी थे, और संयोजक आज के अध्यक्ष श्री जवाहर चौधरी और यही अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय पुस्तक समारोह के रूप में विख्यात हुआ।

पुराने संस्मरणों में खोये श्री चौधरी ने कहा, 'पुरी जी मूलतः स्वप्नदर्शी हैं, वे योजनाएँ दे सकते हैं। ...... आप जानते हैं, नीति निर्धारण एक अलग काम है, और उस नीति का क्रियान्वयन दूसरी तरह का काम है। पालिसीमेकर (नीति निर्धारणकर्त्ता) और ऐक्जीक्यूटिव अलग-अलग होने चाहिए। आप उनकी मासिक प्रदर्शनी योजना को लीजिए। चली नहीं, पर योजना बहुत अच्छी थी। ...."

"दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने यूनेस्को के सहयोग से गठित दिल्ली सार्वजनिक पुस्तकालय द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शनियाँ भी मैंने देखी हैं। मैंने तो ग्रामीण मेलों में भी पुस्तकों की दूकानें देखी हैं। नौचन्दी के मेले में पुस्तकों की दूकानें होती थीं। ...... पर आप पूछिए, क्या पूछना चाहते है ?"

एन० बी० टी० की सीमा

एन० बी० टी० के पुस्तक मेले ? अच्छे हैं, बहुत अच्छे हैं। ये अपने प्रयोजन मे सफल रहे हैं लेकिन एक सीमा तक। इस बार श्री चौधरी को फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन्स इन इण्डिया द्वारा चतुर्थ विश्व पुस्तक मेले की तैयारियों के सिलसिले मे बुलाया गया था। अभी उन्होंने विश्व व्यापार मेले मे पुस्तकों को सजा देखा। बड़ा सफल प्रयोग था। चार लाख रुपये की किताबों की वहाँ नकद बिक्री हुई। फेडरेशन आफ इण्डियन पब्लिशर्स ने भी फीरोजशाह कोटला मैदान पर एक और पुस्तक मेला १० दिन तक लगाया। आयोजकगण इसे भी सफल बताते हैं।

सीमा कहाँ है ? एन० बी० टी० का सोचने का ढंग सरकारी है। वह सरकारी तन्त्र से बँधा हुआ है। वह हिन्दी या भारतीय भाषाओं प्रकाशकों की के दृष्टि से नहीं देख पाता। वह मेले में भाग लेने वाले दर्शक की दृष्टि से नहीं देख पाता। वह खर्च के आमदनी के और दर्शकों की उपस्थिति के आँकड़े देकर छुट्टी पा लेना चाहता है। उसके काम करने का तरीका ऐसा है, जो मंहगा पड़ता है। हमारा छोटा काशक उसे बूते के बाहर की बात मानता है।

हिन्दी प्रकाशक संघ की पहल

आवेशपूर्ण मुद्रा और आक्रोश भरे स्वर में श्री जवाहर चौधरी बोले, 1970 के तीसरे विश्व पुस्तक मेले मे पहली बार लोगो को समझ आई और पहली बार विश्व पुस्तक मेले में हिन्दी मण्डप को स्थान मिला। १९८० के इस चौथे विश्व पुस्तक मेले में पहली बार भारतीय भाषाओं का मण्डप लगेगा।

अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ तो प्रारम्भ से ही ट्रस्ट को पुस्तक मेलों के आयोजन में सहयोग देता रहा है। यह संघ के सतत् प्रयासों का ही परिणाम है कि एक बहुत बड़ी विसंगति से इसे त्राण मिला। भारत में विश्व भर की पुस्तकों का मेला लगे और उसमें भारतीय भाषाओं की हिन्दी की पुस्तकें न हो ! इसका श्रेय हिन्दी प्रकाशक संघ को ही है कि उसके प्रयासो से पहले हिन्दी को और अब उसको पहल पर भारतीय भाषाओं को विश्व पुस्तक मेले मे प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। ट्रस्ट को आया-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तित पुस्तकों का, विदेशी प्रकाशकों का और अंग्रेजी का यह मोह छोड़ना ही पड़ेगा। नेशनल बुक ट्रस्ट का यह कर्तव्य है, प्रथम कर्तव्य है, कि वह भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता दे, और भारतीय भाषाओं की छवि को उभारे—भारतीय भाषाओं को प्रोजेक्ट करे।"

श्री जवाहर चौधरी ने कहा, "तृतीय विश्व पुस्तक मेले से हमें बहुत लाभ हुआ। सभी भाषाओं के प्रकाशकों को, पुस्तक व्यवसाइयों को निकट आने का अवसर मिला, गलत फहमियाँ दूर हुईं, परस्पर सहयोग और सौहार्द का द्वार खुला और भविष्य के लिए ऐसे आयोजनों की सफलता आश्वस्त हुई।"

ओछी पूँजी के व्यवसाय

आपने बताया, "भारतीय भाषाओं और हिन्दी में हमारा प्रकाशन उद्योग ओछी पूँजी से चल रहा है। उसे अंग्रेजी प्रकाशन उद्योग जैसी सुविधा नही है। विदेशी भाषा की पुस्तकों के स्टाकिस्ट या उनके एजेण्ट पैसे के अभाव से पीड़ित नही हैं और उनके प्रिन्सिपल्स (मुखिया) हर अवसर का लाभ उठाने के लिए पैसे का सहारा दे देते हैं। इसलिए भारतीय भाषाओं के प्रति हमें विशेष सहानुभूति की अपेक्षा है। सरकार और ट्रस्ट से वह साहनुभूति हमको मिलनी चाहिये।"

पुस्तक व्यवसायी मेले लगायें

पुस्तक व्यवसायी संगठनों की भूमिका के बारे में श्री चौधरी ने कहा पुस्तक मेलों के आयोजन का काम इन संघों को स्वयं करना चाहिये। इन्हें मजबूत होना चाहिए और खुद जिम्मेदारी उठानी चाहिए। यह काम सरकार ही क्यों करे?

आपने कहा, "सरकार के काम अलग हैं। सरकार देश में शिक्षा का प्रसार करे, पुस्तकालय आन्दोलन चलाये, और देश भर में पुस्तकालयों का जाल बिछाये। केवल उत्तर भारत के हिन्दी भाषी क्षेत्र में ही दिल्ली सार्वजनिक पुस्तकालय जैसे तीन हजार पुस्तकालयों की आवश्यकता है। सरकार ऐसी व्यस्था करे कि किताबों के दाम कम हों। कागज सस्ता हो, मुद्रण सस्ता हो, गत्ता सस्ता उपलब्ध हो और प्रकाशकों व वितरकों को व्यवसायगत सुविधायें प्राप्त हों। पुस्तक मेलों के लिए सरकार जो कर सकती है, करे, पर हमारे पुस्तक-उद्योग के संगठन पहल करके इन मेलों की जिम्मेदारी लें। यह मुख्य बात है।"

फेडरेशन मेले आयोजित करे, सघ मदद करें और सरकार वित्तीय अनुदान दे : दयानन्द वर्मा

अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक सघ के कई बार महामन्त्री बनने वाले और विशाल पुस्तक प्रदर्शनियों के कई अनुभव रखने वाले श्री दयानन्द वर्मा ने दृढ़ शब्दों में कहा, पुस्तक मेले अनिवार्य हैं। हमारे देश में पुस्तक एक उपेक्षित वस्तु है, जिसके बारे में लोगों को खबर नहीं लग पाती। इसलिए जब पुस्तक मेले लगते हैं तो पुस्तकों के बारे में लोगों को तुरन्त जानकारी मिल जाती है।

श्री दयानन्द ने कहा, मैं पुस्तक मेलों की सलाहकार समिति में रहा हूँ। हम लोग १० वर्षों से हिन्दी पुस्तकों को राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भेज रहे हैं। श्री रामलाल पुरी की मासिक पुस्तक प्रदर्शनी योजना बहुत अच्छी थी और उसके न चल पाने का खेद है। किन्तु हिन्दी प्रकाशक संघ और स्वयं श्री वर्मा पुस्तक प्रदर्शनियों में बड़ा रुचि रखते हैं। बंसल जी (श्री रघुवीर शरण बंसल) ने विश्व हिन्दी सम्मेलन, नागपुर के लिए एन० बी० टी० से हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का पूरा चार्ज लिया। संघ सदैव नेशनल बुक ट्रस्ट को मेलों, प्रदर्शनियों में भरपूर सहयोग देता रहा है। अहमदाबाद या बंगलौर, जहाँ जरूरत पड़े हिन्दी प्रकाशक संघ ट्रस्ट से कंधा भिड़ाये खड़ा रहता है।

मेलों का लाभ नहीं मिल पाता

किन्तु श्री दयानन्द वर्मा ने कहा, नेशनल बुक ट्रस्ट के राष्ट्रीय और विश्व पुस्तक मेलों से हमे पूरा लाभ मिल नहीं पाता। ऐसे स्टेण्ड के लिए, जहाँ केवल तीस पुस्तकें दिखाई जा सकें, ट्रस्ट ६५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुपया किराया लेता है। ४,५०० रुपये किराये वाले स्टाल पर २५० पुस्तकें प्रदर्शित की जा सकती हैं। यह खर्चा भारतीय भाषा प्रकाशकों के लिए बहुत भारी पड़ता है। केवल बड़े बजट वाले प्रकाशक ही इस तरह का भारी खर्चा उठाकर इन मेलों में भाग ले सकता है। अँग्रेजी को सामने रखने से भी हिन्दी पिछले मेलों में हल्की पड़ती थी। अन्य भारतीय भाषाओं में केवल बंगला, गुजराती, मलयालम वाले तो थोड़ी बहुत रुचि ले रहे थे, बाकी तृतीय विश्व पुस्तक मेले तक हमारे यहाँ अँग्रेजी का ही बोलबाला रहा।

श्री वर्मा ने कहा, बहुत कोशिशें करने पर पिछले विश्व पुस्तक मेले में हिन्दी मण्डप लग पाया था, और उन्हीं अनथक प्रयत्नों को अब तक जारी रखने का परिणाम यह हुआ है कि इस बार विश्व पुस्तक मेले में भारतीय भाषाओं का मण्डप लगेगा। किन्तु छोटे प्रकाशक की दृष्टि से ये मेले अभी तक ऐयाशी से सुमार हैं। अंग्रेजी के देशी-विदेशी प्रकाशकों के पास इस तरह के कार्यक्रम के लिए फण्ड्स होते हैं। हिन्दी पुस्तक उद्योग के जो लोग इन मेलों में भाग ले रहे हैं, वे हिन्दी प्रकाशक संघ के विशेष अनुरोध पर ऐसा कर रहे हैं। तीसरे विश्व पुस्तक मेले में हिन्दी प्रकाशक संघ खुलकर सामने आया। फिर भी हमारा अनुभव यही है कि इन मेलों में भाग लेकर हम तुरन्त व्यापारिक लाभ नहीं उठा पाते और ओछी पूँजी के कारण हम वेट (प्रतीक्षा) करने की स्थिति में नहीं है। यह दूरगामी दृष्टि बड़ा प्रकाशक रख सकता है, छोटा प्रकाशक नहीं रख पाता।

प्रकाशक संघों के मेले ज्यादा अच्छे

अन्य पुस्तक मेलों की चर्चा चलने पर जो बिना नेशनल बुक ट्रस्ट को माध्यम बनाये आयोजित होते रहते हैं। श्री वर्मा ने कहा, प्रकाशक संघों के ये अपने मेले इस दृष्टि से ज्यादा अच्छे हैं। वे कम खर्चीले पड़ते हैं। इनमें भी कलकत्ता का पुस्तक मेला सबसे अधिक बिक्री-आधारित मेला है। कलकत्ता पुस्तक मेला उनके दो शब्दो में "कमाल की चीज" है।

श्री दयानन्द वर्मा ने कहा, इस बार एफ० पी० बी० ए० ने विश्व व्यापार मेले में पुस्तक मेला लगाकर एक मिसाल कायम की है। इस फेडरेशन ने मेला अधिकारियों को किसी तरह राजी किया कि वे किताबों को भी देश का उत्पादन मान लें। फेडरेशन के इस अभियान को हिन्दी प्रकाशक संघ ने भरपूर सहयोग और समर्थन दिया और मेले में भाग लेने के लिए अपने सदस्यों को प्रेरित किया। मेले के अवसर पर १० प्रतिशत की विशेष छूट दी गयी। इस मेले में चार लाख रुपयों से अधिक की किताबें काउन्टर पर बिकीं। दूर लगने वाले मेलों में प्रायः आदमी नहीं पहुँच पाता, किन्तु इस मेले से हमें रीडरशिप (पाठकीयता) का एक नया आयाम मिला है।

सरकार का खर्च नहीं होता

यह ध्यान दिलाने पर कि एन० बी० टी० को इण्डियन फेयर अथारिटी को किराये के रूप में बहुत पैसा देना पड़ता है। श्री वर्मा ने बताया, दरअसल वह खर्चा नहीं है। वह पैसा सरकार, सरकार को ही देती है, बुक एडजस्टमेंट (किताबी जमा खर्च) होता है। यानी एक जेब से पैसा निकालकर दूसरी जेब में रख लिया जाता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह मेलों के आयोजन के समय किराये-भाड़े नाममात्र के लिए ले, सिर्फ बिजली पानी के खर्चे पर जगह दे। मेले अपने उद्देश्य में तभी सफल माने जायेंगे, जबकि छोटे से छोटा प्रकाशक और छोटे से छोटा पुस्तक विक्रेता इसमें भाग लेने की सामर्थ्य जुटा सके। जब सभी प्रकार के प्रकाशक विक्रेता और पाठक मेलों में आयेंगे, तभी बुकमाइन्डेडनेस (पुस्तकोन्मुखता) बढ़ेगी।

फेडरेशन करे, संघ मदद दे और सरकार अनुदान दे

जब हम लोगों की यह बात चल रही थी, तभी हिन्दी प्रकाशक संघ के अध्यक्ष श्री जवाहर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौधरी हम लोगों के बीच आ गये। इसके बाद जो बात हुई उसे हम हिन्दी प्रकाशक संघ की औपचारिक घोषणा तो नहीं कह सकते, किन्तु हमें लगा इन बातों में अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ स्वयं बोल रहा है।

"राष्ट्रीय पुस्तक मेले बहुत बड़े राष्ट्रीय पैमाने पर आयोजित होने चाहिए। इसके लिए नेशनल बुक ट्रस्ट को सभी प्रकाशक संघों से मदद लेनी चाहिए। भारतीय भाषाओं के पुस्तक मेलों के लिए सरकार से विशेष अनुदान मिलने चाहिए। राज्यों के स्तर पर भी ऐसे पुस्तक मेले लगने चाहिए। सबसे अच्छा तरीका यह है कि प्रकाशक संघों का फेडरेशन ऐसे आयोजन करे, प्रकाशक संघ फेडरेशन को सहयोग दे और सरकार इसके लिए अनुदान दे।"

छोटे प्रकाशकों के लिए दिल्ली का विश्व पुस्तक मेला : लंदन फ्रेन्कफर्ट जितनी दूर : सी० एम० चावला

फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स एसोसियेशन्स इन इण्डिया के अध्यक्ष, श्री सी० एम० चावला का हर बात को सोचने का तरीका बहुत साफ-सुथरा है, और किसी प्रश्न के उत्तर के लिए उन्हें एक क्षण ठहरने की जरूरत नहीं पड़ती। वे सिर्फ उतनी देर ठहरे जितनी देर उनके हाथ का काम समाप्त नहीं हुआ और फिर तो ऐसा लगा जैसे उनकी बातों को लिखने वाली कलम विचारों के धारा प्रवाह में पीछे रह जाती है।

पुस्तक मेलों का उद्देश्य, श्री चावला ने कहा, बहुत साफ है। हमारे यहां पुस्तकों के पाठक बहुत कम हैं। यदि बहुत-सी पुस्तकों को एक जगह रख कर पुस्तक मेले का रूप दिया जाये, तो इससे यह सुविधा मिलती है कि सभी प्रकाशक मिलकर एक ही स्थान पर अपने विभिन्न प्रकाशनों का प्रदर्शन कर सकते हैं, जहां जनता को उसका ध्यान आकर्षित करके बुलाया जाये। लोग मेला देखने आयें और खरीदारी करें।

मेलों का समग्र प्रभाव

श्री चावला ने कहा, हमें मेले के समग्र प्रभाव का अध्ययन करना होगा। जिन लोगों ने पुस्तकें लिखीं छापीं, तैयार की हैं, जिन्हें खरीदनी हैं—विद्यार्थी, पुस्तकालयाध्यक्ष, शिक्षाविद, पुस्तक प्रेमी सब पर इसके प्रभाव को आंकना होगा। फिर यहां मेले का वातावरण तैयार किया जाता है। लोगों को महसूस होता है यह तमाशा कुछ दिनों बाद उठ जायेगा। अर्जेन्सी का वातावरण होता है। लोग सोचते हैं, कोई अच्छी चीज देखने से छूट न जाये। आये हैं, टिकिट लिया है, समय दिया है, खाली हाथ क्यों लौटें ? यहां हर प्रकार का पाठक आता है, जिसे हर प्रकार से चयन का अवसर मिलता है, वह मनपसन्द किताब चुन कर लेता है और इन्तजार करता है कि अब ऐसा दूसरा मेला देखने को उसे कब मिलेगा।

एक किताब की दुकान एक जगह पड़ी रहती है, वह कहीं जायेगी नहीं। फिर दुकान का दायरा छोटा होता है। थोड़े से विषयों पर एक दुकान में थोड़ी-सी पुस्तकें होंगी। इसके विपरीत मेले का एक पुस्तकीय वातावरण बन जाता है। उल्लास और उमंग भरे इस वातावरण में हर विषय की, हर भाषा की, हर पाठक के लिए पुस्तक मिल जाती है। यहां हर एक के लिए कुछ न कुछ अवश्य मिलेगा।

दिल्ली के मेले, लंदन की दूरी

श्री चावला ने बताया, सरकार सम्भवतः विलम्ब की भी क्षतिपूर्ति करेगी और पुस्तक उद्योग की घबराहट दूर करने के लिए इस बार विशेष अनुदान जारी करेगी। होली के त्योहार का इस मेले पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ सकता क्योंकि होली दिल्ली में भी होती है और होली पर दिल्ली खाली नहीं हो जाती। उलटे इससे उल्लास और तमाशे का वातावरण बढ़ेगा।

इन आयोजनों में क्या कमी रह जाती है? इस बारे में श्री चावला ने हँसकर कहा, छोटे प्रकाशक के लिए हमारा दिल्ली का विश्व पुस्तक मेला भी उतनी ही दूर है जितना फ्रेंकफर्ट या लंदन का पुस्तक मेला। हम लोगों के आग्रह पर लोग आ जाते हैं, भाग ले लेते हैं, क्योंकि और कोई चारा नहीं है। यहाँ मेले में भाग लेने पर किराया बहुत देना पड़ता है। सम्भवतः इसका कारण यह है कि फेयर अथारिटी भी एन० बी० टी० से ज्यादा मँहगा किराया वसूल करती है। बार-बार किराया देने की जगह नेशनल बुक ट्रस्ट, अच्छा हो यदि कोई स्थाई मेला-स्थल का निर्माण करा ले और वहाँ पुस्तक प्रदर्शनियों के लिए स्थाई व्यवस्था रखे।

सरकार को व्यावहारिक सुझाव

श्री चावला ने बताया कि मेले के लिए पर्याप्त प्रचार नहीं हो पाता है। इसके लिए प्रचार का बजट भी बढ़ना चाहिए और एन० बी० टी० को अपने प्रचार और विज्ञापन का तरीका भी सुधारना चाहिए। आप इस बात का प्रचार कीजिए कि पुस्तक मेला होगा, उसमें तरह-तरह की पुस्तकें होंगी और लोग इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। अभी एन० बी० टी० ने मेले के प्रतीक के रूप में हिन्दी के 'ऋ' अक्षर जैसा कोई चित्र प्रचारित किया है, जिससे कोई कुछ नहीं समझ पाता।

आपने कहा शिक्षा मन्त्रालय को दिल्ली प्रशासन से सहयोग लेकर दिल्ली के स्कूलों, कालेजों व विश्वविद्यालयों में विशेष छुट्टियाँ स्वीकृत करानी चाहिए। अभी बाल पुस्तक मेले में ऐसा करने पर स्कूली बच्चों ने भी वह मेला चाव से देखा और वहाँ पुस्तकें खरीदीं। विश्व पुस्तक मेले के समय भी ऐसी सुविधाएँ देकर प्रत्येक वर्ग के लोगों को वहाँ आकर्षित किया जाना चाहिए।

मेले राज्यों में भी हों

श्री चावला ने कहा सरकार बहुत कुछ कर सकती है। वह बाहर से आने वालों के लिए रेलवे से आधे किराये माफ करा सकती है। भाग लेने वाले प्रकाशकों को स्टाल के किराये व दिल्ली के खर्चों के अतिरिक्त माल भाड़ा और ढुलाई वगैरह पर भी बहुत व्यय करना पड़ता है, और सरकार इस खर्चे में रियायत दे सकती है।

श्री चावला ने कहा कि मुख्य बात यह है कि पुस्तक पठन के लिए लोगों में लालसा जागृत की जाये। सभी राज्य सरकारों को चाहिए कि वे अपने यहाँ पुस्तक प्रदर्शनियों के लिए पृथक विभाग रखें। प्रत्येक राज्य की राजधानी में पुस्तक मेले लगने चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय नगर में भी पुस्तक मेले और पुस्तक प्रदर्शनियाँ लगें। इनमें सभी राजकीय विभागों, पुस्तक क्लबों, पुस्तक उद्योग से सम्बद्ध लोगों आदि को भाग लेना चाहिए। साल भर ऐसे आयोजन विभिन्न स्थानों पर चलें। ऐसी एक प्रदर्शनी में 50 लाख तक की पुस्तकें बिक सकती हैं. और हम यह सहज अनुमान लगा सकते हैं कि इस तरह वर्ष भर में पुस्तकों की बिक्री किस हद तक बढ जायेगी।

भारत में छपे या भारतीय भाषा-प्रकाशनों को सरकार अनुदानित करे : भाटिया

फेडरेशन आफ इण्डिया पब्लिशर्स के महामन्त्री श्री एस० के० भाटिया की यह शिकायत वाजिब है कि चौथे विश्व पुस्तक मेले के अवसर पर प्रकाशन उद्योग पर आशका और संकट के बादल क्यों छायें। यदि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इस तरह अनुदान जारी करने में विलम्ब करेगा तो अनिश्चय और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आशंका में मेले का उत्साह कैसे बन पायेगा ? बाद में हमें पता चला कि अनुदान जारी हो रहे हैं, और श्री भाटिया को शायद हमसे भी पहले यह पता चल गया होगा, किन्तु विलम्ब हुआ है, और विलम्ब भी अन्याय का एक प्रकार है।

श्री भाटिया ने स्वीकार किया कि नेशनल बुक ट्रस्ट के ये राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुस्तक मेले अपने उद्देश्य की पूर्ति में "काफी हद तक" सफल होते हैं। पुस्तक मेलों में जो सुरुचिपूर्ण साज-सज्जा और प्रदर्शन की छटा होती है, वह अनायास दर्शक की दृष्टि खींच लेती है। ऐसे लोग जो किताबों की दूकान पर नहीं पहुँचते, मेले के आकर्षण से पुस्तक मेले में पहुँचते हैं। पुस्तकों से आम आदमी मिल लेता है।

सरकार फेडरेशन की और मदद करे

पुस्तक मेलों के आयोजन में नेशनल बुक ट्रस्ट का एक प्रमुख सहयोगी एफ० आई० पी० भी है, किन्तु श्री भाटिया का कहना है कि सरकार को फेडरेशन की और ज्यादा मदद करनी चाहिए। फेडरेशन अपने स्तर पर लोगों से सम्पर्क करता है, किन्तु उसके पीछे अधिकार की गरिमा नहीं है। सरकार विश्वविद्यालय कुलपतियों से अनुरोध करके, शिक्षा मन्त्रालय के माध्यम से मेलों के लिए उपयुक्त पुस्तकीय वातावरण बनाने में हमसे अधिक समर्थ है।

फेडरेशन का दिल्ली पुस्तक मेला

३० नवम्बर से ९ दिसम्बर, १९७९ तक सम्पन्न दिल्ली पुस्तक मेले की चर्चा करते हुए श्री भाटिया ने कहा, इस मेले की भरपूर पब्लिसिटी की गई, आठ समाचार पत्रों को नियमित विज्ञापन दिये गये, होर्डिंग और पोस्टरों से प्रचार किया गया, दिल्ली के पचास विद्यालयों में ५०० से ६०० निःशुल्क टिकिट भेजे गये, किन्तु विभाग से समन्वय के प्रभाव में वांछित परिणाम नहीं निकल पाये। मेले में पुस्तकालय दिवस मनाया गया, पर ग्रान्ट न मिल पाने के कारण पुस्तकालयाध्यक्ष नहीं आ सके। ऐसे मेलों में काउण्टर पर होने वाली बिक्री ही काफी नहीं होती। मेले में मिले आर्डर इस बिक्री का कई गुना होते हैं, किन्तु इस क्षेत्र में सन्नाटा रहा।

श्री भाटिया ने कहा, यों हमारी अपनी सफलताएँ रही हैं, जो महत्वपूर्ण हैं। हमने खुले मैदान में पुस्तक मेला लगाया। पानी, बिजली आदि की सुविधाओं का विकास किया, बैंकिंग सेवाएँ मेला स्थल पर उपलब्ध करायीं और मेले के लिए बुनियादी ढाँचा खड़ा किया। इतने पर भी हमने एक स्टाल का किराया नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रगति मैदान के स्टालों के लिए निर्धारित किराये से आधा लिया।

प्रधान मन्त्री को ज्ञापन

श्री भाटिया का मत है कि राष्ट्रीय या विश्व पुस्तक मेले फेडरेशनों को ही आयोजित करने चाहिए और सरकार के नेशनल बुक ट्रस्ट माध्यम से मेलों के आयोजन पर जो व्यय करती है, वह अनुदान के रूप में इन फेडरेशनों को दे दे।

श्री भाटिया ने बताया कि फेडरेशन की ओर से प्रधान मन्त्री को एक ज्ञापन देकर कुछ सुझाव दिये गये हैं। सरकार के मन्त्रालय जो अनुदान जारी करते हैं, उनका कुछ प्रतिशत भारतीय भाषाओं की और भारत में छपी पुस्तकों को अनिवार्यतः प्राप्त होना चाहिए। तभी हम भारतीय लेखन और भारतीय प्रकाशन को प्रोत्साहन दे सकते हैं। एक भारतीय प्रकाशक ने तिब्बती-अंग्रेजी शब्द कोष प्रकाशित किया है, जो जापानी संस्करण से कम मूल्य में जारी हुआ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ नवीनतम कृतियां जीवनोपयोगी

एम सिंह सूद लिखित-चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण, युग निर्माण, भाग्य निर्माण मूल्य प्रत्येक 15·00

उपन्यास

लाखा और लोचन, जिन्दगी के द्वारा कीचड़ और कलंक—वनकाम सुनील 22·50, 17·50
ढलती सांझ का सूरज—विश्वनाथ 'राज' 10·00 प्यासा सागर, अँधेरे का सूरज 15·00, 25·00
सिमटता हुआ दायरा —कुसुम वर्मा 10·00 हरे कांच की चूड़ियां—रामगोपाल परदेशी 15·00

नाटक

- झील के परिन्दे —सूरजप्रसाद मिश्र 10·00
- वह देश जहाँ भूख नहीं है —अज्ञात 10·00

कथा साहित्य

- चेहरों से फिरा दर्पण—रामगोपाल प॰ 20·00
- रेत पानी रेत —ओम प्रभाकर 15·00

बाल-साहित्य

- अलोपी (उपन्यास)—मुन्नालाल देवासे 10·00
- कर्नाटक की लोक कथाएँ —एस. केशव मूर्ति 10.00
- काठ का महल—मुन्नालाल देवासे 6·00
- चुन्नू मुन्नू के गीत—निरंकारदेव सेवक 4·00
- दो भैया —मुन्नालाल देवासे 7·00

काव्य

मनका महुआ—रामगोपाल परदेशी 12·50 पलकों में आकाश—चतुर्सेन विराट 16·00
प्रवासिती—नीलकमल 7·50 विरह संध्या—वियोगी 17·00 दर्द मुस्कराता है—नरेन्द्र दीपक 10·00
जब मानव करवट बदलेगा—आरोही 12·50 अनुभूति के स्वर—तपसी 12·50 सूरज को उत्तर दो—राम अधीर 12·50 गीत स्वयं गीता बन जाए—कैलाश सेंगर 12·50 मांडवी—शिवशंकर कटारे 10·00 धूप थैली—हर्ष नीरज 16·00।

कोश

- अँग्रेजी हिन्दी जीव विज्ञान वृहत कोश—इंसाइक्लोपीडिया एम. सिंह सूद 250·00
- अँग्रेजी हिन्दी जन्तु विज्ञान वृहत कोश —इंसाइक्लोपीडिया एम. सिंह सूद 125·00
- वृहत भारतीय लेखक कोश—रामगोपाल परदेशी 250·00

शोध तथा आलोचना

भारतीय काव्य सिद्धान्त, पाश्चात् काव्य सिद्धान्त, हिन्दी गीति नाट्य सिद्धान्त और समीक्षा स्वातंत्र्योत्तर गीति नाट्य—शिवशंकर कटारे, 30·00, 35·00, 85·00, 40·00 प्रेमचन्द परम्परा की कहानियों में सामाजिक चित्रण—राजेन्द्रकुमार शर्मा 65·00, स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी वस्तु विकास एवं शिल्प विधान—मंगल मेहता 65.00, हिन्दी कृष्ण काव्य की सामाजिक पृष्ठ भूमि—प्रभात दुबे 60·00 रोमांटिक प्रगति अंग्रेजी कविता और छायावाद, स्वच्छन्दतावाद स्वरूप विश्लेषण, छायावादी काव्य में सौन्दर्य चेतना—कृष्ण मुरारी मिश्रा 10·00, 65·00, 45·00, कबीर की अध्यात्मक साधना का स्वरूप —गोपीचन्द साध्वी 85·00 जगदीश प्रसाद 75·00 स्वच्छन्दतावादी काव्य धारा का दार्शनिक विवेचन —जगदीश गुप्त 75·00 हिन्दी और असमी के पौराणिक नाटक—धर्मदेव तिवारी 75·00 भक्ति आन्दोलन और साहित्य एम. जार्ज 85·00 हिन्दी की मार्क्सवादी कविता, मुक्ति बोध पुनर्मूल्यांकन सम्पत ठाकुर 95·00, 35·00, नई कविता प्रेरणा और प्रयोजन—विजय द्विवेदी 35·00 आधुनिक हिन्दी नाटकों में नायक एवं नायिका की परिकल्पना—मलखान सिंह सिसोदिया 55·00।

प्रगति प्रकाशन

स्थापना : 1962
दूरभाष : 61461

बेतुल बिल्डिंग, आगरा-२८२००३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वविद्यालय प्रकाशन, विशालाक्षी भवन, चौक वाराणसी

कबीर बीजक का भाषा शास्त्रीय अध्ययन : डा० सुकदेव सिंह 20-00

कबीर ने अपनी रचनाएँ उस समय प्रस्तुत कीं जब हिंदी की साहित्यक भाषाओं का स्वरूप-निर्माण नहीं हो पाया था। इनकी भाषाओं में अवधी, ब्रजी, खड़ी बोली की झांकी मिलती है। भोजपुरी इनकी भाषा का प्राणतत्व है। भाषा की दृष्टि से इनकी रचनाओं पर शास्त्रीय अध्ययन आ असमाध्य प्रयास प्रस्तुत ग्रंथ में प्रथम बार हुआ है। विद्वानों के लिए अत्यन्त उपादेय ग्रंथ।

निराला की काव्यभाषा : डा० शकुन्तला शुक्ल 60-00

साहित्य की भाषा के वैशिष्ट्य को दृष्टि में रखकर निरालाजी की काव्यभाषा का यह शोधात्मक अध्ययन है। निरालाजी के काव्य-विषय जैसे-जैसे बदलते गए भाषा भी तदनुकूल रूप-परिवर्तन करती गई। छायावाद युग की बृहत्त्रयी में इस दृष्टि से निरालाजी अप्रतिम ठहरते हैं। नए युग की कविता ने उनके कथ्य और भाषा दोनों ही से प्रभाव ग्रहण किया है। उनकी भाषा के अनेकात्मक रूपों का अध्ययन प्रामाणिक रूप के सरल शैली में प्रबंध हुआ है। निराला के अध्ययन के लिए इस ग्रंथ की अपरिहार्यता स्वयं सिद्ध है।

शोध-सन्दर्भ नये आयाम : डा० जमीला आली जाफरी 15-00

मध्यकाल में हिन्दू-मुस्लिम संस्कृतियों के संमिलन से जिस अभिनव संस्कृति का जन्म हुआ उसकी स्पष्ट छाप तत्कालीन हिन्दी साहित्य पर देखने को मिलती है। तंत्र-साहित्य से लेकर सूर-साहित्य तक में विचित्र राधा का स्वरूप विश्लिष्ट किया गया है। हर दृष्टि से पुस्तक अपने नाम को अन्वर्थ सिद्ध करती है।

शब्द-शक्ति-विवेचन : डा० रामलखन शुक्ल 15-00

शब्द-शक्ति भारतीय मनीषा की देन है। उसके आधार पर विश्व के किसी साहित्य की समीचीन समीक्षा की जा सकती है। अर्थ-मीमांसा के लिए इससे उपयुक्त अन्य कोई कसौटी नहीं है। विषय की गम्भीरता को दृष्टिपथ में रखते हुए डा० शुक्ल ने बड़ी ही बोधगम्य और सरल शैली में शब्द-शक्ति-विवेचन प्रस्तुत किया है। स्वतंत्र विचारक की दृष्टि से लिखी गयी अपने विषय की यह अप्रतिम कृति है।

स्त्री : श्री विमल मित्र 12-50

नारी को देवीरूप में देखना मनुष्य का नहीं देवता का काम है। बाल्मीकि ने सीता को, कालिदास ने शकुंतला को और शेक्सपीयर ने डेस्डिमोना को अपनी देवदृष्टि से देवीरूप में देखा है। इसी आदर्श को सामने रखकर श्री विमल मित्र ने इस उपन्यास में चार नारी पात्रों का अत्यन्त हार्दिकता से चित्रण किया है। चारों ही चरित्र नमस्य हो उठे हैं।

मनीषी की लोकयात्रा डा० भगवती प्रसाद सिंह 50-00

भारतीय विद्या और मनीषा के मूर्तरूप महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथजी कविराज का तपःपूत-जीवन-वृत्त प्रामाणिक रूप में प्रस्तुत करने का महत्प्रयास प्रथमबार डा० भगवती प्रसाद सिंह ने इस ग्रंथ में किया है। उनके वृत्त के साथ ही साथ दर्शन और अध्यात्म के निगूढ़ रहस्यों का उद्घाटन भी जिज्ञासु पाठकों का मनस्तोष करने में सर्वथा समर्थ होगा - इसमें उनकी विद्वता के साथ-साथ उनकी साधना के विविध आयामों का उद्घाटन हुआ है। हिन्दी भाषा में अपने ढंग की अप्रतिम पुस्तक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत की महत्वपूर्ण कृतियाँ

संस्कृत-शिक्षा : भाग-१	डा० कपिलदेव द्विवेदी	2-00
संस्कृत-शिक्षा : भाग-२	डा० कपिलदेव द्विवेदी	2-00
संस्कृत-शिक्षा : भाग-3	,, ,,	2-50
संस्कृत-शिक्षा : भाग-4	,, ,,	3-00
संस्कृत-शिक्षा : भाग-5	,, ,,	3-00
प्रारम्भिक रचनानुवादकौमुदी	,, ,,	3-00
रचनानुवादकौमुदी	,, ,,	7-50
प्रौढ़ रचनानुवादकौमुदी	,, ,,	25-00
संस्कृत व्याकरण	,, ,,	30-00
लघुसिद्धान्तकौमुदी	,, ,,	यंत्रस्थ
संस्कृत-निबन्ध-शतकम	,, ,,	20-00
संस्कृत भाषा विज्ञान एवं भाषाशास्त्र	,, ,,	30-00
राष्ट्रगीतांजलि :	,, ,,	15-00
संस्कृत-शिक्षकम्	पं० गोपालशास्त्री	4-00
लघुसिद्धान्तकौमुदी (संक्षिप्त)	डा० रामअवध पाण्डे तथा डा० रविनाथ मिश्र	7-50
अलंकार प्रस्थान-विमर्श	डा० लक्ष्मीनारायण मिश्र	15-00
दशरूपकम्	डा० रमाशंकर त्रिपाठी	20-00
अभिनव रस-सिद्धान्त	डा० दशरथ द्विवेदी	7-50
भामिनि-विलास का प्रास्ताविक अन्योक्ति-विलास	जनार्दन शास्त्री पाण्डेय	5-00
वक्रोक्तिजीवितम्	डा० दशरथ द्विवेदी	15-00
शब्द-शक्ति-विवेचन	डा० रामलखन शुक्ल	12-00
ध्वन्यालोक (दीपशिखा-टीका सहित)	डा० चण्डिकाप्रसाद शुक्ल	40-00
ऋक्सूक्त रत्नाकर	गौरीशंकर सिंह	3-00
वेदचयनम्	विशम्भरनाथ त्रिपाठी	15-00
ऋङ्मणिमाला	डा० हरिदत्त शास्त्री	7-50
ऋग्वेद भाष्य-भूमिका	,, ,,	यंत्रस्थ
ऋचाओं की छाया में	रामनिवास विद्यार्थी	6-00
पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-संग्रह	डा० राम अवध पाण्डेय तथा डा० रविनाथ मिश्र	20-00
पालि-सग्रह	,, ,,	7–50
भुशुण्डि रामायण(खण्ड 1) मूलकथा, भूमिका तथा प्रस्तावना	सं० डा० भगवती प्रसाद सिंह भूमिका डा० वी० राघवन्	100–00
अभिज्ञानशाकुन्तलम्	डा० रमाशंकर त्रिपाठी	15–00
गोमहिमाभिनयनाटकम्	पं० श्रीगोपाल कास्त्री	4–00
मुद्राराक्षसम् (विकाखदत्त)	डा० रमाशंकर त्रिपाठी	यंत्रस्थ
उत्तररामचरितम् (भवभूति) (वीर राघवकृत टीका सहित)	डा० रामअवध पाण्डेय डा० रविनाथ मित्र	15–00
शृंगारमंजरी सट्टकम् (श्री मद्विश्वेश्वर)	सं० बाबूलाल शुक्ल	10–00
शिशुपालवध्म (प्रथमःसर्गः)	जनार्दनगंगाधर रटाटे तथा डा० दशरथ द्विवेदी	3–25

विश्व विद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रेष्ठ कथात्मक जीवनी साहित्य

राष्ट्रपति श्री नीलम संजीव रेड्डी	महेन्द्रकुमार वर्मा	6.00
युगदृष्टा श्री जयप्रकाश नारायण	डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा	8.00
प्रधानमंत्री श्रीमोरारजी देसाई	,,	8.00
क्रांतिकारी यशपाल	शंकर सुल्तानपुरी	8.00
राष्ट्रपिता बापू	,,	10.00
लालबहादुर शास्त्री	डा. ईश्वरप्रसाद वर्मा	8.00
डा० राधाकृष्णन्	परमेश्वरप्रसाद सिंह	10.00
क्रान्तिकारी कुंवरसिंह	श्यामलाल 'मधुप'	12.00
क्रांतिकारी सुभाष	शंकर सुल्तानपुरी	8.00
क्रांतिकारी आजाद	,,	10.00
पंडित दीनदयाल उपाध्याय	,,	10.00
इन्दिरा गांधी	,,	10.00
लोकमान्य तिलक	,,	10.00
आजाद हिन्द फौज की कर्नल डा० लक्ष्मीबाई	,,	10.00
क्रांतिकारी भगतसिंह	सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव	10.00
रफी अहमद किदवई	,,	10.00
गोवा के क्रांतिकारी	रामेश्वर अशान्त	10.00
वीर बन्दा वैरागी	,,	10.00
शेख मुजीबुर्रहमान	रामकृष्ण शर्मा	6.00
छत्रपति शिवाजी	परमेश्वरप्रसाद सिंह	10.00
झांसी की रानी	,,	10.00
लाला लाजपतराय	,,	10.00
सरदार वल्लभभाई पटेल	,,	9.00
महाराणा प्रताप	,,	10.00
डा० राजेन्द्रप्रसाद	,,	10.00
पं० जवाहरलाल नेहरू	डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा	10.00
क्रांतिकारी अजीजनबाई	,,	8.00
महामना मालवीय	,,	10.00
हीर वारिसशाह : जीवन रचना तथा काल	बी० आर० 'पद्म'	8.00
क्रांतिकारी भगवती भाई	राजेन्द्र कसवां	10.00
भारत रत्न	डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा	10.00
क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल	,,	10.00
स्वामी रामकृष्ण परमहंस	ओमप्रकाश शर्मा	10.00
स्वामी विवेकानन्द	,,	9.00
स्वामी दयानन्द	,,	10.00
स्वामी रामतीर्थ	,,	10.00
पूज्यनीय गुरुजी (गोलवलकर)	डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा	7.00
अमरशहीद गणेशशंकर विद्यार्थी	,,	10.00

सामाजिक उपन्यास

गांधारी	बी० आर० 'पदम'	15.00
सूरज किरन	पूरनसिंह 'मदनावत'	16.00
पिपासा	लक्ष्मीनारायण गुप्त	10.00
एक डाली रजनी गंधा की	डा० नारायणदत्त श्रीमाली	12.00
कहीं उजाला	राजेन्द्र झा	12.00
ग्रहण	,,	12.00
गंगा से पवित्र	अभयकुमार 'यौधेय'	12.00
मैं अछूती	प्रदीप कुमार 'प्रदीप'	12.00
पूर्णिमा	कमलेश सिंह	4.00
मैं तुम्हारी	श्यामलाल 'मधुप'	7.00
लाल गुलाब	,,	12.00
कसम	,,	10.00
किसी से न कहना	शंकर सुल्तानपुरी	10.00
अड़तीस रुपये में दिल्ली	गोपीकुमार कौशल	10.00
उन्माद	हरिप्रसाद थपलियाल	10.00
एक गधी की आत्मकथा	पुरुषोत्तमदास गौड़ कोमल	6.00

विविध

भारतीय इतिहास की झांकी (ऐतिहासिक)	सं० डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा	35.00
प्रगति के बढ़ते चरण (ऐतिहासिक)	,,	45.00
आजाद हिन्द फौज का मुकदमा	सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव	14.00
१८५७ की महान राष्ट्रीय क्रांति	हरिप्रसाद थपलियाल	9.00
स्वामी विवेकानन्द (सूक्तियाँ एवं उपदेश)	सं० त्रिभुवनकुमार गर्ग	7.00
स्वामी रामतीर्थ (सूक्तियाँ एवं उपदेश)	सं० त्रिभुवनकुमार गर्ग	7.00
भारत का परमाणु विस्फोट	रामकृष्ण 'सुधाकर'	8.00
भारत-पाक युद्ध के १४ दिन	गोविन्द सिंह	10.00

शीघ्र प्रकाशित होने वाली पुस्तकें

यथार्थ (बदलती राजनैतिक स्थिति का ऐतिहासिक चित्रण) —डा० ईश्वरप्रसाद वर्मा

विश्व की लोकप्रिय नेता : भारत की प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी —बाबूलाल 'दोषी'

त्याग और तपस्या —पूरनसिंह मदनावत

स्वामी श्रद्धानेन्द —ओमप्रकाश शर्मा

डा० श्यामाप्रसाद मुकर्जी —हरिप्रसाद थपलियाल

हिन्दी की श्रेष्ठतम पुस्तकों का प्रकाशन

साहित्य केन्द्र प्रकाशन

5/20, कृष्णानगर, दिल्ली-51

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिक्री आधारित, रुचि आधारित

पुस्तक मेलों की उपादेयता श्री भाटिया की दृष्टि में असंदिग्ध है। यह उपादेयता पुस्तक प्रेमी और पुस्तक-उत्पादक दोनों के लिए समान रूप से है। यहाँ पुस्तक का प्रकाशक अपने ग्राहक से मिल लेता है। श्री भाटिया ने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि पुस्तक मेले में आये एक प्रकाशक को अपने सभी भावी प्रकाशनों तक का आॅर्डर उस मेले से उस पुस्तकालय की ओर से मिल गया, जिसे उस प्रकाशन गृह के विशिष्ट प्रकाशनों की जानकारी मिली। जामा मस्जिद के आस-पास के उर्दू पाठकों को हम जानते हैं, किन्तु कोई उर्दू पाठक जामा मस्जिद से दूर रामकृष्ण पुरम में रह सकता है। उसे उर्दू पुस्तकों की जानकारी जामा मस्जिद की दूकान से पहले ये पुस्तक मेले दे सकते हैं।

पुस्तक मेले बिक्री आधारित होते हैं, होने भी चाहिए। वे रुचि आधारित कैसे बनें? पाठकों में सुरुचि कैसे जागृत हो? श्री भाटिया ने कहा, पढ़ने की, सुरुचिपूर्ण पठन की आदत स्कूल में ही जागृत की जानी चाहिए। अभी हाल ही में सम्पन्न बाल पुस्तक मेले के अवसर पर बच्चों से कहा गया कि वे कम से कम पाँच रुपये लेकर मेला देखने चलें। बच्चों ने बड़े चाव से पुस्तकें खरीदीं और कम पुस्तकें ला पाने की शिकायतें घर पर की।

अभी समय लगेगा

श्री भाटिया ने बताया, एक ऐसा वर्ग भी है जो पुस्तकें खरीदता तो है, पर दिखावे के लिए, पढ़ने के लिए नहीं। सम्पन्न वर्ग के कुछ लोगों के लिए शीशे में जड़ी तसवीरों की तरह शीशे में जड़ी पुस्तक पंक्तियाँ भी कमरे की सजावट की वस्तु हैं! किन्तु जो पुस्तकों के वास्तविक पाठक हैं, उन्हें पुस्तकें सुलभ कराने के लिए, नवीनतम प्रकाशनों की जानकारी देने के लिए, ये पुस्तक मेले बहुत महत्वपूर्ण हैं।

हम जैसा पुस्तकशील समाज चाहते हैं, वैसा समाज बनने में अभी समय लगेगा। श्री भाटिया के अनुसार बड़े पुस्तक मेले चाहे साल-दो साल मे एक ही हों, पर आयोजित अवश्य हों। साल भर हम अलग-अलग स्थानों पर छोटे पुस्तक मेले लगाते रहें।

मेलों की ठेलमठाल में प्रदर्शनो के हितों की बलि न दी जाये : सैम्युअल इसराइल

पुस्तक उद्योग के एक महारथी नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया के भूतपूर्व निदेशक श्री सैम्युअल इसराइल से हमने पूछा, "राष्ट्रीय और विश्व पुस्तक मेलों का प्रयोजन क्या है और वे किस उद्देश्य को लेकर आयोजित किये जाते हैं?"

"जहाँ तक मैं समझता हूँ, राष्ट्रीय और विश्व पुस्तक मेलों का प्रयोजन समाज में पुस्तकोन्मुखता का विकास है। लोगों की पुस्तकों की ओर रुचि विकसित हो और पुस्तकों के प्रकाशन को बढ़ावा मिले। यह पुस्तकों के उत्पादकों और उसके उपभोक्ताओं को निकट लाने का एक प्रभावी ढग है। इससे लोगों को नई पुस्तकों के बारे में जानकारी मिलती है। इन मेलों में नई पुस्तकों के प्रदर्शन, वितरण और विक्रय का अवसर मिलता है और इस तरह सम्पूर्ण पुस्तक व्यवसाय को लाभ मिलता है। हमारे राष्ट्रीय और विश्व पुस्तक मेले यह कार्य सम्पादित कर भी रहे हैं।

आयातित पुस्तकों का प्रभुत्व

श्री इसराइल ने इन पुस्तक मेलों में सुधार की सम्भावनाओं को स्वीकार किया। अब तक का अनुभव यह बताता है कि इन मेलों पर आयातित पुस्तकों का प्रभुत्व रहा है। हमने इनमें बाहरी प्रकाशकों के भाग लेने पर बहुत बल दिया है। हमें केवल अंग्रेजी को ही नहीं, सभी भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देना होगा। यद्यपि अंग्रेजी को भी हमने एक भारतीय भाषा स्वीकार कर लिया है, किन्तु हमें याद रखना होगा कि भारतीय भाषाओं में अकेली अंग्रेजी ही नहीं, और भी भाषायें हैं।

आपने कहा, यह कहना गलत होगा कि हम अंग्रेजी पर अधिक जोर दे रहे हैं। सही बात यह है कि हम अन्य भारतीय भाषाओं पर कम जोर दे रहे हैं। अंग्रेजी भाषा का महत्व है, किन्तु अंग्रेजी भाषा दूसरी भाषाओं पर हावी नहीं हो सकती। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि प्रकाशक की दृष्टि में जो भाषाएँ विपन्न हैं, उन्हें सम्पन्न किया जाये। यह नहीं कि किसी सम्पन्न भाषा को विपन्नावस्था में डाल दें।

श्री इसराइल ने बताया कि अहमदाबाद के राष्ट्रीय पुस्तक मेले में गुजराती भाषा को अच्छा प्रतिनिधित्व मिला, किन्तु दिल्ली पुस्तक मेले में हिन्दी-उर्दू को वैसा प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। कलकत्ता पुस्तक मेले में बंगाली के प्रकाशन देखने को मिले, किन्तु अहमदाबाद और दिल्ली की तरह इस पुस्तक मेले में भी अंग्रेजी प्रकाशनों की भरमार रही।

नवीनतम प्रकाशन प्रदर्शित हों

किन्तु, आपके अनुसार, इसके लिए समूचे दोष के भागी केवल आयोजक ही नहीं हैं। बहुत कुछ दोष पुस्तक उद्योग का भी है। श्री इसराइल इस मत के हैं कि पुस्तक व्यवसायी संगठनों और संघों को इस प्रकार के मेले आयोजित करने चाहिए और ऐसे आयोजनों में सरकार को सहयोग देना चाहिए। हमारी सरकार के ऊपर यह निर्भरता उचित नहीं है। प्रकाशकों और पुस्तक व्यवसायियों के संगठन यह समझ सकते हैं कि किसी मेले में क्या प्रदर्शित किया जाये, कैसे किया जाये और उसका प्रयोजन क्या हो। अभी इन मेलों में हमने तमाशबीनी पर ज्यादा जोर दिया है, भारतीय भाषाओं के प्रकाशनों की नवीनतम स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने पर उतना जोर हम नहीं दे पा रहे। राष्ट्रीय पुस्तक मेला प्रतिवर्ष लगता है, किन्तु क्या वह प्रतिवर्ष के भारतीय प्रकाशनों की सही तस्वीर उभार पाता है? हम प्रदर्शनी लगायें तो यह ध्यान में रखें कि क्या प्रदर्शित किया जाता है। प्रतिवर्ष हमें उसी वर्ष के नये प्रकाशनों की प्रदर्शनी लगानी होगी। यदि पुस्तक उद्योग यह जिम्मा लेने के लिए तैयार हो, और सरकार उन्हें सहयोग दे, तो श्री इसराइल के विचार में, साधनों की कमी आड़े नहीं आयेगी।

श्री इसराइल ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनी का अर्थ बाजार लगाना नहीं है। प्रदर्शनी में प्रदर्शन और सही वर्गीकरण के साथ प्रदर्शन सबसे महत्त्वपूर्ण है। कोई चिन्ता की बात नहीं, यदि उन्हें मेलों-ठेलों का भीड़-भाड़ भरा स्वरूप प्राप्त न हो पाये. किन्तु उनका प्रदर्शनी-रूप बना रहना चाहिए। हमें अपनी दृष्टि दूरगामी रखनी होगी। प्रदर्शनी, प्रदर्शनी हो, और इसमें सही लोग लाये जायें। पुस्तकालयाध्यक्ष, पुस्तक प्रेमी, विद्वान, अच्छे गम्भीर पाठक, शिक्षाविद और सब पुस्तक व्यवसायी इसमें भाग लें।

नई पुस्तकों को नये ग्राहक चाहिए

बहुत व्यापक स्तर पर पुस्तकों के प्रदर्शन भले ही न हों, नेशनल बुक ट्रस्ट मदद करे या न करे, बहुत लम्बे समय तक ये प्रदर्शन चाहे न चलें। नगर के मध्य में किसी भी प्रमुख स्थान पर दो या तीन दिन के लिए नई पुस्तकों की प्रदर्शनी एक जगह लगे, दो जगह लगे, जगह-जगह लगे और वर्ष भर ये प्रदर्शनियां चलती रहें। इनका स्तर क्षेत्रीय हो तो होने दीजिए। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों तक पहुँचना हमारा अभीष्ट नहीं है। हमारा लक्ष्य यह हो कि नई पुस्तक को नये ग्राहक मिलें, और भारतीय भाषा की पुस्तकों के प्रकाशन की जानकारी लोगों को हो सके। इन प्रदर्शनियों में विभिन्न विषयों और विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें पृथक वर्गीकरण के साथ प्रदर्शित होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि मेले की ठेलमठाल में न पुस्तकें धक्के खायें और न उनके प्रकाशक। अतएव प्रकाशकों-विक्रेताओं के संगठनों को ही यह कार्य करना चाहिए। अच्छा हो पुस्तक व्यवसायियों के तीनों अखिल भारतीय महासंघ अपना कोई केन्द्रीय संगठन बनाकर यह काम अपने हाथ में लें।

क्षेत्रीय प्रदर्शनियों या राष्ट्रीय अथवा विश्व पुस्तक मेलों का मुख्य प्रयोजन इसलिए अपूर्ण न रहे कि हमारा सारा जोर उसे वृहदाकार बनाने पर और इस निमित्त रुपया पानी की तरह बहाने पर ही हो। इन प्रदर्शनियों में हर तरह की पुस्तकें आनी चाहिए और जिस विषय का प्रकाशन अवैध नहीं है, उसका प्रदर्शन निर्बाध हो। किताब, किताब है, और वह पढ़ने के लिए है। लोगों में पढ़ने की आदत का विकास करना हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। रुचि का परिष्कार प्रदर्शन के निषेध से नहीं होगा। पढ़ने से ही रुचि परिष्कृत होगी। जो किताबें छपती हैं. पढ़ी जाती हैं, वे प्रदर्शित भी की जा सकती हैं। इसलिए पाकेट बुक्स के गिरे हुए स्तर पर हमें चिन्तित होने की जरूरत नहीं है। यह चिन्ता प्रदर्शन के बाद की है।

आयोजकों, भाग लेने वालों और मेला दर्शकों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन जरूरी : डा० जे० एम० ओझा

'मानसामन' के संचालक डा० जगदीश ओझा व्यवहारवादी मनोविज्ञान के विशेषज्ञ हैं, और उनका पुस्तक संस्थान मानसशास्त्र की पुस्तकों का एक प्रमुख केन्द्र है। जब उनसे पुस्तक मेलों के विषय पर चर्चा चली, तो वे कागज कलम लेकर बैठ गये और बात करते-करते उन्होंने कुछ तालिकाएँ तैयार कर दीं।

राष्ट्रीय पुस्तक मेले या विश्व पुस्तक मेले से सम्बद्ध लोगों को उन्होंने पहली तालिका में वर्गीकृत किया। एक पक्ष है सरकार या नेशनल बुक ट्रस्ट, दूसरा पक्ष है पुस्तक उद्योग के लोग यथा प्रकाशक, वितरक, पुस्तक विक्रेता आदि और तीसरा स्थान उन लोगों का है जो यहाँ दर्शक के रूप में आते हैं।

मेलों का प्रयोजन

इन पुस्तक मेलों का प्रयोजन क्या है? इस पर डा० ओझा ने एक और तालिका बना दी। पुस्तकों के प्रति रुचि जागृत करना, पुस्तकों की बिक्री और प्रदर्शन और प्रकाशनों के विषय में जानकारी रुचि, बिक्री और जानकारी—मेलों के आयोजन के ये विविध प्रयोजन हैं।

इसके बाद डा० ओझा ने एक तालिका और बनाई जो इस प्रकार है :

1. उद्देश्य	(1) सरकार	(2) पुस्तक उद्योग (अ) भाग लेने वाले (ब) जो भाग नहीं लेते	(3) जनता (अ) दर्शक जो आये (ब) दर्शक जो न आयें
2. पूर्ति किस सीमा तक —मापदण्ड	कहाँ तक सफल	कहाँ तक सफल	कहाँ तक सफल
3. पूर्ति के लिए गतिविधियाँ	क्या-क्या किया	क्या-क्या किया	क्या-क्या किया

हमने डा० ओझा से प्रश्न किये थे कि राष्ट्रीय पुस्तक मेलों और विश्व पुस्तक मेलों को आयोजित करने के क्या उद्देश्य और प्रयोजन हैं, और वे इसमें कहाँ तक सफल हुए हैं। हम यह भी जानना चाहते थे कि इन मेलों के भावी आयोजनों में सुधार की कौन सी सम्भावनाएँ हैं। इन तालिकाओं को देखकर एक बार हमें लगा डा० ओझा हमारे प्रश्नों का उत्तर वैज्ञानिक ढंग से देने वाले हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर तालिकाओं में नहीं

किन्तु डा० ओझा ने कहा, उत्तर इन तालिकाओं में नहीं हैं। इन तालिकाओं के आधार पर उत्तर हमें खोजने होंगे। चौथा विश्व पुस्तक मेला ऐसा अवसर प्रदान करेगा जहाँ एक प्रश्नावली (क्वेश्चनेयर) तैयार करके आयोजकों, भाग लेने वालों और दर्शकों से साक्षात्कार किया जाये और इस मनोवैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर सही निष्कर्ष निकाले जायें कि मेले अपने उद्देश्यों की पूर्ति में कहाँ तक सफल होते हैं, और भावी आयोजनों में सुधार की आवश्यकताएँ और सम्भावनाएँ क्या हैं ?

डा० ओझा ने बताया, भारत सरकार के शिक्षा एवं अन्य सम्बद्ध मन्त्रालयों और नेशनल बुक ट्रस्ट के कुछ चुने हुए प्रतिनिधियों से हमें आयोजक पक्ष का वक्तव्य लेना होगा। वे अपने उद्देश्यों पर उद्देश्य पूर्ति के साधनों और पूर्ति के परिणाम पर अपना मंतव्य देंगे। पुस्तक उद्योग के उन प्रतिनिधियों से (यथा प्रकाशक, वितरक, पुस्तक विक्रेता आदि) जो इन मेलों में भाग लेते हैं, ऐसे ही उत्तर प्राप्त किये जायेंगे। जो लोग इन मेलों में भाग नही लेते उनसे यह जानना होगा कि उनकी उपेक्षा या उदासीनता के पीछे कौन-सी विवशता या कौन से कारण हैं। अंततः जिस जनता के लिए यह आयोजन होता है, उसके दर्शक और प्रदर्शक दोनों वर्गों से उनके मनो की थाह भी लेनी होगी।

सरकार पहल करे

मानसामन संचालक ने कहा, यह अध्ययन आवश्यक है और इसके लिए सरकार को पहल करनी चाहिए। इसके लिए समय, श्रम, साधन और वित्त चाहिए। प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता चाहिए, बहुत-सी मुद्रित सामग्री चाहिए। चौथे विश्व पुस्तक मेले से इस दिशा में एक कदम उठाकर शुरूआत तो की जा सकती है, किन्तु इतना कम समय है कि यह सारा काम पूरी तैयारी के साथ नहीं हो सकता।

प्राचीनतम विश्व पुस्तक प्रदर्शनी

पश्चिमी बर्लिन में आयोजित होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक प्रदर्शनी को संसार की अपने प्रकार की प्राचीनतम प्रदर्शनी माना जाता है—यह पुस्तक मेलों से भिन्न होती है, क्योंकि इस प्रदर्शनी में पुस्तकें केवल प्रदर्शित की जाती हैं, मेलों में पुस्तकों और उनके अनुवादों के अधिकार खरीदे-बेचे जाते हैं।

इस प्रदर्शनी में प्रकाशकों के अलग-अलग संगठन प्रस्तुत नहीं होते--विषयवार पुस्तकें प्रस्तुत की जाती हैं। प्रत्येक प्रकाशक अपने नये प्रकाशन की एक-एक प्रति भेजता है। मुख्यतः जर्मन भाषा के प्रकाशक इस आयोजन में भाग लेते हैं, विदेशी भाषाओं की पुस्तकों का अलग से प्रदर्शन किया जाता है। भारत भी इस प्रदर्शनी में अपनी पुस्तकें भेजता रहता है।

बर्लिन के प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता मिल कर यह आयोजन करते हैं, लेकिन प्रदर्शनी पर होने वाले व्यय का मुख्य भार स्थानीय और राष्ट्रीय सरकारों द्वारा उठाया जाता है।

विदेशी पुस्तकें जान-बूझकर कम रखी जाती हैं, और प्रत्येक वर्ष भिन्न-भिन्न भू-भाग की पुस्तक आमन्त्रित की जाती हैं।

प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क होता है।

बाल वर्ष तो १९७९ में मनाया गया है। इस प्रदर्शनी में १९७९ में पहली बार बच्चों की पुस्तकों का विशेष संकलन सामने लाया गया था—"बुक पेराडाइज"। जिसमें ३,००० बाल साहित्य की चुनी हुई पुस्तकें रखी गयी थीं। और बच्चों के लायक छोटी-छोटी मेज-कुर्सियों की भी व्यवस्था थी। इस अवसर पर बाल साहित्य पर भाषण और गोष्ठियाँ भी हुईं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक मेले : नये पुराने संदर्भ

—मनोरंजन क्रान्छल

देश-विदेश के विद्वानों, प्रकाशकों और क्रेताओं के सम्पर्क में हम अधिकाधिक आयें और एक-दूसरे की बातें जानें—समझें और अनुभव करें कि हमारे हृदय भावनात्मक तादात्म्य से एक ही सुरताल से स्पान्दित हैं, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक-मेले तभी सार्थक हैं जब हम सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में लगातार और व्यावसायिक सम्बन्धों का विकास करें।

मेलों ही में एक प्रकाशक अपने अन्य साथियों के साथ भ्रातृत्व, सुख व आनन्द के साथ निजी सम्पर्क बनाने व मित्रता करने का सुअवसर पाता है। मेलों ही में वह 'लो' और 'दो' की भावना का आदर करता है और मित्रता के वातावरण में व्यापार-उद्योग का प्रसार करता है और समाज की आवश्यकताओं व समस्याओं को भी समझता है। मेलों से वह स्वस्थ्य परम्परा का निर्वाह करने की भी बात सोचता है और अपने व्यवसाय का नैतिक विकास करने की जिज्ञासा लेकर जाता है।

हम वाणी द्वारा सम्पर्क स्थापित करें या साहित्य द्वारा, दोनों ही दशा में हमें भाषा का एक समान माध्यम चाहिए और वह माध्यम हमारे देश के लिए हिन्दी है। अतः हिन्दी प्रकाशन के राष्ट्रीय दायित्वों की भूमिका भी पुस्तक मेलों से प्रारम्भ होती है।

अब राष्ट्रीय पुस्तक समारोहों (पुस्तक मेलों) का आयोजन अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ और दूसरे संगठनों का प्रमुख अंग बन चुका है। पुस्तक मेले और पुस्तक प्रदर्शनियाँ अब देश के लिए नई चीज नहीं, प्रश्न है उनमें दिनों-दिन नवीनता और आकर्षण लाने का। व्यावसायिक लाभ तो सदैव उनमें प्रत्यक्ष है ही, परन्तु इस प्रवृत्ति को अब गौण समझना होगा।

कुछ समय पुस्तक मेलों और प्रदर्शनियों में पुस्तक विक्रय पर कुछ विशेष रियायतें दी जानी चाहिए। प्रकाशक और उसके प्रतिनिधि विक्रेताओं को सामान्य व्यवसायिक कमीशन के अतिरिक्त उपहार और कुछ बढ़ी हुई कमीशनें इन अवसरों पर और देनी चाहिए। संघ को अपने सदस्यों द्वारा क्रेता को दी जा रही इस सुविधा के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन भी आयोजित करने चाहिए। यह विशेष आयोजन तत्काल खरीदी गयी नयी पुस्तकों के क्रेता और विक्रेता के लिए हों। इन्हीं अवसरों पर प्रवेश टिकटों के लकी डिप नम्बर लाटरी द्वारा निकाले जायें, जिससे उपहार प्राप्ति की जिज्ञासा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आगन्तुकों में बराबर बनी रहे और वह मेले के विभिन्न आयोजनों के प्रति अपनी आय बढ़ाये। यह उपहार पुस्तकें प्रतिदिन मेले की समाप्ति के बाद भी दी जा सकती हैं या फिर मेले के अन्तिम दिन, जैसा सुविधाजनक हो। सभी प्रकाशकों का सहयोग इस हेतु आयोजकों का मिलान हो।

आदान-प्रदान गोष्ठी लेखक परिचर्चा कापीराइट मुद्रणकला, चित्रणकला, प्रकाशन-व्यवसाय, व्यवसाय प्रशिक्षण-शिविर और समस्या संगोष्ठियाँ आदि-आदि के आयोजनों के साथ-साथ उत्कृष्ट साहित्य के सृजनायकों, प्रकाशकों, मुद्रकों और चित्रकारों, विक्रेताओं और क्रेताओं को भी पुरस्कृत किया जाये। यहाँ यह ध्यान देना अति आवश्यक होगा कि ये सब कुछ विशेषों तक ही सीमित न रह जायें।

पुस्तक मेले और प्रदर्शनियों में पुस्तकों का प्रचार बढ़ाने के विक्रेताओं को अपना कार्य बुद्धिमत्ता के साथ करना चाहिए। उन्हें चाहिए कि पाठकों के हाथ में कोई भी पुस्तक देने से पूर्व यह ज्ञान प्राप्त करले कि पाठक किस योग्यता और किस रुचि का है। उसे कौन-सी चीज का पुस्तक अपनी ओर आकृष्ट करके अध्ययनशील बनाने में समर्थ होगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रकाशक विक्रेता को पुस्तक मेले। प्रदर्शनियों में अपने प्रकाशकों को लाने से पूर्व बाजार में भी प्रदर्शित कर देना चाहिए उस प्रदर्शन का पहले से पर्याप्त प्रचार विभिन्न माध्यमों द्वारा करना चाहिए ताकि लोग नयी पुस्तकें देखने आयें और लाभान्वित हों।

पर्वों पर पुस्तक प्रदर्शनियाँ

कभी-कभी पुस्तक मेले और प्रदर्शनियाँ विशेष पर्व अथवा त्यौहारों पर भी आयोजित किये जा सकते हैं। ऐसे सुअवसरों हेतु कलात्मक मण्डपों, पूर्ण सज्जायुक्त स्थलों हेतु उपयुक्त पुस्तकों का चुनाव और प्रदर्शन बड़ा महत्वपूर्ण है। पाठ्य पुस्तकें इन अवसरों हेतु अनुपयुक्त होंगी। अतः वह बहुत कम खरीदी जायेंगी। वास्तव में ऐसे अवसरों हेतु विभिन्न विषयों पर टकसाली, धर्म विषयक तथा कम मूल्य की पुस्तकें ही अधिक उपयोगी होंगी जो वहाँ काफी खरीदी जा सकती हैं। पुस्तकों पर अधिक कमीशन, उपहार तथा विक्रेता को पुस्तकों की पूरी जानकारी ग्राहकों को आकृष्ट कर सकने में सक्षम होगी।

राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय पुस्तक समारोहों, बृहत पुस्तक-मेलों प्रदर्शनियों में हमें अपने ही देश की विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित साहित्य का परिचय, तुलनात्मक अध्ययन साहित्य, सांस्कृतिक परम्परा और विचारधारा, हिन्दी द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं से ग्रहण करने की प्रवृत्ति तथा एकता अथवा राष्ट्रीयकरण के लिए प्रकाशित साहित्य की विस्तृत सूची आदि का प्रचारात्मक साहित्य, पोस्टर समाचार, साप्ताहिक पत्रों के विशेषांक, विज्ञापन आदि पाठकों को आकृष्ट करने हेतु प्रकाशित कराने चाहिए। इससे जो मण्डप व हिन्दी भाषा प्रदर्शन कक्ष लगाये जा रहे हैं, तभी उनका प्रदर्शन सार्थक होगा।

पुस्तक मेलों और प्रदर्शनियों में अधुनात्मक उपकरणों (मुद्रण यन्त्रों, नवीन कार्यक्रमों के नमूने, दफ्तरी कौशल) का प्रदर्शन और कार्यरत प्रेस भी आगे के लिए कौतूहल का विषय सदैव रहेगा।

मेले प्रगति के द्योतक हों, भारतीय-उद्योग को बढ़ा सकें। तभी लक्षित उद्देश्य हमारे बढ़ते कदम के सार्थक होंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक मेले और शिक्षा प्रसार

—शिवरतन थानवी

पिछले कुछ वर्षों से देश में कई बड़े शहरों में राष्ट्रीय पुस्तक मेले और विश्व-पुस्तक-मेले आयोजित होने लगे हैं। बम्बई का राष्ट्रीय पुस्तक मेला और दिल्ली का विश्व-पुस्तक-मेला देखने का मुझे भी अवसर मिला है। इन पुस्तक मेलों से कई नयी पुस्तकों की सूचना मिलती है और दूर-दूर के स्थानों के लेखकों, प्रकाशनों और कलापूर्ण मुद्रण कार्यों के सम्बन्ध में हमारा ज्ञान बढ़ता है।

इन पुस्तक मेलों से जो हमें लाभ प्राप्त हुए हैं उन्हें देखते हुए विचार आता है कि क्या हमारे राज्यों में जिला-स्तरों पर और उससे भी आगे शहरों और गाँवों में क्या हम कभी पुस्तक मेले लगा सकेंगे? इन पुस्तक मेलों से समाज के कई वर्गों को कई प्रकार से लाभ होता है। प्रकाशनों का स्तर उठता है, लेखकों को नये लेखन की प्रेरणा मिलती है और विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को महत्वपूर्ण नये प्रकाशनों की सूचना मिलती है तथा प्रसिद्ध और अनुपलब्ध पुराने प्रकाशनों के बारे में भी ज्ञान बढ़ता है।

यदि हम पुस्तक मेलों का और अधिक लाभ उठाना चाहें तो शिक्षा प्रसार के राष्ट्रीय निर्माणकारी महत्वपूर्ण कार्यों में इसके अनवरत उपयोग पर भी विचार कर सकते हैं। पुस्तकों की सूचना के वर्तमान स्रोत इतने क्षीण हैं कि हमारे अध्यापकों और शिक्षा अधिकारियों को समाचार-पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों और पुस्तक समीक्षाओं से ही सन्तोष करना पड़ता है। प्रकाशक सभी विद्यालयों को अपने ताजे प्रकाशनों की सूचियाँ भेज सकें, यह सम्भव कम है। दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समीक्षाओं के स्तम्भ पर्याप्त मात्रा में प्रकाशित नहीं हुआ करते हैं। हिन्दी में केवल दो पत्रिकाएँ ऐसी हैं जो पूर्णतया पुस्तक समीक्षाओं को समर्पित हैं और वे भी बहुत कम संख्या में अध्यापकों को या शिक्षा अधिकारियों को पहुँच पाती हैं। एक तो कारण यह है कि अध्यापकों में और शिक्षा अधिकारियों में और अन्य सामान्य पाठकों में पुस्तक समीक्षाओं की पत्रिकाओं के प्रति अभी विशेष उत्साह जागृत नहीं हुआ है। दूसरे पुस्तक समीक्षा का कार्य भी अभी इतना विकसित नहीं हुआ है कि नयी-नयी पुस्तकों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और पुराने ग्रन्थों के नाना-पहलुओं को रोचक रूप से पाठकों के सामने प्रस्तुत किया जा सके। फिर भी जो कुछ हो रहा है वह बहुत उपयोगी है और उससे पुस्तकों में पाठकों की रुचि जागृत करने में काफी मदद मिलती है। पुस्तक समीक्षा हो या प्रकाशकों के विज्ञापन हो, पाठकों को जितना सन्तोष पुस्तक देखकर होता है उतना मात्र सूची देखकर या समीक्षा पढ़कर नहीं हो सकता। यदि हम शहरों और गाँवों तक पुस्तक मेलों को ले जा सकेंगे तो न केवल अध्यापकों और शिक्षा अधिकारियों की कठिनाइयों को ही दूर कर सकेंगे बल्कि विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों तथा सामान्य-जन को भी पुस्तकों के पठन की ओर ज्यादा प्रभावशाली रूप में आकर्षित कर सकेंगे।

देश के सभी राज्यों की सरकारों को, शिक्षा विभागों को और साहित्य अकादमियों तथा प्रकाशकों को मिलकर इस दिशा में जरूर विचार करना चाहिये।

हमें यह याद रखना चाहिए कि शिक्षा केवल कक्षा में अध्यापक के भाषण से ही सम्पन्न नहीं होती है। हमें यह भी याद रखना चाहिये कि शिक्षा की प्रक्रिया विद्यालय या महाविद्यालय की दीवारों तक ही सीमित नहीं हुआ करती। हमने यह स्वीकार कर लिया है कि शिक्षा जीवन भर अनवरत रूप से चल सकती है, चलनी चाहिये। इसी को दृष्टि में रख कर राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ है और अनौपचारिक शिक्षा के केन्द्र भी अनेक स्थानों पर चलाये जा रहे हैं। लेकिन पुस्तक अपने आप में अनौपचारिक शिक्षा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपादान है। पुस्तक मेलों से न केवल विद्यालयों और महा-विद्यालयों के अध्यापकों या विद्यार्थियों का ही लाभ होगा बल्कि समाज शिक्षा का भी एक बहुत बड़ा कार्य इससे सम्पन्न होगा। पुस्तक मेलों में जूते गांठने वाले भी आयेंगे, किसान भी आयेंगे, गृहणियां भी आयेंगी और होटलों में काम करने वाले बच्चे भी आयेंगे। जो भी आयेंगे अपनी रुचि की पुस्तक देखेंगे, खरीदकर पढ़ने को उत्सुक होंगे और नयी रुचियों की प्रेरणा भी लेकर जायेंगे।

इन सबसे अलग एक और वर्ग है जिसको राष्ट्रीय मेलों से या विश्व-पुस्तक मेलों से अभी कोई लाभ नहीं पहुँच रहा है वे हैं हमारे सार्वजनिक पुस्तकालय। सार्वजनिक पुस्तकालय स्वयं अपने आप में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र हुआ करते हैं। वे सारे समाज के लिए सूचना और प्रेरणा के स्रोत होते हैं। इन पुस्तकालयों को नयी पुस्तकों की सूचना ये पुस्तक मेले जितने प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं उतना और कोई नहीं दे सकता है। पुस्तक मेलों को शहरों और गाँवों तक ले जाने का प्रबन्ध हो तो इन सार्वजनिक पुस्तकालयों के संचालक भी बहुत थोड़े समय में अच्छी पुस्तकों की प्रत्यक्ष सूचना प्राप्त कर सकेंगे। यदि हम इन पुस्तक मेलों को शिक्षा प्रसार का महत्वपूर्ण अंग मानते हैं तो हमें इनके आयोजन के लिए राज्य-सरकारों और शिक्षा विभागों को प्रेरित करना चाहिये कि वे इसके आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें और इनके जरिये शैक्षिक उन्नति का नया मार्ग प्रशस्त करें। जब पुस्तक मेले आयोजित होने लगेंगे तो प्रकाशकों को और शिक्षकों को ज्ञात होगा कि शिक्षा का कितना कम साहित्य प्रकाशित हुआ है और हमारे शिक्षकों के लिए कैसे ग्रन्थ प्रकाशित करना ज्यादा लाभकारी रहेगा। अब स्थिति यह है कि हमारे अनेक विद्यालयों के प्रधानध्यापकों और अध्यापकों को राष्ट्रीय नेशनल बुक ट्रस्ट, चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट और अन्य कई प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित उच्चकोटि के बाल-साहित्य की कोई सूचना ही नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश में बहुत अच्छी बालोपयोगी और किशोरोपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। कई नये लेखक सामने आये हैं, कई अच्छे कलाकार आकर्षक ढंग से बाल-साहित्य के चित्र बनाने लगे हैं और मुद्रण के विकास के साथ बहुरंगी मुद्रण सुन्दर ढंग से होने लग गये हैं। लेकिन हमारे नन्हें पाठकों को इसका उतना लाभ नहीं पहुँचा है जितना पहुँचना चाहिए था। जब तक अध्यापकों को सूचना नहीं होगी और वे अपने विद्यार्थियों तक नये बाल-साहित्य ले जाने को उत्प्रेरित नहीं होंगे तब तक हमारे नये प्रकाशनों का प्रसार भी नहीं हो सकेगा। जब हम राज्यों में स्थान-स्थान पर पुस्तक मेले आयोजित करने लगेंगे तब सुन्दर पुस्तकें, उपयोगी पुस्तकें और प्रेरक पुस्तकें अधिक संख्या में क्रय की जाया करेंगी। ●

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतुल-आलोक प्रकाशन की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

●

उपन्यास

● बड़ा आदमी	—यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'	12·00
● बहत्तर साल का बच्चा	—आबिद सुरती	12·00
● अन्त नहीं	—इन्दिरा	15·00
● अनन्तश्री	—इन्दिरा	10·00

नाटक

● टगर (सम्पूर्ण)	—विष्णु प्रभाकर	6·00
● डरे हुए लोग (मंचीय एकांकी संग्रह)	—विष्णु प्रभाकर	12·00

कहानी

● ठण्डा गोश्त	—सआदत हसन मंटो	12·00
● आदमी अंधा है	—बन्शीलाल यादव	7·00

बाल-साहित्य

● गुड़िया खो गई	—विष्णु प्रभाकर	4·50
● भारत की लोक कथायें	—बच्चू प्रसाद सिंह	4·50
● सिर झुकता है	—यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'	4·30
● कहावतों की कहानियाँ	—सुरजीत	4·50
● रोचक पहेलियाँ	—सुरजीत	4·50
● दो और दो पाँच (बाल एकांकी)	—मिर्जा अदीब	4·50
● नानी अम्मा की ऐनक बाल एकांकी	—मिर्जा अदीब	4·50

सम्पर्क सूत्र

शब्दकार

२२०३, गली, डकोतान, तुर्कमान गेट, दिल्ली-६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा, भाषाविज्ञान एवं अनुवाद से सम्बन्धित उपयोगी पाठ्य तथा मानक संदर्भ ग्रंथ

●

- हिन्दी वर्तनी की समस्याएँ—डॉ० भोलानाथ तिवारी, किरणबाला २०.००
- काव्यानुवाद की समस्याएँ—डॉ० भोलानाथ तिवारी, महेन्द्र चतुर्वेदी २०.००
- अनुवाद की व्यावहारिक समस्याएँ —डॉ० भोलानाथ तिवारी —डॉ० ओमप्रकाश बाबा १६.००
- पारिभाषिक शब्दावली : कुछ समस्याएँ—डॉ० भोलानाथ तिवारी महेन्द्र चतुर्वेदी २२.५०
- अनुवाद विज्ञान (तीसरा सं० प्रेस में)—डा० भोलानाथ तिवारी १५.००
- शैली विज्ञान —डॉ० भोलानाथ तिवारी २५.००
- कोश विज्ञान —डॉ० भोलानाथ तिवारी १६.००
- हिन्दी ध्वनियाँ और उनका उच्चारण —डॉ० भोलानाथ तिवारी १६.००
- भाषा विज्ञान प्रवेश —डॉ० भोलानाथ तिवारी १६.०० छा० सं० ३.०० पु० सं० ४.००
- हिन्दी और बंगला भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन—डॉ० संतोष जैन १५.००
- व्यावहारिक पर्याय कोश —महेन्द्र चतुर्वेदी, ओमप्रकाश बाबा १२.००

प्रत्येक पुस्तकालय के लिए अनिवार्य तथा अपरिहार्य

●

शब्दकार

●

२२०३, गली उकौतान, तुर्कमान गेट, दिल्ली-११०००६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

078050

शब्दाकार की आगामी महान उपन्यास-उपलब्धियाँ

●

● **कोई तो** — **विष्णु प्रभाकर** — 25·00 (अनु.)

'आवारा मसीहा' के बाद विष्णुजी की चिर-प्रतीक्षित विशिष्ट औपन्यासिक कृति……हमारे समाज की आडम्बरपूर्ण स्थिति के संदर्भ में भारतीय नारी की विडम्बनापूर्ण नियति……मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर एक महान मानवीय गाथा।

● **वही बात** — **कमलेश्वर** — 10·00 (अनु)

'रविवार' साप्ताहिक में धारावाहिक रूप में प्रकाशित कमलेश्वर का बहुचर्चित उपन्यास……कमलेश्वर का अपना अंदाज़े बयां, वही पैनी शैली और प्रखर अनुभूति की बेबाक अभिव्यक्ति।

● **सोमाचरित** — **रमेश सिन्हा** — 25·00 (अनु.)

क्लासिकी लोककथा शैली में एक अतिकाल्पनिक, [Fantacy) अद्भुत प्रतीक-उपन्यास……आज की स्थितियों और परिस्थितियों के परिवेश में आगामी कल की प्रस्तावना……ट्रीटमेंट की दृष्टि से यह उपन्यास एक विशिष्ट उपलब्धि सिद्ध होगा।

● **छाले (आबले-पा)** — **रजिया फसीह अहमद** — 25·00 (अनु.)

पाकिस्तान के सर्वोच्च 'आदमजी' पुरस्कार से अलंकृत एक बहुचर्चित तथा बहु-प्रशंसित और निःसन्देह एक बेहतरीन उर्दू उन्यास।

● **ऐवाने गजल** — **जिलानी बानो** — 25·00 (अनु)

हैदराबाद की जिन्दगी—विशेषतः के आभिजात्य वर्ग—पर एक प्रामाणित दस्तावेज……इस दशक का श्रेष्ठतम उपन्यास—जिसे उर्दू साहित्य की महान उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दी वाङ्मय में एक नयी संवृद्धि !
लगभग तीस वर्ष के सतत् परिश्रम का सुफल !!

●

बृहद् लोकोक्ति कोश

डॉ० भोलानाथ तिवारी

●

- पहली बार हिन्दी की लगभग ५९ हजार लोकोक्तियों का विशाल संग्रह
- हिन्दी क्षेत्रीय बोलियों तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं की लोकोक्तियों के पारस्परिक सम्बन्धों पर तुलनात्मक विवेचन।
- पृष्ठ संख्या : आठ सौ (लगभग)
- आकार : डबल डिमाई (२३×३६/१६)
- मूल्य : एक सौ पच्चीस रुपये (अनुमानित)

पुनश्चः—सितम्बर-अक्तूबर में इस कोश से सम्बन्धित विस्तृत योजना की घोषणा की प्रतीक्षा करें।

●

शब्दकार

★

२२०३, गली उकीतान, तुर्कमान गेट: दिल्ली-११०००६

अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक, राजेन्द्र शंकर भट्ट, स्फटिक संस्थान, द्वारा फ्रेन्डस प्रिन्टर्स तथा स्टेशनर्स, जयपुर की ओर से प्रेम चन्द जैन द्वारा प्रेम इलैक्ट्रिक प्रेस, 1/11 साहित्य कुंज आगरा-2 में मुद्रित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

उच्चस्तरीय शिक्षण संस्थाओं के लिए संग्रहणीय साहित्यक ग्रंथ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोश

बदरी प्रसाद साकरिया	● राजस्थानी हिन्दी शब्द कोश प्रथम खण्ड	65·00
कानोड़िया एवं अग्रवाल	● राजस्थानी कहावत कोश	60·00

शोध आलोचना

डा० सरजूप्रसाद मिश्र	● नाटककार लक्ष्मीनारायण लाल	40·00
,, हरिचरण शर्मा	● सर्वेश्वर का काव्य : संवेदना और संप्रेषण	35·00
,, हरिचरण शर्मा	● नये प्रतिनिधि कवि	40·00
,, सुदेश बत्रा	● अमृतलाल नागर : व्यक्तित्व, कृतित्व एवं सिद्धान्त	60·00
,, चन्द्रभानु सौनवणे	● कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु	30·00
,, चन्द्रभानु सोनवणे	● धर्मवीर भारतीय का साहित्य : सृजन के विविध रंग	30·00
,, जी० टी० अष्टेकर	● कटघर का कवि 'धूमिल'	30·00
,, सत्यव्रत	● भारतीय राष्ट्रभाषा : सीमाएँ तथा समस्याएँ	40·00
,, मनमोहन सहगल	● हिन्दी शोधतंत्र की रूपरेखा	20·00
,, सुष्मा अग्रवाल	● कहानीकार मोहनराकेश	20·00
क्मिला कुमारी पंडिता	● उपन्यासकार मोहन राकेश	15·00
डा० कुलदीपचन्द्र गुप्त	● उपन्यासकार उपेद्रनाथ अश्क	35·00
प्रो० प्रभाकर शर्मा	● नरेश मेहता का काव्य विमर्श और मूल्यांकन	20·00
डा० वीरेन्द्रसिंह	● मुक्तिबोध : काव्यबोध का नया परिप्रेक्ष्य	15·00
पुष्पलता राठौर	● मुक्तिबोध का आलोचना सिद्धान्त	20·00
प्रो० सूर्यनारायण रणसुभे	● कहानीकार कमलेश्वर : संदर्भ और प्रकृति	20·00
डा० रामकिशन सैनी	● आधुनिक हिन्दी महाकाव्यों में पाश्चात्य चिन्तन	65·00
,, काशीनाथ मिश्र	● रसिक बिहारी कृत रामरसायन	35·00
,, कृष्ण मजीठिया	● हिन्दी के तिलस्मी व जासूसी उपन्यास	30·00
,, रामकुंवरसिंह	● पश्चिमी भोजपुरी और गुजराती की क्रियाएँ	30·00
,, डा० जी० टी० अष्टेकर	● भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवं विष्णुशास्त्री चिपलूणकर	45·00
,, विजय कुलश्रेष्ठ	● जैनेन्द्र : उपान्यास और कला	15·00
,, चन्द्रभानु सोनवणे	● भारतेन्दु के विचार एक पुनर्विचार	12·00
,, शुभूसिंह मनोहर	● वचनिका राठौड़ रतनसिंहजी महेसदासोतरी	90·00
,, रूक्मिणी वैश्य	● कुशललाभ के कथा साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन	50·00
,, एल० डी० जोशी	● बागड़ी बोली का स्वरूप और उसका तुलनात्मक अध्ययन	25·00
प्रो० भूपतिराम साकरिया	● महाकवि पृथ्वीराज राठौर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	40·00

विविध

शकर पुणताम्बेकर	● कैक्टस के कांटे (व्यंग्य)	20·00
विश्वम्भरनाथ उपाध्याय	● कबन्ध (कविता संग्रह)	15·00

पंचशील प्रकाशन

फिल्म कॉलोनी, जयपुर-302003

दूरभाष : 65072

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत के 15,000 (पन्द्रह हजार) से अधिक पुस्तक विक्रेताओं, पब्लिशरों, न्यूजपेपर एजेंटों की सेवा में अर्द्ध-शताब्दी से कार्य-रत

देहाती पुस्तक भण्डार का परिचय और उद्देश्य

देहाती पुस्तक भण्डार की स्थापना सन् 1936 में दृढ़ संकल्प तथा अत्यल्प पूंजी के साथ हुई थी। यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि हमें आशातीत सफलता मिली है और इस सफलता के निम्नलिखित कारण हैं :

● उस न्यायशील परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा व भागीदारों का परस्पर सहयोग। ● दृढ़ संकल्प के लिए सतत भगीरथ प्रयत्न तथा क्वान्टिटी व क्वालिटी वर्क। ● अपने व्यापारियों एवं समस्त ग्राहक बन्धुओं के आर्डर की सुरक्षा मोती की भाँति करने के कारण उनका हार्दिक सहयोग तथा प्रेमपूर्ण सद्व्यवहार। ● अत्यल्प लाभ, जनरुचि का पूरा ध्यान, सही विज्ञापन का तरीका तथा व्यापार में सच्चाई व ईमानदारी। ● हमने सभी विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित की हैं मगर टैक्निकल, इण्डस्ट्रियल, ऐग्रीकल्चरल, चिकित्सा, ज्योतिष, पूजा पाठ, कर्मकाण्ड, प्राचीन यंत्र-तंत्र मंत्र शास्त्र, धार्मिक व स्त्रियोपयोगी साहित्य का विशेष प्रकाशन किया है।

टैक्निकल बुक डिपो, S. K. महिला प्रकाशन, कन्सल्टैन्ट्स कार्पोरेशन आफ इण्डस्ट्रीज (ऑफिस C. C. I. दिल्ली), दफ्तर पुस्तक सन्देश, आफिस टाइनी इण्डस्ट्रीज तथा आफिस इण्डस्ट्रियल प्राबलम्स भी हमारी ही कॉलबोरेशन से चलने वाली फर्में हैं।

व्यापारी बन्धुओ! भण्डार का नया 48वाँ व्यापाराना थोक सूची-पत्र आपके पास पहुँचा होगा। इस प्रकार के व्यापाराना सूची-पत्र काफी महँगे व परेशानी से वर्ष भर में केवल एक बार ही छप पाते हैं। यदि आपके पास थोक मूल्य का माँग-पत्र न पहुँचा हो तो आज ही पत्र लिखकर 49वाँ थोक सूची-पत्र निःशुल्क मँगा लें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Compiled
1999-2000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar